3 बस्तर संभाग
पहले सावन सोमवार को कोपेबेड़ा शिवमंदिर में लगा...

6 अभिमत
मध्यस्थता धनराशि की प्रतीक्षा में केयर्न

10 संस्कारधानी
सोसाइटियों में तालाबंदी : किसान पहले की खाद की...

11 खेल
गोल्ड मे बदल सकता है मीराबाई चानू का सिल्वर...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
# पायनियर
www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 27 जुलाई 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 336 मूल्य 3.00 ₹

# छत्तीसगढ़ की सियासत में हाई प्रोफाइल ड्रामा, बुरे फंसे बृहस्पति सिंह

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ की सियासत में इन दिनों भूचाल आ गया है, और आये भी क्यों न सत्ताधारी दल के विधायक बृहस्पति सिंह ने अपने ही पार्टी के कद्दावर नेता टीएस सिंहदेव पर गंभीर आरोप लगाते हुए मीडिया के कैमरे में सार्वजनिक तौर पर बयान दिया। उन्होंने अपने बयान में आरोप लगाते हुए साफ तौर पर कहा कि टीएस सिंहदेव उनकी हत्या करा सकते हैं उन्होंने कहा हमले के पीछे टीएस सिंहदेव का हाथ है। सिंहदेव विधायकों का अपमान करते हैं। बृहस्पति सिंह यहीं नहीं रुके उन्होंने कहा अगर हत्या कराने ने सिंहदेव मुख्यमंत्री बन सकते हैं तो उन्हे ये पद मुबारक। लेकिन आज के घटनाक्रम ने पूरा वाकया पलट कर रख दिया। कहते हैं कि एक बार शब्द जुबां से निकल जाए तो वापस नहीं आते, वहीं हाल अब बृहस्पति सिंह के है। बृहस्पति सिंह ने घटनाक्रम के एक दिन बीत जाने के बाद मीडिया को इकट्ठा कर टीएस सिंहदेव पर हमला क्यों बोला इसकी वास्तविकता क्या है? इसके पीछे वजह क्या है? यह तो वहीं जानेंगें। लेकिन विपक्ष इस अवसर को किसी भी हाल में हाथ से जाने नहीं देना चाहता। मामले को लेकर दिनभर सड़क से लेकर सदन तक चर्चा होती रही।



## विधानसभा में हंगामा

बृहस्पति सिंह मामले को लेकर सदन में जमकर हंगामा हुआ। विपक्ष ने इस मामले को लेकर विधानसभा समिति गठित कर जांच करने की मांग की। सदन में हंगामा की वजह से पहले 5 मिनट फिर 3 बजे तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। 3 बजे जैसे ही कार्यवाई शुरु हुई विपक्ष ने फिर से अपनी मांग दोहराई तथा विधानसभा अध्यक्ष से पीड़ित पक्ष को सुनने की मांग की। अध्यक्ष ने कहा मैंने आपकी बात सुन ली अब इस विषय पर सरकार का पक्ष लूंगा। लेकिन विपक्ष पीड़ित पक्ष को सुनने की मांग पर अडिग रहा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ महंत ने कहा कोई भी निर्णय एक पक्ष को सुनकर नहीं किया जा सकता। अध्यक्ष ने कहा बृहस्पति सिंह ने खुद यह घटना सदन को नहीं बताई।

## बृहस्पति सिंह को निष्कासित करने की मांग

सरगुजा संभाग के कांग्रेस संगठन के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, पूर्व जनप्रतिनिधियों ने रामानुजगंज विधायक बृहस्पति सिंह के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित कर उन्हें कांग्रेस से निष्कासित करने की मांग की है। शुरुआती चुप्पी के बाद अब टीएस सिंह देव समर्थकों ने बृहस्पति सिंह के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। उनके गृह जिले बलरामपुर सहित, सरगुजा, सूरजपुर और कोरिया जिला की जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारियों, कांग्रेस के सभी अनुशांगिक संगठनों के पदाधिकारियों, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, पार्षदों, जिला और जनपद सदस्यों पूर्व विधयकों ने अलग-अलग बैठक कर निंदा प्रस्ताव पारित कर कांग्रेस हाइकमान को पत्र भेज कर बृहस्पति सिंह के निष्कासन की मांग की। सरगुजा जिला मुख्यालय में सरगुजा जिले के कांग्रेसजनों की बैठक हुई। 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने निंदा प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए कहा कि बृहस्पति सिंह अनर्गल, तथ्य हीन और निराधार बातें कर न सिर्फ टीएस सिंह देव बल्कि कांग्रेस कमजोर कर रहे हैं। सरगुजा सहित प्रदेश की जनता वृहस्पति सिंह के चरित्र तथा टीएस सिंह देव के कार्य व्यवहार को बखूबी समझती है।



### सभी को सुरक्षा देना सरकार की जिम्मेदारी : भूपेश



विपक्ष के हंगामे के बीच मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सरकार की ओर से बयान दिया। उन्होंने कहा, सभी विधायकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सरकार की है। इसमें कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। विपक्ष के आक्रामक रुख की वजह से वे अपनी पूरी बात नहीं कह पाए। हंगामा जारी रहा। उसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही को भोजनावकाश तक के लिए स्थगित कर दिया।

### कांग्रेस दल नहीं दलदल है- रमन सिंह



पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने ट्वीट कर कहा कि कांग्रेस कोई दल नहीं दलदल है। रमन सिंह ने ट्वीट करते हुए लिखा कि बृहस्पति सिंह समेत अन्य विधायकों की खींचतान से यह साबित हो गया कि विधायक दल के नेता होने के नाते भूपेश बघेल से न विधायक सम्भल रहे और न ही छत्तीसगढ़। रमन सिंह यहीं नहीं रुके उन्होंने तीखा प्रहार करते हुए कहा कि वह कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस सरकार चलाने में असक्षम और असफल है।

### संसदीय कार्यमंत्री को विपक्ष ने बोलने तक नहीं दिया



विपक्ष के हंगामे के बीच संसदीय कार्य मंत्री रविंद्र चौबे ने इस मामले में हुई कार्रवाई की जानकारी देना शुरू किया। लेकिन हंगामे के बीच उनकी बात सुनाई नहीं दे रही थी। विपक्ष ने उन्हें बोलने नहीं दिया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने बार-बार हंगामा शांत कराने की कोशिश की लेकिन विपक्ष सदन की जांच कमेटी की मांग पर अड़ा रहा।

### पुनिया पहुंचे विधानसभा



बृहस्पति सिंह के बयान के बाद सियासी ड्रामा यहीं नहीं रुका प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया विधानसभा पहुंचे वहां पर बारी-बारी से बृहस्पति सिंह, टीएस सिंहदेव, चिंतामणि महराज तथा सीएम भूपेश बघेल से अकेले मे काफी देर तक चर्चा की। हालांकि इस मामले को लेकर नतीजा क्या निकला स्पष्ट नहीं हो सका है। लेकिन पीएल पुनिया समेत सभी नेता मीडिया से बचते नजर आये।

### देश का पहला मामला, एक विधायक ने अपने ही पार्टी के मंत्री पर जान से मारने का आरोप लागाया : कौशिक



नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा यह देश में पहला ऐसा मामला है जिसमें एक विधायक ने अपनी ही पार्टी के मंत्री पर जान से मारने की कोशिश का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा इस मामले को हल्के में लेने की जरूरत नहीं है। तत्काल सदन की एक कमेटी बनाई जाए जो मामले की जांच करे। उन्होंने कहा जब सत्ता पक्ष के विधायकों के साथ ऐसा हो सकता है तो विपक्ष के विधायक कहां तक सुरक्षित हैं।

### पहले भी इसी सदन में अखबारों की कतरन से चर्चा हुई है : धरमजीत



जनता कांग्रेस से वरिष्ठ विधायक धर्मजीत सिंह कहा ने इसी सदन में पहले भी अखबारों की कतरन से चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि अब ये मुद्दा राज्य का नहीं रहा राष्ट्रीय स्तर का हो गया है, ऐसे में विपक्ष की मांग पर विचार किया जाना चाहिए।

## मोदी ने कारगिल के शहीदों को याद किया



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कारगिल के शहीदों के बलिदान को याद करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है। कारगिल विजय दिवस 1999 की कारगिल लड़ाई में शहीद हुए देश के रणबांकुरो के सम्मान में हर वर्ष 26 जुलाई को मनाया जाता है। प्रधानमंत्री ने सोमवार को एक ट्वीट संदेश में कहा,÷हम उनके बलिदान को याद करते हैं। हम उनकी वीरता को याद करते हैं। आज कारगिल विजय दिवस पर हम अपने उन सभी शहीदों को श्रद्धांजलि दे रहे हैं जिन्होंने राष्ट्र की रक्षा करते हुए कारगिल में अपने प्राणों को न्यौछावर किये।

## ट्रैक्टर से संसद पहुंचे राहुल गांधी




वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी कृषि संबंधी तीनों कानून वापस लेने की मांग करते हुए सोमवार को ट्रैक्टर से संसद भवन पहुंचे और कहा कि यह तीनों कानून किसान विरोधी हैं इसलिए इन्हें वापस लेना ही पड़ेगा। श्री गांधी ने कहा कि यह तीनों कानून किसानों के खिलाफ है और इनको वापस लेने के सिवा कोई विकल्प नहीं है इसलिए इन्हें तत्काल रद्द किया जाना चाहिए। श्री गांधी जिस ट्रैक्टर से संसद भवन पहुंचे उसके आगे लगे बैनर पर लिखा था कि सरकार किसान विरोधी तीनों कृषि कानूनों को वापस ले। कांग्रेस नेता के इस अंदाज से संसद पहुंचने कर साफ हो गया है कि इस सप्ताह भी संसद में कामकाज होने वाला नहीं है और जिस तरह से पिछला पूरा सप्ताह हंगामे की भेंट चढ़ गया इस सप्ताह भी संसद में वही नजारा दोबारा देखने को मिलेगा। कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दलों ने पिछले सप्ताह लगभग सभी दिन संसद भवन परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति के समक्ष लगभग हर दिन सुबह संसद शुरू होने से पहले विरोध प्रदर्शन किया और कृषि संबंधित तीनों कानूनों को वापस लेने की मांग की और फिर सदन में हंगामा हुआ जिसके कारण पूरे सप्ताह संसद नहीं चल पाई।

## विपक्ष के हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

पेगासस जासूसी, महँगाई और किसानों के मुद्दों पर लोकसभा में विपक्षी सदस्यों के भारी हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही सोमवार को दिन भर के लिए स्थगित कर दी गयी। तीन बार के स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही चौथी बार तीन बजे जैसे ही आरंभ हुई कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, वामदल तथा कुछ अन्य विपक्षी दलों के सदस्य फिर से नारेबाजी करते हुए पीठासीन अधिकारी रमा देवी के आसन के समक्ष आ गये। शोर शराबे के बीच ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने फेक्टर विनियमन ( संशोधन ) विधेयक 2020 को विचार और पारित करने के लिए सदन के समक्ष प्रस्तुत किया। संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने शोर शराबा कर रहे विपक्षी सदस्यों से अपील करते हुए कहा, ÷जनता के पैसों से सदन की कार्यवाही चलती है इसलिए सदन का हर एक मिनट कीमती है। कृपया सदन का महत्वपूर्ण समय बर्बाद मत कीजिए। इस महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा में भाग लीजिये। देवी ने भी हंगामा कर रहे सदस्यों से अपनी सीट पर लौट जाने का आग्रह करते हुए कहा कि आप जनता के प्रतिनिधि हैं, कृपया चर्चा में भाग लीजिये। विपक्षी सदस्यों के शोर शराबे के बीच ही श्रीमति देवी ने फेक्टर विनियमन ( संशोधन ) 2020 और राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता और प्रबंध संस्थान विधेयक 2021 को बिना चर्चा के ही ध्वनि मत से पारित कर दिया।

इसके बाद भी विपक्षी दलों के सदस्य सदन में हंगामा करते हुए कार्यवाही को बाधित करने की कोशिश करते रहे। शोर शराबा बढ़ता देख श्रीमति देवी ने सदन की कार्यवाही को मंगलवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

### विपक्ष के शोर शराबे से राज्यसभा की कार्यवाही बाधित

विपक्षी दलों के सदस्यों ने पेगासस जासूसी मामले और कृषि कानूनों को लेकर सोमवार को राज्यसभा में भारी शोरशराबा किया जिसके कारण सदन की कार्यवाही चार बार के स्थगन के बाद पांच बजे तक स्थगित करनी पड़ी। इससे पहले भी विपक्ष के हंगामे के कारण कार्यवाही पहले 12.00 बजे तक, 2.00 बजे तक, तीन बजे तक और फिर पांच बजे तक स्थगित की गई। विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण मानसून सत्र में अब तक एक दिन भी शून्यकाल और प्रश्नकाल की कार्यवाही नहीं हो सकी है। चार बार के स्थगन के बाद चार बजे सदन की कार्यवाही शुरू करते हुए पीठासीन अधिकारी डा.सस्मित पात्रा ने 'नौचालन के लिए सामुद्रिक सहायता विधेयक 2021' पर चर्चा फिर से शुरू कराने का प्रयास किया तो कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और वाम दलों के सदस्य सभापति के आसन के समक्ष आकर नारेबाजी करने लगे।

## येदियुरप्पा का मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा, नये नाम की घोषणा जल्द

एजेंसी < बेंगलुरु
www.dailypioneer.com



कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को अपनी बदौलत सत्ता में लाने वाले निवर्तमान मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा के पद से इस्तीफा देने के बाद पार्टी के केंद्रीय नेताओं की ओर से राज्य के नये नेता के नाम की घोषणा जल्द किये जाने की संभावना है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक येदियुरप्पा की जगह लेने के लिए कई नाम हैं, जिनमें केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी, कर्नाटक विधानसभा अध्यक्ष विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी, राज्य के गृह मंत्री एस आर बोम्मई, खनन मंत्री मुरुगेश निरानी और कुछ अन्य नेता शामिल हैं। भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि केंद्रीय भाजपा नेता जिन्होंने श्री येदियुरप्पा को पद छोड़ने का निर्देश दिया हाेगा, उनके प्रस्ताव में एक निश्चित नाम होना चाहिए और बहुत जल्द वे इसकी घोषणा कर सकते हैं। राजभवन में राज्यपाल टी सी गहलोत को अपना इस्तीफा सौंपने के बाद श्री येदियुरप्पा ने संवाददाताओं से कहा कि राज्यपाल ने मेरा इस्तीफा स्वीकार कर लिया है।

### पद छोड़ने के लिए किसी का दबाव नहीं: येदियुरप्पा


कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा के सोमवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद उनके हटने की लग रही अटकलों पर भी विराम लग गया। श्री येदियुरप्पा ने कहा कि मुख्यमंत्री पद छोड़ने का उन पर किसी का दबाव नहीं था। श्री येदियुरप्पा ने अपनी सरकार के दो साल का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में एक समारोह अपने इस्तीफे की घोषणा की इसके बाद वह राजभवन गये और राज्यपाल थावरचंद गहलोत को अपना इस्तीफा सौंपा। श्री येदियुरप्पा ने यहां राजभवन के द्वार पर संवाददाताओं से कहा,' मैंने राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया है।

मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ स्थित कृषि विज्ञान केंद्रों की क्षेत्रीय कार्यशाला का उद्घाटन

## कृषि सुधार कानून खेती को समृद्ध करने वाले हैं : तोमर

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि किसानों के सशक्तिकरण के लिए नये कृषि सुधार कानून जैसे ठोस कदम खेती को समृद्ध करने वाले हैं। श्री तोमर ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ स्थित कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) की 28वीं क्षेत्रीय कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए कहा कि ये कृषि विकास में मील का पत्थर साबित होंगे। कुल 86 प्रतिशत छोटे-मझौले किसान इनके माध्यम से और मजबूत होंगे, जिससे देश की भी ताकत बढ़ेगी। सरकार गांव-गरीब-किसान-किसानी की प्रगति के लिए प्राथमिकता के साथ काम कर रही है। इस दिशा में कई योजनाएं प्रारंभ की गई हैं। उन्होंने कहा कि देशभर में गांव-गांव अधोसंरचना विकसित करने के लिए एक लाख करोड़ रुपए के कृषि आधारभूत संरचना कोष सहित आत्मनिर्भर भारत अभियान में कुल डेढ़ लाख करोड़ रुपए से अधिक के पैकेज शुरू किए गए हैं। हर सप्ताह मंत्रालय में इसकी प्रगति के लिए बैठकें होती हैं। इसी तरह, 6,850 करोड़ रुपये की लागत से 10 हजार नये किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) के गठन की योजना तथा किसानों के सशक्तिकरण के लिए नए कृषि सुधार कानून जैसे ठोस कदम कृषि को समृद्ध करने वाले हैं। उल्लेखनीय है कि नये कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग को लेकर किसान दिल्ली की सीमाओं पर पिछले आठ माह से आन्दोलन कर रहे हैं और जंतर-मंतर पर इन दिनों किसान संसद का आयोजन कर रहे हैं। कृषि मंत्री ने कहा कि कोरोना संकट काल में भी केवीके के वैज्ञानिक, सूचना-संचार तकनीकों एवं कृषि विभाग के साथ मिलकर किसानों को उचित तकनीकों द्वारा लाभ पहुंचा रहे हैं, जो सराहनीय है। पशु धन एवं मछली पालन के विकास के लिए भी हमारे



केवीके पूरे जज्बे के साथ कार्य कर रहे हैं तथा कृषि एवं सभी सम्बद्ध क्षेत्रों की सतत प्रगति तथा किसानों की आय बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं। वर्तमान में 723 केवीके, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की इकाइयों, गैर सरकारी संस्थानों और राज्य कृषि विश्वविद्यालयों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे है, जिनसे किसानों को बहुत मदद मिल रही है।

श्री तोमर ने कहा कि देशभर के कुल उत्पादन में मध्य प्रदेश से मुख्य रूप से दलहन, गेहूं और सोयाबीन तथा छत्तीसगढ़ से धान की पैदावार का महत्वपूर्ण योगदान है। संतोष की बात है कि केवीके के माध्यम से क्लस्टर अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन और सीड हब द्वारा दलहन की उत्पादकता में बढ़ोतरी की जा रही है। प्रदेश में सोयाबीन फसल के 60 लाख हेक्टेयर में से करीब 35 लाख हेक्टेयर पर ऊंची क्यारी (रेज्ड बेड) तकनीक का उपयोग करके जल संरक्षण द्वारा उत्पादकता बढ़ाई जा रही है, वहीं कड़कनाथ मुर्गी पालन केवीके के प्रयासों से 25 राज्यों में हो रहा है और इसकी विदेशों से भी मांग है। उन्होंने कहा कि इन केंद्रों को अधिक उपयोगी और आधुनिक बनाने की दृष्टि से एकीकृत कृषि प्रणाली, उन्नत बीज उत्पादन एवं प्रसंस्करण, जल संचयन और सूक्ष्म सिंचाई जैसी महत्वपूर्ण इकाइयां स्थापित की गई हैं। उन्होंने इसमें राज्य सरकारों की ओर से पूर्ण सहयोग का आग्रह किया, जिससे आगे खेती के क्षेत्र में बड़ा फायदा होगा। उन्होंने कहा कि प्रसन्नता की बात है कि युवाओं को खेती की ओर आकर्षित करते हुए अटारी, जबलपुर द्वारा नयी परियोजना- 'आर्या' म.प्र.-छग के 12 केवीके में संचालित की जा रही है, जिसके तहत प्रसंस्करण, मशरूम और लाख उत्पादन, नर्सरी प्रबंधन आदि में 700 से ज्यादा युवाओं ने उद्यम स्थापित किए हैं।

## पेट्रोल-डीजल के शुल्क से मुफ्त टीका राशन दे रही केंद्र सरकार : पुरी

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com




पेट्रोल-डीजल की ऊँची कीमतों के बारे में पूछे गये प्रश्न के उत्तर में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को कहा कि इन पर लगाये गये केंद्रीय उत्पाद शुल्क तथा उपकरों के पैसों से सरकार नागरिकों को मुफ्त में कोविड-19 का टीका और गरीबों को निःशुल्क राशन दे रही है। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में श्री पुरी ने कहा ÷पेट्रोल-डीजल के दाम वैश्विक बाजार के हिसाब से तय होते हैं। केंद्र सरकार इन पर 32 रुपये प्रति लीटर उत्पाद शुल्क वसूलती है। इससे प्राप्त पैसे से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना में 80 करोड़ को लोगों को मुफ्त खाना (राशन) और 80 करोड़ नागरिकों को मुफ्त टीका दिया जा रहा है। प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 2014 से अब तक 30 से 70 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की गई है जिससे किसान लाभान्वित हुये हैं। पीएम किसान सम्मान निधि योजना से 10 करोड़ किसान परिवार लाभान्वित हुये हैं और उन्हें अब तक 1.35 लाख करोड़ रुपये की सहायता दी जा चुकी है। उज्ज्वला योजना के लिए यह पैसा काम आ रहा है। उन्होंने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार ने 26 जून 2010 को पेट्रोल की कीमतों का विनियमन किया था जबकि डीजल की कीमतों का विनियमन 19 अक्टूबर 2014 को किया गया था। उसके बाद से पेट्रोलियम उत्पादों की कीमत वैश्विक बाजार में कीमतों के आधार पर तय होती है। आज की तारीख में 85 प्रतिशत पेट्रोलियम का आयात किया जाता है।

वैश्विक बाजार में दाम उत्पादक और निर्यातक देश तय करते हैं। श्री पुरी ने बताया कि तेल विपणन कंपनी 40 रुपये के पेट्रोलियम उत्पाद पर मात्र चार रुपये कमाती है। उसके ऊपर केंद्र सरकार 32 रुपये (पेट्रोल पर 32.90 रुपये और डीजल पर 31.80 रुपये) का उत्पाद शुल्क लगाती है। इसके अलावा राज्य सरकारें 39 प्रतिशत तक वैट लगाती हैं। पेट्रोलियम उत्पादों को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में शामिल किये जाने के बारे में उन्होंने कहा कि यह जीएसटी परिषद् को तय करना है।

# छत्तीसगढ़ विधानसभा में दिवंगत राजनेताओं और कारगिल युद्ध के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

## विधानसभा अध्यक्ष महंत, मुख्यमंत्री बघेल और नेता प्रतिपक्ष कौशिक सहित विधायकों ने दिवंगत नेताओं के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com






छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के प्रथम दिन सदन में छत्तीसगढ़ विधानसभा, अविभाजित मध्यप्रदेश विधानसभा, राज्यसभा और लोकसभा के दिवंगत पूर्व सदस्यों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सदन की कार्यवाई प्रारंभ होने पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व सदस्य गुलाब सिंह, अविभाजित मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व सदस्य सोमप्रकाश गिरी, बालाराम वर्मा और बलराम सिंह बैस, पूर्व लोकसभा सांसद करूणा शुक्ला और खेलनराम जांगड़े, छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष बद्रीधर दीवान, छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व राज्यमंत्री डॉ. शक्राजीत नायक, पूर्व राज्यसभा सदस्य रामाधार कश्यप के निधन की सूचना देते हुए उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सदन में कारगिल युद्ध के शहीदों को भी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। दिवंगतों के सम्मान में सदन में दो मिनट का मौन रखा गया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सदन में दिवंगत नेताओं के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि इन नेताओं के निधन से प्रदेश और समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। बघेल ने आज कारगिल विजय दिवस पर कारगिल युद्ध में शहीद सैनिकों को भी विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री बघेल ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व सदस्य गुलाब सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने छात्र नेता के रूप में अपने सार्वजनिक जीवन की शुरूआत की। वे वर्ष 1998 और 2003 में छत्तीसगढ़ विधानसभा के सदस्य निर्वाचित हुए। उनके साथ मुझे भी काम करने का अवसर मिला। वे सदैव अपने क्षेत्र के विकास के लिए सक्रिय रहे। उनका निधन मात्र 53 वर्ष की आयु में हो गया। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण में उनकी भूमिका रही, वे विधानसभा की विभिन्न समितियों के भी वे सदस्य रहे। उनके निधन से प्रदेश को अपूर्णीय क्षति हुई है। अविभाजित मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व सदस्य सोमप्रकाश गिरी को श्रद्धांजलि देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें हम एक जुझारू नेता के रुप में जानते हैं। उनका सामाजिक कार्यों से विशेष लगाव रहा। उन्होंने कुरुद क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। विधायक न रहने के बावजूद वे अपने सार्वजनिक जीवन में लगातार सक्रिय रहे। उनसे हम लोगों को बहुत कुछ सीखने का अवसर मिला। मुख्यमंत्री ने अविभाजित मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व सदस्य बालाराम वर्मा को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्हें हम सामाजिक कार्यकर्ता के रुप में जानते थे। वे सौम्य, सरल और मिलनसार राजनेता थे। वे अविभाजित मध्यप्रदेश विधानसभा के सदस्य निर्वाचित हुए। पूर्व लोकसभा सांसद करूणा शुक्ला को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वे बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुईं। बाद में वे जांजगीर लोकसभा क्षेत्र से सांसद निर्वाचित हुईं। उनका जन्म पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के परिवार में हुआ था। वे धाराप्रवाह बोलने वाली वक्ता थीं। शब्दों के चयन और उच्चारण में उन्हें महारत हासिल थी। छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष बद्रीधर दीवान को श्रद्धांजलि देते हुए बघेल ने कहा कि वे छत्तीसगढ़ विधानसभा के सबसे उम्रदराज सदस्य रहे। लम्बे समय तक उन्होंने सार्वजनिक जीवन में काम किया। वर्ष 1990 में वे पहली बार अविभाजित मध्यप्रदेश विधानसभा के लिए चुने गए और छत्तीसगढ़ बनने के बाद तीन बार बेलतरा विधानसभा क्षेत्र का उन्होंने प्रतिनिधित्व किया। वे दो बार छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपाध्यक्ष भी चुने गए। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व राज्यमंत्री डॉ. शक्राजीत नायक को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वे 1990 में पहली बार अविभाजित मध्यप्रदेश के विधायक चुने गए। उन्होंने कई बार रायगढ़ क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। वे अपने क्षेत्र के एक जागरूक और सजग जनप्रतिनिधि थे। राज्यसभा के पूर्व सदस्य रामाधार कश्यप को श्रद्धांजलि देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वे वर्ष 2002 में राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण में भी उनका योगदान रहा। मुख्यमंत्री ने अविभाजित मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व सदस्य बलराम सिंह बैस को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वे सरल, सहज और मृदु छत्तीसगढ़िया स्वभाव के राजनेता थे। वे तीन बार विधायक रहे। वे अपेक्स बैंक भोपाल के उपाध्यक्ष भी रहे। पूर्व लोकसभा सांसद खेलनराम जांगड़े को श्रद्धांजलि देते हुए बघेल ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में वे सदैव वंचितों और गरीबों की आवाज उठाते रहे। वे वर्ष 1980 में पहली बार विधायक निर्वाचित हुए। बाद में वे बिलासपुर से लोकसभा सांसद भी निर्वाचित हुए। वे छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग के सदस्य भी रहे। वे सहज, सरल और मिलनसार नेता थे। मुख्यमंत्री ने दिवंगत राजनेताओं के परिवारजनों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।


### हमने छत्तीसगढ़ के नौ रत्नों को खोया है : कौशिक



नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने मानसून सत्र के पहले दिन के चर्चा में दिवंगत सदस्यों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हमने छत्तीसगढ़ के ऐसे नौ सदस्यों को बजट सत्र से मानसून सत्र के बीच खोया है। जिनका दीर्घकालीन अनुभव रहा है जो छत्तीसगढ़ विकास के लिये सदैव समर्पित रहे हैं। सभी सदस्य राजनैतिक विचारधारा से उठकर लम्बे समय तक समग्र विकास के लिये कार्य करते रहे हैं। इन सदस्यों को संसदीय कार्यकाल सबके लिये अनुकरणीय है व सभी सदस्य सब के लिये प्रेरणाश्रोत रहे हैं। जिन से हम सब ने भी उनके संसदीय जीवन के अनुभवों से काफी कुछ सीखने का मौका मिला है। नेता प्रतिपक्ष कौशिक ने सभी दिवंगत सदस्यों को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# विस् अध्यक्ष डॉ. महंत ने भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर दी भावभीनी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति वैज्ञानिक और अभियंता डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। विस् अध्यक्ष डॉ महंत ने कहा कि, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम 'मिसाइल मैन' और जनता के राष्ट्रपति' के नाम से भी जाना जाते है। वह भारत के 11वें निर्वाचित और पहले गैर-राजनीतिज्ञ राष्ट्रपति थे। भारत सरकार ने साल 1997 में कलाम साहब को भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' भी प्रदान किया गया जो उनके वैज्ञानिक अनुसंधानों और भारत में तकनीकी के विकास में अभूतपूर्व योगदान हेतु दिया गया था। डॉ. कलाम साल 1962 में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) में आये थे, जहाँ उन्होंने सफलतापूर्वक कई उपग्रह प्रक्षेपण परियोजनाओं में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने भारत के पहले स्वदेशी उपग्रह प्रक्षेपण यान एसएलवी 3 के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे जुलाई 1982 में रोहिणी उपग्रह सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया था। भारत सरकार द्वारा उन्हें 1981 में 'पद्म भूषण' और 1990 में 'पद्म विभूषण' सम्मान भी प्रदान किया गया था। जुलाई 1992 में वे भारतीय रक्षा मंत्रालय में वैज्ञानिक सलाहकार नियुक्त हुये। उनकी देखरेख में भारत ने 1998 में पोखरण में अपना दूसरा सफल परमाणु परीक्षण किया और परमाणु शक्ति से संपन्न राष्ट्रों की सूची में शामिल हुआ, ऐसे महान व्यक्तित्व को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ।

# बृजमोहन ने शांति नगर सिंचाई कॉलोनी का मामला विधानसभा में उठाया

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने शांति नगर सिंचाई कॉलोनी को तोड़कर वहां कमर्शियल काम्प्लेक्स बनाने का मामला फिर विधानसभा में उठाया व शासन से जानना चाहा कि क्या शांति नगर सिंचाई कॉलोनी में बने पुराने शासकीय आवासों, बंगलो, गार्डन व अन्य निर्माण को तोड़कर नया व्यावसायिक काम्प्लेक्स बनाने का निर्णय लिया गया है कि किसने और कब लिया। कितने आवास व अन्य निर्माण तोड़े जाएंगे क्या उसका मूल्य का आकलन किया गया है। कार्य प्रारंभ हो गया है। यदि हां तो कब से किन के द्वारा तथा क्या-क्या कार्य किया गया है। प्रोजेक्ट किस विभाग का, प्रोजेक्ट कब तक पूरा होगा। कितने लागत का है। जमीन का स्वामित्व किसके पास है। वर्तमान में भूमि राजस्व रिकॉर्ड व मास्टर प्लान में किस मद व नाम में दर्द है। कुल क्षेत्रफल कितना है। उक्त कॉलोनी में कितने अधिकारी कितने कर्मचारी रहते हैं। इन्हें दिए जाने वाले शासकीय आवास की लागत कितनी आएगी। वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने अपने प्रश्न के उत्तर में यह स्वीकार किया कि जर्जर आवास के मूल्य का आकलन नहीं किया गया है। शासकीय कर्मचारियों को दिये जा रहे आवास के मूल्यों का भी आकलन नहीं किया गया है। साथ ही इस प्रोजेक्ट के वर्तमान में समय एवं लागत बता पाना संभव नहीं है। अधिकारियों को व कर्मचारियों को जो आवास दिया जा रहा है उक्त आवासों के अनुमानित लागत नहीं निकाला गया है (कर्मचारियों का जो आवाज तैयार होना है उनका भी अनुमानित लागत नहीं किया गया है।

वन मंत्रीने प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि इस कार्य हेतु छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल को निर्माण एजेंसी घोषित किया गया है। रीडेवलपमेंट योजना के अंतर्गत अधिकार संपन्न मंत्री समूह का गठन किया गया है। उन्होंने यह निर्णय लिया है। जिनका अनुमोदन मंत्रिपरिषद से कराया गया है। शांति नगर में 314 आवास तोड़े जाएंगे पर इन आवासों के मूल्य का आकलन छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा नहीं किया गया है।

# राडा ने किया आरडीए अध्यक्ष का अभिनंदन



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (राडा) के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया व् छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ़ कामर्स के अध्यक्ष अमर परवानी के प्रतिनिधित्व में रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (राडा) के प्रतिनिधियों ने अध्यक्ष, रायपुर विकास प्राधिकरण (केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) माननीय सुभाष धुप्पड से मुलाकात कर पुष्पगुच्छ से अभिनंदन करते हुये बधाई दी। प्रदेश के एक ऑटोमोबाइल व्यवसाय से जुड़े किसी प्रतिष्ठित ऑटोमोबाइल डीलर /समाजसेवी को पहली बार तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने अध्यक्ष, रायपुर विकास प्राधिकरण (केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) से सम्मानित किया गया है जिससे प्रदेश भर के ऑटोमोबाइल व्यवसायी प्रफुल्लित है7 सुभाष धुप्पड नेद छत्तीसगढ़ ऑटोकेयर-हीरो मोटोकोर्प का व्यवसाय 1986 में प्रारम्भ किया स्थानीय और रायपुर-छत्तीसगढ़ के अन्य हिस्सों में लगभग 35 सालो से प्रदेश के ग्राहकों की सेवा और संतुष्टि का कार्य करते आये है। सुभाष धुप्पड ऑटोमोबाइल व्यवसाय के लिये एक आधार स्तंभ है जिससे ऑटोमोबाइल व्यवसाईयों को प्रेरणा मिलती है। राडा के प्रतिनिधि मंडल ने माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार व्यक्त किया की उन्होंने ऐसा मौका एक प्रतिष्ठित ऑटोमोबाइल डीलर /समाजसेवी को दिया जिसके लिये हम आभार व धन्यवाद करते हैइस मौके पर राडा के प्रतिनिधि शशांक शाह, विवेक गर्ग, नीरज अग्रवाल,

# भाजपा के खाद के लिये आंदोलन को जनता ने और किसानों ने खारिज किया

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि भाजपा की केन्द्र सरकार द्वारा खड़ी की गयी खाद की कमी की समस्या को लेकर छत्तीसगढ़ भाजपा का आंदोलन दोहरा चरित्र है। भाजपा के खाद के लिये आंदोलन को जनता ने और किसानों ने खारिज किया भाजपा के किसान विरोधी चरित्र को छत्तीसगढ़ में सब बखूबी समझते है। छत्तीसगढ़ में खाद की कमी मोदी निर्मित, भाजपा की केन्द्र सरकार द्वारा खाद की आपूर्ति न करने से खाद की कमी हुयी। छत्तीसगढ़ में खाद की कमी के लिए केंद्र की भाजपा सरकार जिम्मेदार है। जिसमें मांगी गई खाद का आधा हिस्सा भी अभी तक नहीं दिया गया। स्वयं भाजपा की केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ में खाद का अभाव निर्मित करें, छत्तीसगढ़ में खाद का अभाव मोदी निर्मित खाद का अभाव है। छत्तीसगढ़ के भाजपा के नेता खाद की कमी लेकर इस पर आंदोलन कर रहे हैं, यह भाजपा का दोहरा चरित्र है यह किसान विरोधी भाजपा का वास्तविक चेहरा है भाजपा किसानों के खिलाफ षड्यंत्र करती है, साजिश करती है। यह खाद की कमी से साबित हो गया है। छत्तीसगढ़ में धान एक मात्र फसल है और धान के लिये सर्वाधिक खाद की आवश्यकता जुलाई माह में अत्याधिक पड़ती है। लेकिन जुलाई माह में छत्तीसगढ़ को खाद ना देकर भाजपा ने छत्तीसगढ़ के किसानों के पेट रोको छिनने का काम किया है इसके लिए भाजपा को माफ नहीं किया जा सकता।

# छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री ने कोरोना योद्धाओं का किया सम्मान

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में सांस्कृतिक विवेकानंद उत्कर्ष परिषद द्वारा सावन उत्सव का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में निस्वार्थ सेवा देने वाले पत्रकारों और डॉक्टरों का सम्मान किया गया। इस मौके पर लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कोरोना योद्धाओं के रूप में सम्मान देते हुए संकट के समय में काम करने वाले लोगों की सराहना की।

कार्यक्रम में डॉ ओपी सुंदरानी, डॉ अशोक भट्टर ,डॉक्टर अंकित शर्मा, एनडीटीवी इंडिया के छत्तीसगढ़ संवाददाता सोमेश पटेल का भी सम्मान किया गया। कोविड-19 के दौरान सोमेश पटेल ने जान जोखिम में डालकर ग्राउंड जीरो की रिपोर्टिंग की है। साथ ही रिपोर्टिंग के साथ-सथ छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों लोगों की जान बचाने का भी कार इस कोरोना काल में किया है। इस दौरान नगर निगम सभापति प्रमोद दुबे व संस्था अध्यक्ष सौरभ तिवारी दीप्ति दुबे भी उपस्थित रहे।

## नेता सोहन पोटाई बोले- 2023 में कांग्रेस को सिखाएंगे सबक

# विधानसभा घेरने जा रहे सरकारी कर्मचारियों की पुलिस से झड़प

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com




प्रदेश भर से राजधानी रायपुर आए जनजाति वर्ग के सरकारी कर्मचारी और आदिवासियों ने आज सोमवार को राज्य सरकार के खिलाफ हल्ला बोला है। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने रायपुर स्थित बूढ़ापारा में धरना दिया। इसके बाद रैली लेकर विधानसभा का घेराव करने निकल पड़े। लेकिन पुलिस ने रास्ते में रोकने की कोसिस की तो प्रदर्शनकरियों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की हो गई।

पुलिस की टीम ने भी आदिवासियों को रोकने का बहुत प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शनकारी वहीं सड़क पर बैठ गए और धरना देना शुरू कर दिया और लड़ेंगे जीतेंगे के नारे के साथ डटे रहे।

बता दें अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ और छत्तीसगढ़ के सर्व आदिवासी समाज से जुड़े तमाम प्रदर्शनकारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर रायपुर पहुंचे थे। उनके प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने भी सप्रे स्कूल के पास बैरिकेड लगा रखा था।

अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के आरएप ध्रुव ने बताया कि जनजाति वर्ग के कर्मचारियों को नौकरी में प्रमोशन के मामले में अनदेखा किया जा रहा है। हम चाहते हैं असंवैधानिक पदोन्नति पर तत्काल रोक लगाएं, फर्जी जाति प्रमाण पत्र धारियों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई किए जाने, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल स्टाफ की भर्ती में अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के युवाओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिए जाने की हम मांग कर रहे हैं।

### भाजपा की तरह कांग्रेस को भी सबक सिखाएंगे आदिवासी

पूर्व सांसद और छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के नेता सोहन पोटाई ने कहा कि पिछले ढाई साल में प्रदेश की सरकार ने आदिवासियों और जनजाति वर्ग के सरकारी कर्मचारियों की उपेक्षा की है। अब 2023 में आदिवासी कांग्रेस की उपेक्षा करेंगे। कांग्रेस को आदिवासियों की कोई चिंता नहीं है। उनके हक में सरकार काम नहीं कर रही है। जैसे भाजपा को आदिवासियों ने सबक सिखाया था, कांग्रेस को भी सिखा देंगे। अब कांग्रेस से आदिवासियों का मोह भंग हो चुका है। नेता सोहन पोटाई ने आगे बताया कि आदिवासियों से जुड़ी मांगों पर यदि सरकार ने फौरन गौर नहीं किया तो हम प्रदेश में 30 जुलाई से आर्थिक नाकेबंदी करेंगे। व्यापारिक गतिविधियों को चलने नहीं दिया जाएगा। प्रदेश में चक्का जाम किया जाएगा और इसकी जिम्मेदार कांग्रेस सरकार होगी।




रायपुर। जिंदल स्टील पॉवर लिमिटेड के अधिकारियों ने योग आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा को शुभकामनाएं दी

# भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष टिकरिहा बनें रेलवे बोर्ड के सदस्य



रायपुर। भाजपा रायपुर ग्रामीण जिला के पूर्व अध्यक्ष डॉ.गुलाब टिकरिहा भारतीय रेलवे बोर्ड का सदस्य नामित किया गया है। भाजपा नेता डॉ. टिकरिया वर्तमान में भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य है तथा पेशे चिकित्सक है। वे लम्बे समय से भाजपा के सक्रिय सदस्य के तौर पर कार्य कर रहे है। उन्हे सदस्य नामित करने पर पार्टी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

# पहले सावन सोमवार को कोपाबेड़ा शिवमंदिर में लगा श्रद्धालुओं का तांता

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com







सावन का पहला सोमवार है। देशभर के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। शिवभक्तों के लिए सावन का महीना सबसे प्रिय माना जाता है। कई लोग सोमवार के दिन व्रत रखते हैं। मान्यता है कि सावन के महीने में भगवान शिव की पूजा करने से वे जल्दी प्रसन्न होते हैं, और भक्तों की सभी मनोकामनाएं जल्द पूरी करते हैं। सोमवार का दिन भगवान शिव का प्रिय दिन माना जाता है।

सावन के पहले सोमवार को कोण्डागांव के कोपबेड़ा शिव मंदिर में 'पूजा आरती' करने के लिए सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रहती है। वहीं दर्शन करने पहुंचे परिवार के साथ दक्षिण वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए, बताया कि कोण्डागांव से 4.5 किमी दूर कोपाबेड़ा स्थित शिव मंदिर का विलक्षण मंदिर है, यहां पहुंचने के लिए साल के घने वृक्षों के मध्य से होकर गुरजना पड़ता है। प्राचीन दण्डाकारण्य का यह क्षेत्र रामायण कालीन बाणसुर का इलाका माना जाता है। सामान्य तौर पर अब पूरे क्षेत्र में शाक्य व शैव है। शैव से संबंधित जितने भी इस अंचल में मंदिर है, उन मंदिरों में स्थापित शिव लिंगों के संदर्भ मे रोचक तथ्य देखने का मिलता है। यह रोचक तथ्य है शिवलिंगों का स्वप्नमिथक से जुड़ा होना । कोपाबेड़ा का मंदिर भी इससे अछुता नहीं है। जनश्रुति है कि भक्त जन को स्वप्न में इस शिवलिंग के दर्शन हुए। स्वप्न के आधार पर ही उन्होंनें पास के जंगल में इसे स्थापित किया। यह घटना 1950-51 ई. के आसपास की है। प्रत्येक शिवरात्रि को यहां मेला लगता है। पूजन की परंपरा यह कि गांव के देवस्थल जो कि नदी के किनारे राजाराव के नाम से जाना जाता है, उसकी पूजा सर्वप्रथम की जाती है। कहा जाता है कि इस शिवलिंग के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है, कि जब यह प्राप्त हुआ था, तब यह काफी छोटा था किन्तु वर्तमान में इसका आकार काफी बड़ा हो गया है। सावन के महीने में नागसर्प के जोड़े की यहां मौजूदगी भी आष्चर्य कर देने वाली घटना है ऐसी मान्यता है।

### घर घर मे पूजा-अर्चना, कथा किया गया

सावन माह प्रथम सोमवार को घर घर मे पूजा अर्चना व सत्यनारायण भगवान की कथा की गई। पंडित उमाशंकर तिवारी के अनुसार इस बार सावन मास में चार सोमवार हैं। पुराणों के अनुसार सावन में भोले शंकर की पूजा, अभिषेक, शिव स्तुति, मंत्र जाप का खास महत्व है। खासकर सोमवार के दिन महादेव की आराधना से शिव और शक्ति दोनों प्रसन्न होते हैं। वहीं इनकी कृपा से दैविक, दैहिक और भौतिक कष्टों से मुक्ति मिलती है। इसके अलावा इन्हीं के आशीर्वाद से निर्धन को धन और निःसंतान को संतान की प्राप्ति होती है। इसके साथ ही कुंवारी कन्याओं को मनचाहा वर मिलता है।

# किसानों का हितैषी होने का दावा करने वाली भूपेश सरकार की पहचान शराब दूकान व रेत खदान तक सीमीत हो गई : केदार

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com





खाद की कमी व अन्य संकट से जुझ रहे प्रदेश के किसानो की समस्याओ को लेकर प्रदेश नेतृत्व के आवाह्न पर भाजपा किसान मोर्चा नारायणपुर के बैनरतले विधानसभा स्तरीय धरना प्रदर्शन पार्टी कार्यालय के सामने किया गया इस दौरान पूर्व शिक्षामंत्री व भाजपा प्रदेश प्रवक्ता केदार कश्यप ने कहा की आज किसान सहित प्रदेश का हर तबका कांग्रेस सरकार की कार्यप्रणाली से अपने को ठगा महसूस कर रहा है,खेती के समय मे किसानो को खाद की कमी से जुझना पड़ रहा है सोसायटी मे खाद नही मिल रही है और दुसरी ओर खुले बाजार मे खाद की ऊंचे दामो मे बिक्री हो रही है यह सब कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों की वजह से हो रहा है वही सरकार मे आने से पहले बड़ी बड़ी घोषणाओं का पिटारा खोल कांग्रेस ने जनता को गुमराह कर वोट बटोरने का काम किया,और सत्ता मे आते ही न शत प्रतिशत किसानो का कर्जा माफ हुआ न मिला बोनस न ही उपज का एक मुस्त 2500 रूपये क्विंटल की राशि मिली और न तो उपज का एक एक दाना खरीदा जा रहा है बल्कि किसानो को छला जा रहा है आगे कश्यप ने कहा एक ओर जहा केंद्र की मोदी सरकार किसानो की आय दुगनी करने के लिये अनेक योजनाओ का संचालन कर रही है तो एक ओर प्रदेश की भूपेश सरकार किसानों को आर्थिक चोट पहुचाने की नियत से गिरदावरी कर रकबा कम करने का काम कर रही है किसानो की हितैषी होने का दावा करने वाली भूपेश सरकार की पहचान शराब दूकान व रेत खदान तक सीमीत हो गयी,वही पुरे प्रदेश मे अराजकता के साथ भय भ्रष्टाचार का माहौल निर्मित है वही उन्होनें कोरोना गाईड लाईन का पालन करने व सभी लोगो को टिका लगवाने हेतू प्रेरित करने का आवाह्न किया। तत्पश्चात धरने को जिला भाजपा संगठन प्रभारी भरत मटियारा व भाजपा जिलाध्यक्ष बृजमोहन ने सम्बोधित करते हुये कहा भूपेश सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है आये दिन प्रदेश मे कोई ना कोई घटनाएं घट रही जिससे प्रदेश का कोई वर्ग भी अछुता नही है और सरकार के सेहत मे कोई फर्क नही पड़ रहा है वही जिन वादो व घोषणा पत्र के दम पर कांग्रेस सरकार सत्ता मे आयी आज वो वादे महज ढ़कोसला साबित हो रहे है सरकार की गलत नीतियो के चलते प्रदेश का किसान परेशान है वही प्रदेश के युवा ढाई साल से बेरोजगारी भत्ता का इंतजार करते बैठे है न ही उन्हे रोजगार मिला कब्ज़ाधारियों को उनका मालिकाना हक देते हुये पट्टा देने की बात हुई थी वो भी जुमला साबित हुई,शराबबंदी की बात कर महिलाओं का वोट बटोरने वाली भूपेश सरकार नई शराब दुकाने खोल अपना आर्थिक स्त्रोत बढ़ा रही है सभा को आगे भाजपा नेता गौतम गोलछा,रुपसाय सलाम,संतोष बघेल, नारायण मरकाम,निर्देश दीवान ने भी अपने सम्बोधन मे प्रदेश की भूपेश सरकार को किसान विरोधी सरकार बताया वही झूठे सपने दिखाकर प्रदेश की जनता को ठगने का काम करी है ये कांग्रेस सरकार विकास के सारे कार्य ठप्प पड़े है और सरकार अपने घमंड मे है तत्पश्चात राज्यपाल के नाम का ज्ञापन तहसीलदार को सौपा गया। इस अवसर पर रतन दुबे, संजय नंदी, सुखराम पोडियाम,सागर साहू, जागेश्वर ठाकुर, जयप्रकाश शर्मा, कमलजीत आहुजा, मंगडू नूरेटी, उत्तम जैन, बिन्देश महावीर, मनीराम मानिकपूरी, खितेश मौर्य, मरण शील, प्रभूनाथ देवांगन, प्रताप मंडावी, संतनाथ उसेंडी, प्रवीण सांखला, सुदीप झा, जैकी कश्यप, अभिषेक बेनर्जी, संजय तिवारी, विजय तिवारी, पंकज जैन, उमाकान्त कश्यप, रीता मंडल, संध्या पवार, अनिता कुरेटी, प्रमिला प्रधान, भगवती हलधर, फुलमत कौर, बबिता ठाकुर, प्रभा महंत सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान व भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सीमावर्ती क्षेत्रों में विकास कार्यों के निरीक्षण के लिए कलेक्टर ने किया दौरा

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने जिले के अति संवेदनशील एवं सीमावर्ती ग्राम माड़गांव, कुएंमारी, होनहेड, चेरबेड़ा, गढधनोरा का दौरा कर विकास कार्यो का निरीक्षण किया। इस दौरान सर्वप्रथम उन्होंने गोब्राहीन के प्राचीन शिव मंदिर के निकट श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए सुविधाओं के विस्तार एवं गोब्राहीन नाला के नरवा योजना अंतर्गत विकास हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए साथ ही यहां वृक्षारोपण एवं पिचिंग कराने को भी कहा गया। इसके पश्चात उन्होंने ग्राम होनहेड पहुंचकर जलप्रपात को देखा एवं जलप्रपात के प्रबंधन हेतु निर्मित समिति के सदस्यों से पर्यटकों को आकर्षित करने एवं उनके लिए सुविधाओं के विस्तार पर चर्चा की। इस दौरान ग्राम के उपसरपंच से पूर्व दौरे के दौरान निश्चित किए गए विकास कार्यो के संबंध में जानकारी ली। ग्रामीणों की मांग पर कलेक्टर ने होनहेड के निकट नाले में नरवा विकास योजना के तहत जल संग्रहण कर केवल वर्षा ऋतु में बहने वाले होनहेड जलप्रपात को बारहमासी बनाने की कार्ययोजना तैयार करने एवं होनहेड में आंगनबाड़ी के निर्माण, पुलिया निर्माण, मुख्य सड़क से जलप्रपात तक सीसी सड़क निर्माण एवं गोठान निर्माण के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही होनहेड में 150 सीटर आश्रम के विद्युत पोल के निर्माण स्थल पर होने के कारण निर्माण कार्य प्रारंभ ना होने की जानकारी प्राप्त होने पर एक सप्ताह के भीतर विद्युत पोल को स्थानांतरित कर निर्माण कार्य प्रारंभ करने को कहा।

कलेक्टर ने जिले में इको पर्यटन सर्किट के तहत इन अतिसंवेदनशील क्षेत्रों के विकास के लिए जिले की सीमा पर गिरने वाले मनोरम मुत्तेखड़का जलप्रपात, कुएंमारी के मिरदे जलप्रपात, चेरबेड़ा के करतेल एवं होनाबड़गो जलप्रपात एवं गढ़धनोरा के बावनीमारी में स्थित ढ़ोलकुडुम जलप्रपात में जाकर उनके आसपास पर्यटकों के लिए सुविधाओं के विकास पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने जलप्रपातों तक पहुंच मार्ग, जलप्रपातों में व्यू प्वाइंट, रेलिंग, बैठने हेतु चेयर, शेड, पेयजल एवं जलपान की व्यवस्था के विकास पर भी क्षेत्रीय ग्रामीणों से चर्चा की गई। ज्ञात हो कि केशकाल तहसील के अंतर्गत 20 से अधिक जलप्रपातों को जोड़कर जिला प्रशासन द्वारा ईको पर्यटन सर्किट के विकास के माध्यम से इस क्षेत्र के ग्रामीण युवाओं को रोजगार का नया माध्यम प्रदान करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

# किरंदुल में श्रावण माह के प्रथम सोमवार पर भोलेनाथ के भक्तों ने निकाला कावड़ यात्रा



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

लौह नगरी किरंदुल में 26 जुलाई को सावन माह की प्रथम सोमवार के सुअवसर पर बोल बम समिति मेन मार्केट द्वारा महादेव की जय कारे के साथ रामाबूटी प्राकृतिक जलस्त्रोत से कावड़ में जल भरकर पूरा नगर भ्रमण करते हुए किरंदुल के मध्य पर्वत पर विराजमान पहाड़ी मंदिर में जाकर बाबा महाकाल को जल चढ़ाया।

# शिवसेना द्वारा वृक्षारोपण एवं रक्तदान किया जा रहा

पायनियर संवाददाता < चारामा
www.dailypioneer.com



शिवसेना द्वारा अपने स्थापना दिवस 14 जुलाई से लेकर 27 जुलाई महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे के जन्मदिवस तक पूरे भारतवर्ष में सेवा कार्य किया जा रहा है । जिसके तहत शिव सैनिकों द्वारा जगह-जगह आम जनता की सेवा की जा रही है ।रक्तदान किया जा रहा है ।वृक्षारोपण किया जा रहा है ।वृद्धा आश्रम में राशन पानी बांटा जा रहा है। इसी तारतम्य में शिवसेना चरामा इकाई 14/7/2021 को चारामा पुलिस थाना में पौधा रोपण किया गया। 16/7/2021 को दरगाहन के मैदान में पौधा रोपण किया गया।18/7/2021 को ग्राम मुडखुसरा में पौधा रोपण किया गया 20/7/2021 को चारामा के मुक्तिधाम में पौधा रोपण किया गया।

22/7/2021 को चारामा भाटा पारा मैदान में पौधा रोपण किया गया। फिर 26/7/2021 को चारामा के जनपद स्कूल ग्राम दरगाहन एवम ग्राम मुड़खुसरा के स्कूलों में वहां शिक्षा अध्ययन करा रहे शिक्षक, शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया एवं शिक्षिकाओं, शिक्षकों को सम्मान स्वरूप पेन भेंट किया गया एवं वहां शिक्षा अध्ययन कर रहे बच्चों को दो दो कॉपी एवं पेन भेंट किया गया ।जिससे कि बच्चे अच्छे से पढ़ लिख कर भारत देश का भविष्य बने एवं अपने भारत को सोने की चिड़ियि बना सके। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिवेन्द्र निर्मलकर , रविराज देवांगन, गोलू देवांगन , ऊमा देवांगन एवं सैकड़ों शिवसेना कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शिक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा किया जा रहा है टीकाकरण का सर्वे



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल नगरपालिका क्षेत्र में शिक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा कोरोना टीकाकरण का सर्वे किया जा रहा है। जिसके तहत सोमवार को वार्ड क्रमांक 04 बड़े बाबू कैंप बंगाली कैंप के 203 घरों में डोर टू डोर जाकर 18+,45+ एवं 60+ आयुवर्ग के कितने लोगों को प्रथम डोज़ दूसरा डोज़ लग चुकी है इसके बारे में जानकारी ली गई इसके साथ ही टीकाकरण के लिए शेष बचे है और किन कारणों से लोग अब तक वैक्सीन नहीं लगवाएं है इस विषय में चर्चा की गई।इस कार्य में कालिन्द्री ठाकुर,झरना मंडल और शहनाज़ का सहयोग रहा।

## भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी की हुई घोषणा

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी की आर्थिक प्रकोष्ठ जिला कार्यकारिणी की घोषणा का गठन किया गया है आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजेश आग्रवास और भाजपा जिला अध्यक्ष रुप सिंह मंडावी और प्रकोष्ठ के बस्तर संभाग प्रभारी विपिन मालवीय ने घोषणा की है की प्रकोष्ठ मे राजेश शर्मा को आर्थिक प्रकोष्ठ मे,जिला संयोजक नियुक्त किया गया है और रितेश सिन्हा ,जिगर पटेल,और एल चंद्रशेखर राव को सहसंयोजक नियुक्त किया गया है तो वही विनीत शुक्ला ,महामंत्री कृष्णा जंगम को मीडिया प्रभारी ,सुरेश मिश्रा को सोशल मीडिया प्रभारी,तापस विश्वास को कार्यालय प्रभारी बनाया गया है।

### वनांचलों में ग्रामीणों की आय बढ़ाने निजी एवं सावर्ज़निक भूमि पर होगा पौधारोपण

# 'आमचो अमली अभियान' में तमिलनाडु विश्वविद्यालय से ग्राफ्टेड इमली के पौधों को लाकर ग्रामों में किया जा रहा है पौधारोपण

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



जिला वनोत्पादों के संग्रहण में देश में अग्रणी स्थान रखता है। इन वनोत्पादों में इमली का विशेष योगदान रहता है। परंतु कुछ वर्षो से इमली के उत्पादन में लगातार कमी आई है एवं पूर्व में जो वृक्ष लगाए गए थे उन की उत्पादन क्षमता लगातार घटती जा रही है। जिसे देखते हुए दक्षिण कोण्डागांव वनमंडल द्वारा इमली के उत्पादन को बढ़ाकर भविष्य में वनांचलों में निवासरत ग्रामीणों की आय को बढ़ाने के लिए दक्षिण कोण्डागांव के वनमंडलाधिकारी उत्तम गुप्ता के मार्गदर्शन में 'आमचो अमली अभियान' प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत मालगांव, कुलझर, ओडारगांव, बागबेड़ा एवं देवगांव में वन प्रबंधन समिति की लाभांश राशि से ग्राफ्टेड इमली के पौधों का रोपण इस वर्ष किया जा रहा है।

इस संबंध में वनमंडलाधिकारी ने बताया कि इस अभियान से जहां ग्रामीणों की आय में वृद्धि होगी वहीं दूसरी ओर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक अभिनव प्रयास वन मंडल द्वारा किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत ग्रामीणों की निजी भूमि तथा पंचायत की सार्वजनिक भूमि पर कुल 2005 इमली के पौधों का रोपण प्रथम चरण में किया जा रहा है। द्वितीय चरण में अन्य ग्राम पंचायतों को भी इस अभियान से जोड़कर और अधिक इमली के पौधे लगाई जाएंगे। इसके लिए तमिलनाडु विश्वविद्यालय के द्वारा विकसित इमली की पेरियाकुलम-1 किस्म के ग्राफ्टेड पौधों को लाकर अच्छे किस्म की इमली का उत्पादन सुनिश्चित करने के साथ अधिक से अधिक इमली उत्पादन का प्रयास किया जा रहा है।

सूचना

श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल, मोवा, रायपुर में **एक्सरे-टेक्निशियन** कोर्स करने हेतु इच्छुक छात्र/छात्राएं जल्द से जल्द संपर्क करें। चयनित छात्र के फीस का 50% प्रतिशत स्कॉलरशिप श्री बालाजी मेडीकल फाउंडेशन द्वारा वहन किया जावेगा। **स्थान सीमित है।**

संपर्क 7471130598

# जिले में आज से शुरू हुए आंगनबाड़ी

## कोविड नियमों का कड़ाई से पालन करने और साफ-सफाई बनाए रखने कलेक्टर पीएस एल्मा ने दिया जोर




पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार आज से जिले के आंगनबाड़ी केंन्द्र शुरू कर दिए गए हैं। इस दौरान स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस तथा पूरक पोषण आहार के तहत दोपहर का गरम भोजन देने की व्यवस्था है। कलेक्टर पी. एस. एल्मा ने इस दौरान कोविड नियम का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने और केंद्रो की साफ सफाई बनाए रखने के निर्देश विभागीय अमले को दिए हैं। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने कहा है कि केंद्र खोलने से पहले उसे अच्छी तरह से सैनिटाइज करने की व्यवस्था में पंचायत और नगरीय निकाय का सहयोग लिया जाए और किसी भी सूरत में हितग्राही बच्चे और गर्भवती माताएं जो केंद्र आएँ हों उनकी संख्या एक समय में 20 से ज्यादा ना हो और उनका केंद्र में प्रवेश से पहले प्रारंभिक स्वास्थ्य जांच अनिवार्य रूप से किया गया हो। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास एम. डी. नायक ने बताया कि आज से दोपहर 12 से 2 बजे तक गरम पका भोजन 3 से 6 साल की आयु के सामान्य और मध्यम कुपोषित बच्चों और गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी केंद्रों में दिया जा रहा है। इसके अलावा संकटग्रस्त श्रेणी के गर्भवती माता और गंभीर कुपोषित बच्चों को घर पहुंच सेवा के जरिए गरम पका भोजन दिये जाने की व्यवस्था है। इसके साथ ही 3 से 6 साल की उम्र के बच्चों को पहले हर मंगलवार को नाश्ते की जगह 1250 ग्राम रेडी टू ईट फूड, टेक टू होम के जरिए उपलब्ध कराया जाएगा।

कोविड-19 संक्रमण से रोकथाम एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन बंद किया गया था। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकताओं द्वारा हितग्राहियों को घर पहुंचाकर सूखा राशन प्रदाय किया जा रहा था। अब स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस तथा दोपहर का गरम पका भोजन हितग्राहियों को देने के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों को खोला गया है। बताया गया है कि फिलहाल राज्य शासन के निर्देशानुसार धमतरी नगर निगम क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र नहीं खोले गए हैं। साथ ही जिस आंगनबाड़ी केंद्र क्षेत्र में संक्रमित मरीज होंगे वहां भी आंगनबाड़ी केंद्र नहीं खोला जा रहा है।

## लगभग 16 महीने बाद 2 अगस्त से खुलेंगी स्कूल



पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

राज्य शासन ने आगामी 2 अगस्त से फिर से स्कूल शुरू करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। बच्चों की चहल-पहल से एक लंबे अंतराल के बाद फिर से स्कूलों में रौनक लौटेगी। कलेक्टर श्री सुनील कुमार जैन ने राज्य शासन की मंशा के अनुरूप जिला शिक्षा अधिकारी को कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए स्कूल खुलवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। राज्य शासन द्वारा इस संबंध में जारी विस्तृत दिशा-निर्देश अनुसार स्कूलें तभी खोली जाएंगी जब जिले में कोरोना पॉजिटिव रेट सात दिनों तक लगातार एक प्रतिशत से कम होगा। हाई तथा हायर सेकेंडरी स्कूलों में केवल 10 वीं तथा 12 वीं की कक्षाएं प्रारंभ की जावेगी। कक्षा 1ली से 8 वीं तक की कक्षाएं तभी खोली जाएंगी जब शाला पालक समिति लिखित में सहमति देंगी। यह सहमति ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत के द्वारा तथा शहरी क्षेत्रों में वार्ड के पार्षद द्वारा भी लिखित में देनी होगी। यह प्रक्रिया 2 अगस्त के पूर्व पूरी करने के निर्देश कलेक्टर ने दिये हैं। कलेक्टर ने कहा कि कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु यह भी आवश्यक होगा कि स्कूल को सेनेटाइजड कर स्वच्छ रखा जाए। कक्षा की कुल दर्ज संख्या के 50 प्रतिशत विद्यार्थियों को एक दिन के अंतराल में स्कूल बुलाया जावेगा। बच्चों का बुखार चेक करने,सर्दी खांसी का ध्यान रखने की व्यवस्था शाला में करनी होगी। शाला में उन्ही छात्रों और शिक्षकों को आने की अनुमति दी जावेगी जिन्हें सर्दी खांसी बुखार न हो। शाला में रहते हुए सभी को आपस मे पर्याप्त दूरी बना कर रखना होगा।

## शिवालयों में गुंजा हर हर महादेव

# भोले बाबा का विशेष श्रृंगार, भक्तों ने किया अभिषेक




पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com

श्रावण मास के पहले सोमवार को नगर सहित अंचल के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही श्रद्धालुओं ने अपने भोले भंडारी को खुश करने और उनसे आशीर्वाद प्राप्त करने विधि विधान से पूजा अर्चना की हालांकि कोरोना संक्रमण को देखते हुए मंदिरों में ज्यादा भीड़ भाड़ देखने को नहीं मिली शिव भक्तों की पूजन सामग्री में वह सभी चीज शामिल थी जो भगवान शंकर को पसंद है।

शहर के सभी शिवालयों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा इस बार देवों के देव भगवान शिव की आराधना के लिए लोगों को सावन में चार सोमवार मिलेंगे। शिवालय में शिव की भक्ति के लिए लोगों के द्वारा दुग्ध अभिषेक ,बेलपत्र, धतूरा, बेल चढ़ाए गए। इस दौरान प्रत्येक मंदिरों में भगवान भोलेनाथ के लिए हर हर महादेव की गूंज उठी। देवाधिदेव महादेव की आराधना का पर्व श्रावण मास माह का गणेश होने के साथ ही भगवान शिव की पूजा अर्चना का सिलसिला शुरू हो जाता है श्रावण माह में मंदिरों में शिव आराधना के साथ ही भगवान भोलेनाथ का अभिषेक विशेष तौर पर किए जाते हैं।

**इस बार सावन 29 दिन का** : इस बार सावन 29 दिन का होने के साथ ही महीने में 4 सोमवार पड़ रहे हैं सावन का पहला सोमवार 26 जुलाई को तो दूसरा 2 अगस्त तीसरा 9 अगस्त चौथा 19 अगस्त को पड़ेगा ।

# पढ़ना लिखना अभियान के तहत मोहल्ला साक्षरता क्लास का अवलोकन

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



जिले में संचालित पढ़ना लिखना अभियान के अंतर्गत नगर पालिका गरियाबंद के औचक निरीक्षण जिले के जिला शिक्षा अधिकारी करमन खटकर के द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान खटकर ने अभियान में जुड़े अधिकारी का परिचय प्राप्त करते हुए अनुदेशक सुनिता झारिया, धनेश्वरी मानिकपुरी, कु. वैष्णवी सिन्हा की मेहनत, लगन, परिश्रम की तारीफ करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। जिला शिक्षा अधिकारी ने अध्ययनरत शिक्षार्थियों से चर्चा के दौरान आंखर झापी, बुनियादी साक्षरता प्रवेशिका के अध्याय का वाचन करवाया, शिक्षार्थी फर्राटेदार वाचन करते हुए पाये जाने पर संतुष्ट दिखे। वार्ड नं. 03 के पार्षद विमला साहू ने वार्ड के समस्त शिक्षार्थियों के कॉपी एवं पेन (शिक्षण सामग्री) अपनी ओर से प्रदान की, जिससे लोगो को पढ़ाने में सहायता मिल सके। कार्यक्रम में जिला परियोजना अधिकारी लालाराम देवांगन ने कार्यक्रम की प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी से अवगत कराया। सहा. जिला परियोजना अधिकारी डॉ. अखिलेश खरे ने कक्षाओं की निरंतरता एवं गुणवत्तापूर्ण साक्षरता शिक्षा पर जोर देते हुए शिक्षार्थियों, अनुदेशकों (स्वयंसेवी शिक्षकों) का मनोबल मोंगरे एवं उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में जिला रिसोर्स पर्सन पूर्णिमा सेठ, लताबेला नगर पालिका गरियाबंद के नोडल अधिकारी संगीता पाटिल, कृष्ण गोयल सिन्हा स्वयंसेवी शिक्षक सुनीता झारिया, धनेश्वरी मानिकपुरी, कु. वैष्णवी सिन्हा और वार्ड के शिक्षार्थी एवं जनसमुदाय उपस्थित रहें।

# जिले के ग्राम पंचायतों में 31 जुलाई तक विशेष ग्रामसभा का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

शासन के दिशा निर्देश के अनुसार जिले में 25 से 31 जुलाई तक विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया जायेगा। इस संबंध में कलेक्टर निलेश क्षीरसागर द्वारा समस्त अनुविभागीय अधिकारी एवं जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये है। जिसके तहत मेरी पंचायत मेरा अधिकार-जन सेवाएं हमारे द्वार अभियान अंतर्गत पंचायतों से संबंधित नागरिक घोषणा पत्र तैयार किया जाना है। इस अभियान में तैयार नागरिक घोषणा पत्र को ग्राम सभा द्वारा अनुमोदित किया जाना है। उक्त संबंध में संपादित की जाने वाली गतिविधियों एवं समय-सारणी का उल्लेख किया गया है। भारत सरकार, पंचायती राज मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी भूमि पर निवासरत व्यक्तियों को भूमि स्वामी का हक प्रदान किये जाने हेतु स्वामित्व योजना प्रारंभ की गई है। स्वामित्व सर्वे ऑफ इण्डिया के द्वारा ड्रोन के माध्यम से आबादी भूमि का सर्वे कर भूमि स्वामी को अधिकार अभिलेख प्रदान किये जाने की योजना है, जिसके लिए राजस्व विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। योजना का क्रियान्वयन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संयुक्त समन्वय से किया जाना है।

**स्वामित्व योजना से ग्रामवासियों को होने वाले लाभ :** ग्रामीण सम्पत्तियों का अधिकार अभिलेख निर्माण, प्रत्येक सम्पत्तिधारक को उसके सम्पत्ति का स्वामित्व प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा, सम्पत्तियों पर बैंक से ऋण लेना आसान होगा, सम्पत्तियों के पारिवारिक विभाजन, सम्पत्ति हस्तांतरण की प्रकिया सुगम, पारिवारिक सम्पत्ति के विवाद में कमी आयेगी।

**स्वामित्व योजना से ग्राम पंचायत को होने वाले लाभ :** सम्पत्ति शुल्क के रूप में पंचायत को स्थानीय आय का साधन प्राप्त होगा, पंचायत स्तर पर ग्राम विकास की योजना बनाने में सुविधा, शासकीय एवं सार्वजनिक सम्पत्ति की सुरक्षा एवं रख-रखाव आसान, सम्पत्ति के नामांतरण एवं बंटवारा का प्रत्यक्ष अधिकार, तत्संबंध में ग्राम पंचायतों में दिनांक 25 जुलाई से 31 जुलाई 2021 को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाकर स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन पर चर्चा एवं नागरिक घोषणा पत्र का अनुमोदन बाबत अपने स्तर से निर्देश प्रसारित करने कहा है।

## भारतीय जनता पार्टी बलौदाबाजार ग्रामीण मंडल की विशेष बैठक सम्पन्न

**बलौदाबाजार।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में बलौदाबाजार ग्रामीण मंडल की आवश्यक बैठक ग्रामीण मंडल के प्रभारी व भाजपा जिला उपाध्यक्ष तेजराम वर्मा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। बैठक का शुभारंभ भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र में पुष्प, माला एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। ग्रामीण मंडल अध्यक्ष डोमनलाल वर्मा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। ग्रामीण मंडल के सभी शक्ति केन्द्र एवं बुथ स्तर की वस्तु स्थिति की जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तेजराम वर्मा ने मंडल के पदाधिकारी एवं सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं से शक्ति केन्द्र एवं बुथ स्तर की चल रहे संगठनात्मक कार्यो की समीक्षात्मक जानकारी ली। बैठक में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के तत्वाधान में प्रदेश में ऊपजे रासायनिक खाद, बीज की किल्लत से जुझ रहे किसानों की समस्याओं को लेकर 26 जुलाई दोपहर 12 बजे गार्डन चौक बलौदाबाजार में विधानसभा स्तरीय एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपेंगे। कार्यक्रम को सफ ल बनाने के लिए ग्रामीण मंडल के शक्तिकेन्द्र एवं बुथ स्तर के कार्यकताओं को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफ ल बनाने का आव्हान किया गया।

# भाटापारा के आदित्य भारतीय कुराश महासंघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणीं में शामिल

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com




नगर के आदित्य सिंह ठाकुर भारतीय कुराश महासंघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित हुए। अहमदाबाद गुजरात में आयोजित विशेष वार्षिक आमसभा में हुआ निर्वाचन। कुराश खेल एशियाई खेलों में सम्मिलित खेल है आदित्य पहले भी वर्ल्ड जूनियर कुराश चैंपियनशिप एवं सीनियर एशियन कुराश चैंपियनशिप में बतौर कोच एवं मैनेजर की भूमिका निभा चुके है। वर्तमान में आदित्य छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन के सचिव भी है इनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश के खिलाड़ी लगातार र्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत रहे है कुराश खेल प्रशासक के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर इन्हें राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सदस्य निर्वाचित किया गया है इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ ओलिंपिक संघ के महासचिव गुरुचरण सिंह होरा, छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष जीएस बॉम्बरा, छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन के सदस्यगण, जिला ओलिंपिक संघ के अध्यक्ष धीरज बाजपेयी, जिला ओलिंपिक संघ के सचिव ह्र्दानन्द साहू, इंद्रजीत पाध्ये समस्त जिला खेल संघ बलौदाबाजार भाटापारा खेल प्रशिक्षकों एवं खिलाडियो ने शुभकामनाये दी।

# टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल बीईओ को दिया ज्ञापन



**गरियाबंद ।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ब्लॉक इकाई गरियाबंद के पदाधिकारियों ने विकास खंड शिक्षा अधिकारी को नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष जितेन्द्र सोनवानी के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा। जिसमें संगठन द्वारा कुछ प्रमुख विषयों पर अपनी बात रखी गयी। वेटेज, समयमान वेतनमान, संकुल वार सेवा पुस्तिका संधारण एवं सीपीएफ पासबुक के संबंध में व स्थानीय समस्याओं पर विस्तार से चर्चा किया गया। विशेष रूप से अनुकम्पा नियुक्ति पर चर्चा करते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि उनके पास किसी भी प्रकार के अनुकम्पा से सम्बंधित प्रकरण लम्बित नहीं है। समस्त आवेदन को जिला शिक्षा अधिकारी- गरियाबंद को प्रेषित किया जा चुका है। इस हेतु पदाधिकारियों ने आभार प्रकट किया। प्रतिनिधि मण्डल में जिलाध्यक्ष परमेश्वर निर्मलकर, नंदकुमार रामटेके, भगवंत कुटारे, सलीम मेमन ,इरफ ान कुरैशी, ईश्वरी देवांगन सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मार्शल आर्ट्स स्पोर्ट्स एकेडमी में इंटर क्लब जूडो चैंपियनशिप का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com



मार्शल आर्ट्स स्पोर्ट्स एकेडमी में इंटर क्लब जूडो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसके उदघाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाटापारा के विधायक एवं मार्शल आर्ट्स स्पोर्ट्स एकेडमी के संरक्षक शिवरतन शर्मा थे। जिनके स्वागत में मार्शल आर्ट्स स्पोर्ट्स एकेडमी के कोच सुरेश राव के द्वारा शाल एवं 101 खिलाड़ियों के द्वारा 101 नारियल से सम्मानित किए विधायक शर्मा ने 10 लाख की राशि स्पोर्ट्स क्लब को देने की घोषणा की। उक्त अवसर पर अतिथि के रूप में राकेश तिवारी जिला महामंत्री, परमानंद सचदेव पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी, सुनील यदु अध्यक्ष जिला युवा मोर्चा भाजपा, गोपाल देवांगन पार्षद, आशीष पुरोहित पार्षद, विजय यादव जिला प्रशिक्षण प्रमुख भाजपा, आशीष टोडर शहर अध्यक्ष युवा मोर्चा भाजपा, शेखर ठाकुर, पीताम्बर साहू, रवि वर्मा, धन्नू यादव आदि उपस्थित थे। इस चैंपियनशिप में भारतीय जूडो महासंघ के जूडो ब्लैक बेल्ट अभय केशरवानी, भीषम वर्मा, शुभम तिवारी, राहुल शर्मा, यशवंत ध्रुव तथा नेशनल खिलाड़ी विभांशु मिश्रा के द्वारा ऑफिसियल किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन मार्शल आर्ट्स स्पोर्ट्स एकेडमी के संचालक सुरेश राव के द्वारा किया गया।

## पोषक तत्व की मात्रा गोबर और केंचुआ खाद से कहीं ज्यादा

# गाजर घास से बनेगी जैविक खाद, मेवाड़ यूनिवर्सिटी में अनुसंधान हुआ सफल

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com

बड़ी समस्या बन चुकी गाजर घास, अब परेशान नहीं करेगी क्योंकि इससे जैविक खाद बनाने में सफलता मिल गई है। अब इंतजार है उन किसानों के रुझान का जो गोबर या केंचुआ खाद की खरीदी पर बड़ी रकम खर्च कर रहे हैं। यदि सब कुछ सही दिशा में चला तो खाद की खरीदी पर हो रही बड़ी रकम के खर्च से छुटकारा मिलेगा।

पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए बड़ी समस्या बन चुकी गाजर घास से जैविक खाद बनाने में कृषि वैज्ञानिकों को आखिरकार सफलता मिल गई है। यह सफलता, एक कदम और आगे तब बढ़ती नजर आती है, जब यह जानकारी मिलती है कि इसमें पोषक तत्व की मात्रा गोबर और केंचुआ खाद से कहीं ज्यादा है। अच्छी बात यह कि इसे बनाने के लिए ना ज्यादा साधन की जरूरत होगी, ना ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ेंगे।

**दो साल की मेहनत हुई सफल** : राजस्थान की मेवाड़ यूनिवर्सिटी के असिस्टेंट प्रोफे सर डॉ. सतीश कुमार आमेटा ने इस पर पहला रिसर्च सन 2019 में शुरू किया। यह अब जाकर 2021 में सफल हुआ है। उन्होंने पूरी रिपोर्ट विश्वविद्यालय में रखी, बाद में इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहली बार ईरान ने स्वीकार किया।

**होंगे यह पोषक तत्व** : गाजर घास से बनी जैविक खाद में जिन पोषक तत्वों की बहुलता होगी उसके अनुसार इसमें नाईट्रोजन की मात्रा 10.5, फास्फोरस 10.84, पोटेशियम 1.11, कैल्शियम0.90 और मैग्नीशियम की मात्रा 0.55 प्रतिशत है।जबकि केंचुआ खाद में नाईट्रोजन 1.61 प्रतिशत, फास्फोरस 0.68, पोटेशियम1.31, कैल्शियम 0.65 और मैग्नीशियम की मात्रा 0.43 प्रतिशत होती है।गोबर खाद भी अपेक्षाकृत गाजर घास से काफी कम पोषक तत्व रखता है। इसमें नाईट्रोजन 0.45, फास्फोरस 30,पोटेशियम 0.54, कैल्शियम 0.59 और मैग्नीशियम की मात्रा महज 0.28 प्रतिशत ही होती है।



**ऐसे बनती है खाद** : एक भाग की मात्रा में गोबर ,सूखी पत्तियां और लकड़ी का बुरादा तथा तीन भाग गाजर घास मिलाकर एक बड़े बॉक्स में रखें। इसमें छोटे-छोटे छिद्र होने चाहिए ताकि हवा का प्रवाह भीतर आताझं रहे। इससे गाजर घास का अपघटन शीघ्र होता है। समय-समय पर पानी छिड़काव करें। 2 माह बाद तैयार हो जाने वाली गाजर घास की जैविक खाद में यदि पोषक तत्वों की मात्रा बढ़ानी हो तो इसमें ट्राइकोडर्मा या रॉक फास्फे ट मिलाया जा सकता है।

### होगा यह लाभ

इस प्रक्रिया के 2 माह बाद तैयार होने वाली जैविक खाद पूरी तरह पर्यावरण हितैषी तो होगी ही, साथ ही मानव स्वास्थ्य भी सेहतमंद बनाए रखा जा सकेगा। बनी हुई खाद न केवल संतुलित जैविक खाद होगी बल्कि इसमें पोषक के अलावा सूक्ष्म पोषक तत्व भी भरपूर होंगे। इसकी मदद से भूमि की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने में सहायता मिलेगी। सबसे अच्छी बात यह कि यह बेहद कम दाम में तैयार होने वाली जैविक खाद होगी।

गाजर घास से बनी जैविक खाद में पोषक और सूक्ष्म पोषक तत्व, उपलब्ध सभी खाद से कहीं ज्यादा मिलेंगे। पर्यावरण हितैषी इस खाद के निर्माण से पहले किसान ध्यान रखें कि उपयोग की जा रही गाजर घास फ्लॉवरिंग स्टेज से पहले की हों।

**-डॉ.एसआर पटेल,** रिटायर्ड साइंटिस्ट (एग्रोनॉमी), इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर

# शक्ति की जन सेवा समिति द्वारा हटरी धर्मशाला में किया जाएगा 9 कमरों का नवनिर्माण

## 45 कमरों वाली हटरी धर्मशाला होगी वैवाहिक आयोजनों के लिए सर्व सुविधायुक्त

■ **दानदाताओं के सहयोग से 9 कमरों के नव निर्माण का भूमि पूजन**

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



सक्ती शहर में भी वैवाहिक कार्यों, मांगलिक आयोजनों एवं अन्य सार्वजनिक उपयोग के लिए दशकों पूर्व स्थापित हटरी चौक में जन सेवा समिति की हटरी धर्मशाला में शहर के दानदाताओं एवं सेवाभावी परिवारों के सहयोग से निर्माण का कार्य अनवरत जारी है,तथा शहर के सेवाभावी, दानदाताओं में सहयोग से स्थापित की गई हटरी धर्मशाला इन दिनों अंचल में सर्व सुविधायुक्त भवन के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर चुकी है, तथा पूर्व में जहां हटरी धर्मशाला में बड़े वातानुकूलित हाल एवं अन्य वर्तमान आवश्यकता अनुरूप डाइनिंग हॉल इत्यादि का निर्माण करवाया गया, साथ ही वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए धर्मशाला में आधुनिक लिफ्ट भी स्थापित की गई है, जिससे बुजुर्ग जन भी भवन के ऊपरी हिस्से तक कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी कर सकें।

इसी श्रृंखला में 26 जुलाई को जन सेवा समिति हटरी धर्मशाला द्वारा शहर के दानदाता परिवारों-- द्वारका प्रसाद खेतान, श्रीकृष्ण अग्रवाल (ट्रांसपोर्ट), बिलासराय दीनदयाल (पवन बर्तन),विकास प्लाईवुड,सेढुराम खेमचंद निगनिया, मामनचन्द रामप्रताप,बेनीप्रसाद अग्रवाल, किसान बीज भंडार, प्रकाश अग्रवाल (ट्रांसपोर्ट) के सहयोग से धर्मशाला के द्वितीय तल्ले पर 9 कमरों के नव निर्माण का भूमि पूजन विधिवत संपन्न कराया गया, इस अवसर पर जहां जन सेवा समिति के सदस्य गण एवं प्रायोजक परिवार के सदस्य भी उपस्थित रहे,तथा जन सेवा समिति के अध्यक्ष अशोक खेतान कोषाध्यक्ष सीए नीरज अग्रवाल एवं सचिव पवन अग्रवाल ने बताया कि आज हटरी धर्मशाला शक्ति में समय के अनुसार प्रतिवर्ष होने वाले सार्वजनिक आयोजनों, विवाह इत्यादि में जरूरतों को देखते हुए 9 कमरों का अतिरिक्त निर्माण आज प्रारंभ हुआ है, जो कि लगभग 3 माह में पूर्ण हो जाएगा, तथा 9 कमरे बनने के बाद धर्मशाला में कुल करीब 45 कमरे, बड़े हॉल, डायनिंग हॉल, उपलब्ध होंगे साथ ही जन सेवा समिति के इस कार्य में जहां शहर के दानदाता, सेवाभावी परिवार भी स्वस्फुरतः आगे आकर अपना सहयोग कर रहे हैं, ज्ञात हो कि शक्ति शहर पूरे जांजगीर-चांपा जिले में एक बड़ा विकासखंड एवं व्यापार का बड़ा केंद्र है। जहां आसपास के क्षेत्र के लोग भी आकर अपने विभिन्न प्रकार के मांगलिक एवं अन्य आयोजन संपन्न कराते हैं, जिसे देखते हुए धर्मशाला में अतिरिक्त कमरे निर्माण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जन सेवा समिति ने जहां सभी नव निर्माण होने वाले कमरों के दानदाताओं का आभार व्यक्त किया, तो वहीं पूर्व में भी धर्मशाला के निर्माण कार्यों में जिन भी परिवारों ने अपना प्रत्यक्ष/ अप्रत्यक्ष सहयोग देकर धर्मशाला को बेहतर बनाने में अपना योगदान दिया उन सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। वही हटरी धर्मशाला के द्वितीय एवं तृतीय मंजिल पर कुल 20 नए कमरे होंगे, जो कि सर्व सुविधा युक्त एवं वातानुकूलित है, तथा बड़ी होटलों की तरह इन कमरों में ठहरने के लिए एवं सारी सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं, तथा जन सेवा समिति के अनुसार वैवाहिक एवं अन्य आयोजनों के अलावा वर्ष भर यात्रियों के ठहरने के लिए भी इन कमरों का उपयोग किया जाएगा।

साथ ही कमरों का एक न्यूनतम शुल्क निर्धारित कर उसकी व्यवस्था बनाई जा रही है, वहीं दूसरी ओर जन सेवा समिति शक्ति द्वारा आयोजित 9 कमरों के भूमि पूजन समारोह में श्री डीएम चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन लखनलाल अग्रवाल (डीएम), श्रीकिशन अग्रवाल (महालक्ष्मी गारमेंटस), गणेशराम अग्रवाल, सत्यनारायण जिंदल, ओमप्रकाश बंसल (लाख वाले), अग्रवाल सभा शक्ति के पूर्व अध्यक्ष गोविंद राम कथूरिया, नगर पालिका शक्ति के पूर्व अध्यक्ष एवं जिला खनिज न्यास निधि के सदस्य श्यामसुंदर अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल (ओम ज्वेलर्स एंड मेटल), जन सेवा समिति शक्ति के अध्यक्ष अशोक खेतान, सचिव पवन अग्रवाल (दीना बर्तन वाले), कोषाध्यक्ष सीए नीरज अग्रवाल, विनोद कुमार बंसल, कन्हैया गर्ग, विकास कथूरिया (विकास प्लाईवुड), मनोज अग्रवाल (मां महामाया ज्वेलर्स),गल्ला किराना व्यापारी संघ शक्ति के पूर्व अध्यक्ष रमेश अग्रवाल, नरेश अग्रवाल (बाबा आटा), गुलाब केडिया (किसान बीज भंडार), सहित अन्य सदस्यगण मौजूद रहे तथा शहर में हटरी धर्मशाला के प्रारंभ हुए 9 कमरों के निर्माण को लेकर शहर वासियों ने भी जन सेवा समिति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि आज हटरी धर्मशाला में इन कमरों का निर्माण होने के बाद लोगों को विवाह इत्यादि कार्यों में एक ही स्थान पर सारी सुविधाएं मिल सकेगी, वहीं पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल ने भी कहा कि शहर की जन सेवा समिति एक अच्छा काम कर रही है, तथा शहर में आज वर्ष भर बड़े वैवाहिक कार्य एवं छोटे-बड़े आयोजन होते हैं, जिसे देखते हुए सार्वजनिक रूप से धर्मशाला में कमरों की आवश्यकता थी, तथा श्याम सुंदर अग्रवाल ने सभी दानदाताओं के प्रति भी आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि आज सभी के मुक्त हस्त से सहयोग से ही यह सभी चीजें संभव होती है, एवं सदैव हमें समाज एवं अपने शहर में सार्वजनिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता करनी चाहिए।

# टेमर की महिला समूह ने सदस्य के निधन पर दी सद्भावना स्वरूप सांत्वना राशि



पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

विकास खंड सक्ति अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) नंदेली कलस्टर के दीप ग्राम संगठन टेमर की महिला स्व सहायता समूह द्वारा सरस्वती समूह की अध्यक्ष स्व श्रीमती उर्मिला पटेल पति जोहन पटेल के 20/07/2021 को आकस्मिक निधन हो जाने पर सद्भावना सांत्वना सहयोग राशि प्रदान कर एकता व सहयोग भावना का परिचय दिया गया , राशि भेंट करती विभिन्न समूहों की सक्रिय सदस्य श्रीमती जमुना पटेल , श्रीमती पुष्पा पटेल , मति ईश्वरी पटेल, श्रीमती मिथिलेश पटेल , श्री मति फुलकुंवर साहू एवम् सहयोगी मौजूद रहे।

## शासकीय कार्यवाहियों में 'विकलांग' की जगह अब 'दिव्यांग' शब्द का होगा प्रयोग

**बेमेतरा।** दिव्यांगजन कल्याण की योजनाओं और उससे संबंधित आगामी सभी शासकीय कार्यवाहियों में 'विकलांग' के स्थान पर 'दिव्यांग' शब्द का प्रयोग किया जाएगा। भारत सरकार द्वारा जारी दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के परिप्रेक्ष्य में मंत्रालय से राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। साथ ही इस आशय की सूचना सभी प्रशासकीय विभागों, विभागाध्यक्षों, संभागीय आयुक्तों, कलेक्टरों सहित आयोग, मंडल कार्योलयों को प्रेषित की गई है।

# बिरकोना निवेश क्षेत्र के अंगीकृत मानचित्र की प्रति 15 दिवस की अवधि के लिए निरीक्षण के लिए उपलब्ध

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि बिरकोना निवेश क्षेत्र में कुल 16 ग्रामों के वर्तमान भूमि उपयोग का प्रकाशन छत्तीसगढ़ राजपत्र में दो अप्रैल 2021 को सर्व साधारण के अवलोकन व आपत्ति, सुझाव के लिए किया गया। निर्धारित समयावधि उपरांत छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा 15(4) के तहत बिरकोना निवेश क्षेत्र के वर्तमान भूमि उपयोग का अंगीकरण 22 जुलाई 2021 को किया गया।

उक्त अंगीकृत मानचित्र की प्रति 15 दिवस की अवधि के लिए निरीक्षण के लिए कार्यालय संभागीय आयुक्त जिला दुर्ग, कार्यालय कलेक्टर कबीरधाम, कार्यालय सहायक संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, कवर्धा जिला कबीरधाम और कार्यालय ग्राम पंचायत बिरकोना, जनपद पंचायत कवर्धा, जिला कबीरधाम में उपलब्ध है।

## मेरिट एवं अनुभव अंक के आधार पर चयन व प्रतीक्षा सूची जारी

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत आयोजित लिखित परीक्षा उपरांत स्टाफ नर्स एनआरसी एवं नर्सिंग ऑफिसर के रिक्त पदों पर संविदा भर्ती के लिए अभ्यर्थियों के प्राप्त अंक सहित चयन एवं प्रतीक्षा सूची आया बाई एसएनसीयू पद का मेरिट एवं अनुभव अंक के आधार पर चयन व प्रतीक्षा सूची जारी किया गया है। जिसे जिले के वेबसाईट में एवं कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के नोटिस बोर्ड में चस्पा किया गया है।

## सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए 6 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति

**कवर्धा।** कलेक्टर श्री रमेश कुमार शर्मा ने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य राज्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण योजनांतर्गत वर्ष 2019-20 के लिए अनुशंशित कार्य की स्वीकृति प्रदान की है। कलेक्टर श्री शर्मा ने बताया कि विकासखंड बोड़ला के ग्राम पंचायत राजानवांगांव के सतनामी पारा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए 6 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इस निर्माण के लिए संबंधित ग्राम पंचायत को निर्माण एजेंसी बनाया है।

# अवैध शराब के मामले में एनएसयूआई के प्रदेश प्रवक्ता आयुष पांडेय ने अकलतरा के टी आई को सौंपा ज्ञापन



पायनियर संवाददाता ◄ अकलतरा
www.dailypioneer.com

एनएसयूआई के प्रदेश प्रवक्ता आयुष पांडेय ने अवैध शराब नशीले मादक पदार्थों की बिक्री मामले में कड़ी कार्यवाही करने के लिए अकलतरा टी आई को सौंपा ज्ञापन अकलतरा नगर में अलग-अलग जगहों में अवैध शराब गांजा एवं नशीले पदार्थों की बिक्री होना शहर के लिए बेहद दुर्भाग्य जनक बात है और हम युवा इसके पूर्णता खिलाफ भी हैं शहर में अधिकतर मोहल्लों में अवैध शराब एवं गांजे की बिक्री होना हमारे शहर का नशे की चपेट में आना साबित करता है नगर में विगत महीनों में चोरियां एवं शांति व्यवस्था में भी व्यवधान उत्पन्न हो रहा है और हम आपसे मांग करते हैं कि इस मामले पर त्वरित कार्यवाही की जानी चाहिए साथ ही यदि संभव हो तो थाना स्तर पर जन जागरण अभियान की शुरुआत की जाए जिससे हम एनएसयूआई के कार्यकर्ता आपका पूर्णता सहयोग करेंगे अविनाश साहू, विकास भारद्वाज, योगेंद्र सोनवानी, जतिन सोनवानी।

# कलेक्टर खजिन प्रभावित गौठान को स्वावलंबी बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर महादेव कावरे ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के गौठानों में स्व सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गौठान में समूह की महिलाए खाद बनाने की कार्य तो कर ही रही हैं इसके साथ ही उन्हें अन्य अजीविकास से भी जोड़ने का कार्य करें। ताकि समूह की प्रत्येक महिलाए माह में कम से कम 7-8 हजार रूपये तक आमदनी प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि समूह की महिलाओं के द्वारा आचार, पापड़, चिप्स, पॉपकार्न एवं अन्य सामग्री बनाायी जा रही है। उनके विक्रय के लिए भी उन्हें बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है। ताकि महिलाओं को अच्छा-खास मुनाफा हो सके। इसके लिए उन्होंने वन विभाग के अंतर्गत संचालित संजीवनी दुकान के माध्यम से समूह की महिलाओं का सामान विक्रय किया जा रहा है। इस अवसर पर वनमण्डलाधिकारी कृष्णा जाधव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के.एस.मण्डावी, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, उद्योग विभाग, कोषालय विभाग, जिला कौशल विकास विभाग, एनआरएलएम के अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्यक्ष खनिज प्रभावित गांव के गौठानों को स्वावलंबी बनाने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। समूह की महिलाओं को विभिन्न आजीविकास से जोड़ने के लिए अनेक गतिविधियों में भी शामिल किया गया है। बैठक में अधिकारियों को गतिविधियों में पापंड़, मिक्चर, बड़ी, गुपचुप, टिफिन सर्विस, नर्सरी, आईस फैक्ट्री, पोटैटो , बनाना चिप्स, टूटी-फूर्टी, रबर-बेण्ड, पोहा, पेठा, मोप मैकिंग, मिनी तेल मील, एलईडी बल्ब, फूर्टी फ्लेवयर, ड्रिंक, कैण्डल, पेपर डैक्रोटिंग, दिया-बाती, तेजपत्ता, दालचीनी, काली मिर्च की खेती साथ आजीविका संवर्धन हेतु देशी मुर्गीपालन के संबंध में प्रजेंटेंशन के माध्यम से जानकारी दी गई। वर्तमान में जशपुर विकासखंड के बालाछापर में लक्ष्मी स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा ड्राईविंग प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## हुक्का बार में पुलिस की दबिश, मैनेजर गिरफ्तार

**बिलासपुर।** रविवार की रात सिविल लाइन पुलिस ने इंडियन बावर्ची होटल में दबिश देकर तीन युवकों को पकड़ लिया। पुलिस ने होटल से दो हुक्का पाट जब्त कर मैनेजर को गिरफ्तार किया है। मैनेजर के खिलाफकोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। एएसपी उमेश कश्यप ने बताया कि एसपी दीपक झा ने शहर के हुक्का बार में कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इस पर रविवार की रात शहर के सभी थानों की टीम बनाकर होटल और बार में दबिश दी गई। इस दौरान अग्रसेन चौक स्थित इंडियन बावर्ची होटल में तीन युवक हुक्का पीते मिले। पुलिस ने होटल मैनेजर एन मनीष कुमार से हुक्का पिलाने के संबंध में दस्तावेज मांगे। लाइसेंस और दस्तावेज नहीं होने पर पुलिस ने दो हुक्का पाट जब्त कर मैनेजर मनीष कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। शहर के सिविल लाइन और तारबाहर थाना क्षेत्र के बार में देर रात तक शराब बेची जा रही है। देर रात तक बार के सामने युवकों की भीड़ रहती है।

# मंत्री मो. अकबर शोक संतप्त परिवार से भेंटकर अपनी संवेदना प्रकट की



पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

प्रदेश के वन, परिवहन, आवस एवं पर्यावरण मंत्री श्री मोहम्मद अकबर शुक्रवार को अपने एक दिवसीय कबीरधाम प्रवास के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। मंत्री श्री अकबर प्रवास के दौरान ग्राम प्रभाटोला में श्री गौतम सिंह जांगड़े के निवास पर परिजनों से भेंट की साथ ही स्वर्गीय दिलीप झारिया के निवास में पहुंचकर उनके परिवार के सदस्यों से भेंट मुलाकात कर अपनी संवेदना प्रकट की। कवर्धा के दर्रीपारा निवासी श्री श्याम सुदंर अग्रवाल के निवास पर तेरहंवी कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने परिजनों से भेंटकर अपनी गहरी संवेदना प्रकट की। इस अवसर पर समस्त जनप्रतिनिधि, परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

इस अवसर पर क्रेडा के सदस्य श्री कन्हैया अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा, नीलकंठ चंद्रवंशी, कलीम खान, तुकाराम चंद्रवंशी, नगर पालिका उपाध्यक्ष जमील खान, सभापति प्रमोद लूनिया, चुनवा खान, अशोक सिंह, मोहित माहेश्वरी, राजकुमार तिवारी, सुनील साहू, एल्डरमेन दलजीत पाहुजा, कौशल कौशिक, जाकिर चौहान, होरी साहू, राजेश माखीजानी, सुधीर केशरवानी, आकाश केशरवानी, लेखा राजपूत, विकास केशरी, प्रशांत परिहार, लक्की कादरी, नदीम अंसारी, सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार लगातार किसानों के हित पर कुठाराघात कर रही है

# खाद बीज की कमी को लेकर भाजपा किसान मोर्चा का जंगी प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ प्रदेश में कृषि वर्ष 2021-2022 खाद बीज की कमी को लेकर तथा छत्तीसगढ़ सरकार की कुप्रबंधन और कुव्यवस्था के विरोध में भारतीय जनता पार्टी जिला किसान मोर्चा बलौदाबाजार के द्वारा एक दिवसीय जंगी प्रदर्शन का आयोजन विधान सभा मुख्यालय बलौदाबाजार के गार्डन चौक में सम्पन्न हुआ। जिसमें संयुक्त रूप से वक्ताओं ने छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार को आड़े हाथों लेते हुए किसान हित में अपनी बात रखी। सभा को सम्बोधन करते हुए भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य टेसूलाल धुरंधर ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार लगातार किसानों के हित पर कुठाराघात कर रही है सरकार की नियत और नीति दोनो किसान विरोधी है, भूपेश सरकार बीज उपलब्ध कराने से लेकर खाद की व्यवस्था में नकारा साबित हुई है। धुरंधर ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार जानबूझकरके अप्रमाणित नकली कम्पोस्ट खाद को किसानो को जबरन क्रय करने के लिए विवश कर रही है जो कि सिधे तौर पर किसानों की जेब में डाका है। भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन वर्मा ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य की गुंगी, बहरी सरकार किसानो की जायज मांग को पूर्ण करने मे असफल साबित हो रही है आज छत्तीसगढ़ की किसान खाद की अनुपलब्धता के कारण अनमने ढंग से दुकानदारो के पास से ज्यादा किमत में खाद खरीदने के लिए विवश है और छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार पद के मद में मदमस्त है पवन वर्मा ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ के किसान वर्तमान में अल्प वर्षा, अघोषित बिजली कटौती, लो वोल्टेज को लेकर हताश व निराश है किसान लगातार कार्यालयीन चक्कर काटने को विवश है। सभा को सम्बोधित करते हुए डॉ कुशल वर्मा, विजय केसरवानी, पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, जनपद अध्यक्ष सुमन वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, आनंद यादव, जिला साहू संघ अध्यक्ष धनंजय साहू, कृष्णा अवस्थी, नीलम सोनी, सुनीता वर्मा, नंदकुमार साहू, अशोक जैन, कौशिल्या वर्मा, दीपक शर्मा, अदिति बघमार, डोमन वर्मा, संकेत शुक्ला, पुरूषोत्तम साहू, नरेश केसरवानी, अनिल बघेल, हेमंत टिकरिहा, रेवाराम साहू, नेतराम साहू, ताराचंद कन्नौजे, मुरारी साहू, जे.पी.धुरंधर, सेवक साहू, चित्रेखा साहू, रामेश्वरी वर्मा ने भी भूपेश सराकर की किसान विरोधी नीति और खाद बीज की कुप्रबंधन और कुव्यवस्था पर खरीखोटी बाते सुनाई भाजपा नेतागण ने जंगी प्रदर्शन के माध्यम से भूपेश सरकार को आगाह करते हुए चेतावनी दिये हैं कि समय पर किसानों को खाद उपलब्ध नहीं कराई तो सड़क से सदन तक की लड़ाई जारी रहेगी और आगे किसानों की हित में उग्र आंदोलन किया जावेगा। कार्यक्रम में मुख्यरूप से केजुराम बघेल, भागबली साहू, मणीकांत मिश्रा, दिनेश साहू, पुनीत यादव, अजय गर्ग, करण वर्मा, चंद्रिका वर्मा, शेषनारायण वर्मा, रीटा केसरवानी, सविता साहू, मंजीत कौर सलूजा, सुशीला वर्मा, शांति वर्मा, करूणा वर्मा, राजेश्वरी साहू, राकेश साहू, नेतराम साहू, कामदेव वर्मा, बालाराम विश्वकर्मा, शांतिलाल पात्रे, ज्वाहरलाल वर्मा, लक्ष्मीकांत वर्मा, जयनारायण सोनी, रमेशर यदु, भगवानी ध्रुव, गोवर्धन पाल, मानस श्रीवास, खुमुक वर्मा, अंजय श्रीवास, राधेश्याम वर्मा, अभिषेक तिवारी, भीम कन्नौजे, नरेश वर्मा, सहदेव वर्मा, लोकनाथ वर्मा, बसावन साहू, विकास कोटवानी, संजय श्रीवास, संजय पंजवानी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं किसान उपस्थित रहे।

संपादकीय

# नेताओं की लफ्फाजी

## न्यायालय द्वारा खिंचाई

दिल्ली उच्च न्यायालय ने राजनेताओं से कहा है कि वे अपने द्वारा किए वादों का सम्मान करें। उसने 89 पेज के फैसले में सरकारों में उच्च पदों पर बैठे राजनेताओं से कहा है कि उनको जनता से खोखले वादे करने के बजाय उनका सम्मान करना चाहिए। यह फैसला दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा एक मामले में किए वादे से संबंधित है। इससे यह संदेश जाता है कि कानून और नैतिकता के बीच खाई पाटनी जरूरी है तथा सत्ता के उच्च पदों पर बैठे निर्वाचित या अन्य अधिकारियों को समझना चाहिए कि वे 'जनता के प्रति जवाबदेह हैं, खासकर ऐसे मामले में जब वे कोई खास काम करने या न करने पर अपनी सहमति दे देते हैं।' नागरिकों को उम्मीद होती है कि सरकार अपने द्वारा किए वादों का क्रियान्वयन करेगी। जस्टिस प्रतिभा एम. सिंह ने फैसले में अपनी टिप्पणी से समाज की सोच को अभिव्यक्ति दी है। उन्होंने कहा है, 'यह कहावत सामाजिक संदर्भ में बहुत महत्वपूर्ण है कि वादे तोड़ने के लिए किए जाते हैं।' इस निर्णय में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि सरकार या उसके अधिकारियों द्वारा किए वादे पूरे न किए जाने पर 'न्यायिक रूप से लागू करने योग्य' होते हैं। यह निर्णय राजनेताओं को उन चीजों की याद दिलाता है जो प्रशासन के बिजनेस में कही जाती हैं, पर राजनीति के दायरे में भुला दी जाती हैं। इनमें से एक यह है कि सुशासन के लिए शासन करने वालों और शासित लोगों के बीच विश्वास बनाए रखना जरूरी है। यह विश्वास बनाए रखना उन आश्वासनों की वैधानिकता से जुड़ा है जो नागरिकों और सरकार के बीच संबंध मजबूत करते हैं। नागरिक सरकारी पदों पर बैठे लोगों के वादों पर काफी विश्वास करते हैं और उनके द्वारा दिया गया आश्वासन एक दायित्व की तरह है जो जनता के प्रति उनके सार्वजनिक दायित्व से जुड़ा होता है। इस निर्णय से एक महत्वपूर्ण नतीजा यह निकलता है कि किसी उच्चाधिकारी द्वारा दिया गया प्रतिनिधित्व उसके अधिकार के दायरे में आ जाता है। इस निर्णय का भारतीय राजनीति पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा जिसमें सत्तारूढ़ राजनेता बिना पहले विचार किए लोकरंजक बातें करने के आदी हो जाते हैं और प्रशासन के दृष्टिकोण से उन पर बाद में सोचते हैं। किसी भी दिन के अखबारों को सरसरी नजर से देखने पर जनता के निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा किए ऐसे अनेक वादे दिखते हैं जो अधूरे रह जाते हैं।

वर्तमान मामले का संबंध कुछ गरीब श्रमिकों द्वारा अदालत में दायर की गई याचिका से है। इसमें केजरीवाल से उनकी ओर से किराया अदा करने की बात कही गई है यदि वे कोविड-19 से आई मुसीबत के कारण उसे अदा करने में विफल रहे। केजरीवाल ने मार्च, 2020 में इसका वादा किया था, पर बाद में इसका पालन नहीं किया। इस मामले के संदर्भ में अदालत का यह कथन बिल्कुल ठीक है कि 'वाणिज्यिक विज्ञापनों में जिस प्रकार के बड़बोलेपन की अनुमति है, उसे प्रशासन में स्वीकार कर उसकी अनुमति नहीं दी जा सकती है।' यह फैसला उन राजनेताओं के लिए गंभीर चेतावनी है जिनके लिए जनता केवल मतदाता है, नागरिक नहीं। ऐसे लाखों राजनीतिक व चुनावी वादे हैं जो अनदेखे रह जाते हैं क्योंकि उन सत्तारूढ़ राजनेताओं को दंड देने के कोई कानून नहीं हैं जो परंपरागत रूप से वादे करते रहते हैं, पर उनके प्रति जवाबदेही नहीं प्रदर्शित करते हैं। इस फैसले के बाद सत्तारूढ़ लोगों को सोचना होगा कि वे जनता की वैध उम्मीदों से खिलवाड़ न करें।

# मध्यस्थता धनराशि की प्रतीक्षा में केयर्न

## ब्रिटिश बिजली व ऊर्जा क्षेत्र की विशाल कंपनी केयर्न इनर्जी ने भारत सरकार को मामला सुलझाने के लिए कई प्रकार के विस्तृत प्रस्ताव दिए हैं।



**शिवाजी सरकार**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)




**जिस** दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया था, उसी दिन भारत को एक तगड़ा झटका भी लगा था। ब्रिटिश बिजली व ऊर्जा क्षेत्र की विशाल कंपनी केयर्न इनर्जी के साथ पूर्वगामी टैक्स विवाद मामले में फ्रांस की एक अदालत ने पेरिस में भारत सरकार की आवासीय परिसंपत्तियों को फ्रीज कर दिया था। इस फैसले का प्रभाव 20 संपत्तियों पर पड़ेगा जिनका मूल्य 20 मिलियन यूरो या 177 करोड़ रुपये है। इनको कुछ साल पहले केयर्न इनर्जी द्वारा भारत को दिए कर्ज की गारंटी के रूप में रखा गया था। 755 मिलियन पौंड या लगभग 7,800 करोड़ रुपये बाजार पूंजीकरण वाली कंपनी ने अनेक देशों में 1.7 बिलियन डालर या 12,750 करोड़ रुपये की अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता धनराशि वसूल करने के लिए कई देशों में मुकदमे दायर किए हैं। कंपनी ने न्यूयार्क में भी मुकदमे दायर कर न्यायिक अनुमति मांगी है कि एयर इंडिया को भारतीय राज्य का हिस्सा मानते हुए उसे संयुक्त रूप से मध्यस्थता धनराशि के लिए जिम्मेदार माना जाए। फ्रांसीसी अदालत का फैसला दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि इससे नया राजनयिक टकराव पैदा हो सकता है जिसका प्रभाव देश की संप्रभुता पर भी पड़ेगा। इससे यह छवि भी बनेगी कि एमएनसी व अन्य निजी पार्टियां भारत को हल्के में ले सकती हैं। ठीक यही हुआ। केयर्न जैसा एक मामला देवास मल्टीमीडिया का है जिसे इसरो के पूर्व कार्यकारियों ने शुरू किया था। इसने इसरो के एंट्रिक्स कार्प के साथ समझौता किया था। राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण ने 2005 में कहा था कि स्पेक्ट्रम समझौता धोखाधड़ी है। उसका हिस्सा बाद में ड्यूटुश टेलीकाम ने ले लिया। देवास ने यह कहते हुए मध्यस्थता ट्राइब्यूनल का दरवाजा खटखटाया कि इस प्रकार रद्द किए जाने से उसका कई मिलियन डालर का निवेश नष्ट हुआ है। 2020 में ट्राइब्यूनल ने देवास को 1.2 बिलियन डालर मंजूर कर दिए। अब वह भारत सरकार से भुगतान मांग रहा है जिसे सर्वोच्च न्यायालय ने स्थगित कर दिया है। न्यूयार्क की एक अदालत ने एयर इंडिया से भुगतान करने को कहा है नहीं तो उसकी संपत्ति जब्त कर ली जाएगी जिसमें विमान, कार्गो हैंडलिंग उपकरण तथा आर्टवर्क शामिल हैं।

दोनों मामलों में भारतीय अधिकारियों ने मामले की पैरवी ठीक से नहीं की। केयर्न और देवास मामले में उन्होंने जर्मनी और हेग अदालतों का दरवाजा खटखटाया, जबकि दो मध्यस्थता मामलों में न्यायक्षेत्र व आपराधिकता पर भारत के तर्क भारत-मारीशस व भारत-जर्मनी के द्विपक्षीय निवेश समझौतों-बीआईटी के अंतर्गत थे। केयर्न व देवास ने दबाव की रणनीति के अंतर्गत एयर इंडिया विमानों पर प्रमुख संपत्ति के रूप में निशाना लगाया ताकि भारत पर भुगतान वार्ता के लिए दबाव डाला जा सके। हालांकि, कर्ज का भुगतान प्राप्त करने के लिए विमान या संपत्तियां जब्त करना अतिवादी रणनीति कही जा सकती है, पर इसके पूर्व-उदाहरण हैं। विमान कीमती व गतिशील संपत्ति होते हैं ओर उनकी बिक्री तुलनात्मक रूप से आसान है। कुछ साल पहले अमेरिका के हेज फंड इलियट कैपिटल मेनेजमेंट ने अर्जेन्टाइना के समुद्री जहाज पर कब्जा कर लिया था ताकि 2001 में दिया कर्ज वसूल किया जा सके। केयर्न मामले का संबंध अनुचित टैक्स व्यवस्था से है। 2014 में पूर्वगामी टैक्स मांग के कारण कंपनी का सरकार के साथ विवाद है। आयकर विभाग ने उन भारतीय कार्रवाइयों में 10 प्रतिशत हिस्सा जब्त किया था जो केयर्न बेचने का प्रयास कर रही थी। लंबे विवाद के बाद केयर्न ने अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता का रास्ता अपनाया और उसे 1.7 बिलियन डालर प्राप्त हुए। हाल ही में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने उच्च कराधान का मामला उठाया। इसके अलावा पूर्वगामी टैक्स तथा पूर्वगामी प्रभाव से टैक्स लागू करने पर जटिलता का समाधान नहीं हुआ है। ओईसीडी ने कार्पोरेट पर न्यूनतम 15 प्रतिशत वैश्विक टैक्स का प्रस्ताव किया है। संप्रग सरकार ने विवादास्पद पूर्वगामी टैक्स की शुरुआत मार्च, 2012 में की थी। राजग-2 से उम्मीद थी कि वह इसे ठीक करेगी, पर 2014 के बाद भी नौकरशाही व्यवस्था उसी रास्ते पर चलती रही। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने 20 जनवरी, 2012 को वोडाफोन के पक्ष में फैसला देते हुए 2010 के बंबई उच्च न्यायालय के फैसले को उलट दिया था जिसमें कहा गया था कि वोडाफोन को पूर्वगामी प्रभाव से 2 बिलियन डालर टैक्स देना होगा क्योंकि दो अनिवासी उद्यमों के बीच शेयरों के हस्तांतरण पर भारतीय पूंजी लाभ कर-सीजीटी लागू होता है। लेकिन कर अधिकारियों ने सर्वोच्च न्यायालय के फैसले से बचने के लिए मार्च, 2012 में पूर्वगामी टैक्स लागू कर सरकार को सीजीटी लागू करने की अनुमति दे दी। यह कदम पूर्व वित्त मंत्री प्रणव मुखर्जी ने 2012 में उठाया था। मार्च, 2018 में तत्कालीन वित्त मंत्री स्वर्गीय अरुण जेटली ने कहा था कि संप्रग द्वारा वोडाफोन पर पूर्वगामी टैक्स लगाना गलत था और 'वर्तमान सरकार उस रास्ते पर नहीं चलेगी।' 18 जुलाई, 2014 को उन्होंने कहा था कि भारत पूर्वगामी प्रभाव से कोई टैक्स नहीं लागू करेगी जो अतिरिक्त बोझ डालता है। लेकिन जेटली ने 2011 का कानून वापस करने के लिए कोई कदम नही उठाए।

जेटली व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पूर्वगामी टैक्स न लगाने के वादों का प्रयोग केयर्न इनर्जी ने 20 दिसंबर, 2020 को हेग में तीन सदस्यों वाले स्थाई मध्यस्थता न्यायाधिकरण में किया गया। इसने फैसला दिया कि 2006 में केयर्न इनर्जी के भारतीय बिजनेस का पुनर्गठन 'अवैध करापवंचन' नही था और उसने कर अधिकारियों को अपनी मांग छोड़ने को कहा। लेकिन नौकरशाही की जिद के कारण ऐसा नहीं हुआ। केयर्न ने मध्यस्थता फैसला लागू करने के लिए विभिन्न महाद्वीपों के न्यायक्षेत्रों में प्रयास किया जिनमें अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, सिंगापुर, मारीशस, फ्रांस व नीदरलैंड शामिल हैं। कंपनी का इरादा उच्च मूल्य वाली परिसंपत्तियों पर निशाना लगाना है। केयर्न ने मामला सुलझाने के लिए भारत सरकार को अनेक विस्तृत प्रस्ताव दिए हैं। लेकिन अब राजग सरकार संभवतः अधिकारियों के दबाव में अपना दृष्टिकोण बदल रही है। भारत को यह सवाल परेशान कर रहा है कि क्या देश को अपने ध्वजवाहक विमानों तथा अन्य प्रमुख संपत्तियों से हाथ धोना पड़ेगा? तकनीकी रूप से ऐसा हो सकता है, लेकिन अधिकारियों का कहना है कि उनको अभी फ्रांसीसी अदालत या सरकार से कोई नोटिस या संदेश नहीं मिला है और वे मामले का डट कर बचाव करेंगे। इससे वार्ताओं के साथ ही और मुकदमेबाजी संभव है। केयर्न कार्पोरेट कम्युनिकेशन के निदेशक डेविड निस्बत ने कहा था कि कंपनी भारत के साथ समझौता कर अपने शेयरधारकों का विश्वास बनाए रखना चाहती है। उसने 1.7 बिलियन प्राप्त करने के लिए 70 बिलियन डालर की भारतीय परिसंपत्तियों की पहचान की थी। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय कंपनी जानती है कि सरकारों से मुकाबले के साथ ही उसे बिजनेस में उनकी सद्भावना भी चाहिए।

फ्रांसीसी अदालत का वर्तमान आदेश आने से पहले जनवरी, 2021 से ही सरकार बातचीत कर रही है। वह मध्यस्थता भुगतान के बजाय केयर्न इनर्जी को रत्ना-आर सीरीज़ का एक तेल क्षेत्र दे सकती है जिसे अरब सागर में इस्सार-प्रीमियर आयल से 2016 में लिया गया था। केयर्न ने 10247 करोड़ रुपये पूर्वगामी टैक्स की मांग के बाद एनजीआरआई सर्वेक्षण के नतीजे में बाड़मेर में सबसे गहरे तेल कुंए बनाने की इच्छा छोड़ दी थी। शायद सरकार चाहती थी कि सबसे कम आपरेशनल खर्च वाली यह सबसे बड़ी तेल कंपनी भारत आए जिससे उसकी अंतरराष्ट्रीय निवेशकों में अच्छी छवि बने। वह बाड़मेर तेल क्षेत्र के अन्य विकल्प भी खोज रही थी।

# सरकार के समक्ष पेगासस की चुनौती

> "सभी जानते हैं कि पेगासस वर्तमान समय में एक स्पाईवेयर प्रोग्राम है जिसका प्रयोग किसी फोन को हैक कर इस उपकरण पर नियंत्रण स्थापित करने के लिए किया जाता है।"

**ज्ञानेश्वर दयाल**
(लेखक डाक्यूमेंट्री फिल्म निर्माता एवं स्तम्भकार हैं)



**सफेद** पंखों वाला काल्पनिक लड़ाकू घोड़ा पेगासस आखिरकार भारत में उतरा है। ऐसा लगभग दो साल पहले 2019 चुनाव के पूर्व हुआ। पेगासस संभवतः ऐसा सफेद घोड़ा सिद्ध हुआ जिसकी पीठ पर सवार होकर भाजपा ने विपक्ष को नष्ट कर दिया और अपनी विजय सुनिश्चित की। काल्पनिक पेगासस की तरह इसने विरोधियों को नष्ट कर दिया तथा अपने सवार मालिक की आरामदेह व ऐतिहासिक विजय सुनिश्चित की। वास्तव में इसे जनता के पैसे से खरीदा गया था। सभी जानते हैं कि पेगासस वर्तमान समय में एक स्पाईवेयर प्रोग्राम है जिसका प्रयोग किसी फोन को हैक कर इस उपकरण पर नियंत्रण स्थापित करने के लिए किया जाता है। इस्राइल के एनएसओ ग्रुप द्वारा विकसित यह किसी मोबाइल फोन के कैमरे, माइक्रोफोन, कांटैक्ट लिस्ट, डेटा, आदि तक गोपनीय पहुंच बनाता है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा समस्याओं व आतंकवाद से निपटने हेतु किसी सरकार के लिए उपलब्ध है। निर्माताओं का दावा है कि वे व्यक्तियों, बिजनेसों या संगठनों को यह साफ्टवेयर नहीं बेचते हैं। वे इसे केवल सरकारों को बेचते हैं ताकि इसका दुरुपयोग न हो सके। 'प्रोजेक्ट पेगासस' फ्रांसीसी संगठन 'फारबिडेन स्टोरीज़' व एमनेस्टी इंटरनेशनल के कठोर परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने पेगासस की बिक्री, दुरुपयोग तथा लक्ष्यों की जांच की। उन्होंने पेगासस की निगरानी वाले लोगों के फोन नंबरों का पता लगाया। उन्होंने अपने काम का साझा मीडिया संगठनों से किया। इस परियोजना में सहयोगियों के रूप में गार्जियन, वाशिंगटन पोस्ट, भारतीय द वायर तथा अनेक अन्य मीडिया संगठन शामिल हैं। इससे एक भयानक प्रकरण सामने आया है। उन्होंने पता लगाया कि दुनिया के अनेक सरकारों ने कैसे इनका प्रयोग ऐसे लोगों के खिलाफ किया जिनको वे सरकारें एक संभावित खतरे की तरह देखती थीं। भारत इसे खरीदने और प्रयोग करने वाले देशों में से एक है जहां इसका प्रयोग आतंकवादियों के बजाय सिविल सोसाइटी के खिलाफ किया गया। राजनेता, पत्रकार, वकील, एक्टिविस्ट तथा उसके अपने मंत्री भी निशाने पर थे। सामने आई खबरों से संकेत मिलता है कि इसका प्रयोग प्रधान न्यायाधीश की एक इंटर्न, निर्वाचन आयुक्त, विपक्षी नेताओं तथा यहां तक कि सरकार के मंत्रियों के खिलाफ किया गया। वे न आतंकवादी थे और न उनसे राष्ट्रीय सुरक्षा को कोई खतरा था। सिद्धान्त रूप से यह




साफ्टवेयर आतंकवाद से लड़ने तथा देश की आंतरिक सुरक्षा मजबूत करने के लिए है, पर इसका प्रयोग तत्कालीन सत्तारूढ़ सरकार को मजबूत करने के लिए किया गया। यह उसे अपने खिलाफ लोगों के विरुद्ध खड़े होने तथा आतंकवाद के नाम पर भय पैदा करने का अवसर देता था। गृह मंत्री अमित शाह ने वर्तमान प्रकरण पर कहा है कि लोगों को क्रोनोलोजी समझनी चाहिए। हालांकि, जनता इस पूरे मामले पर सवाल उठा रही है तथा जानना चाहती है कि पिछले चार-पांच साल में क्या हुआ। तस्वीर को समग्रता से देखने के लिए इस मामले में भारत में लक्षित लोगों की लंबी सूची में शामिल कुछ नामों पर गौर किया जा सकता है। 2019 के आम चुनाव से पहले और उसके बाद बहुत कुछ हो चुका है। तत्कालीन मुख्य चुनाव आयुक्त अशोक लवासा की आम चुनाव में प्रमुख भूमिका थी। वे एक ऐसी समिति में शामिल थे जो आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ शिकायतें सुन रही थी। मोदी व शाह के खिलाफ शिकायतों पर समिति के फैसले से लवासा की सहमति नहीं थी। उनकी पत्नी नोवेल लवासा को दो महीने बाद आयकर का नोटिस दिया गया। पूर्व प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई के खिलाफ इंटर्न ने एक शपथपत्र देकर यौन उन्मुखीकरण के आरोप लगाए थे और उसका नाम भी पेगासस सूची में शामिल था। पेगासस प्रोजेक्ट के अनुसार, उसका तथा उसके परिवार के 10 अन्य सदस्यों के नाम लक्षित सूची में शामिल थे। यह ऐसा समय था जब जस्टिस गोगोई ने अनेक महत्वपूर्ण व संवेदनशील मामलों में फैसले दिए थे जिनमें राम मंदिर व राफेल शामिल हैं। उन्होंने राफेल समझौते के मामले में मोदी सरकार को क्लीन चिट दी थी। उन्होंने अयोध्या फैसला दिया था जिससे केन्द्र सरकार बहुत प्रसन्न थी। उन्होंने सीताराम येचुरी द्वारा मुहम्मद यूसुफ तारीगामी को पेश करने वाली हीबियस कार्पस याचिका पर कठोर दृष्टिकोण नहीं अपनाया था। यह निर्णय मोदी सरकार द्वारा अनुच्छेद 370 समाप्त करने तथा कश्मीर में अनिश्चितकालीन लाकडाउन के निर्णय के बाद आया था। जस्टिस गोगोई की अध्यक्षता वाली पीठ ने उनकी हिरासत को अवैध नहीं कहा था। पेगासस का प्रयोग विपक्षी नेता तथा 2019 को मोदी को चुनौती देने वाले प्रमुख नेता राहुल गांधी के खिलाफ भी किया गया था। एक समय भाजपा के रणनीतिकार रहे प्रशांत किशोर का नाम भी लक्षित लोगों की सूची में था। मजेदार बात है कि इस मामले में सरकार का सदन में बचाव आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया। उन्होंने कहा कि ऐसी जासूसी असंभव है, हालांकि स्वयं उनका फोन भी निगरानी वाली सूची में शामिल था। इस साफ्टवेयर का प्रयोग भीमा कोरेगांव मामले के आरोपियों के खिलाफ भी किया गया था। पश्चिमी मीडिया पहले ही संकेत दे चुका है कि भीमा कोरेगांव मामले में लोगों को गलत तरीके से फंसाया गया था। हनी बाबू, मुसलियावेत्तिल

## फरमाया



**प्रधानमंत्री** का बयान स्वागतयोग्य था, लेकिन जमीनी स्तर पर कश्मीरी अवाम का दिल जीतने के प्रयास होते नजर नही आ रहे हैं।

– **फारूख अब्दुल्ला**
अध्यक्ष नेकां



**देश** आजादी के 75 वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है, ऐसे में महात्मा गांधी के भारत छोड़ो आंदोलन की तर्ज पर प्रत्येक नागरिक को भारत जोड़ो आंदोलन की अगुवाई करनी चाहिए।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**प्रधानमंत्री** को पेगासस के आरोपों पर संसद में बयान देकर स्पष्ट करना चाहिए कि जासूसी कराई गई थी या नहीं।

– **पी चिदंबरम**
कांग्रेस नेता

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## पेगासस पर दावे-प्रतिदावे

**मानसून** सत्र के लिए पेगासस का जिन्न मुसीबत बन कर आया है। सियासत के कारण सदन की मर्यादा और सदस्यों का व्यवहार खराब हुआ है। विपक्ष कई वरिष्ठ और गणमान्य के फोन टेप किए जाने को लेकर हंगामा कर रहा है तो सरकार दावे को निराधार बता रही है। दोनों के बीच बढ़ती तल्खी से सदन का बहुमूल्य वक्त जाया हो रहा है जो कोरोना की तीसरी लहर की आशंका के मद्देनजर उचित नहीं है। पेगासस को लेकर पक्ष विपक्ष आमने-सामने है। विपक्ष नेताओं, जजों और पत्रकारों के फोन सरकार द्वारा टैप करवाए जाने का आरोप लगा रहा है। जासुसी प्रकरण को लेकर हो रहे हंगामे से लोकसभा की कार्यवाही नहीं चल पा रही है और पूरा सप्ताह हंगामे की भेंट चढ़ गया है। संसद में इस मुद्दे पर चर्चा और संयुक्त समिति से जांच की मांग को लेकर अड़ा विपक्ष सरकार को रास नहीं आ रहा है। सरकार इस मामले में अपने हस्तक्षेप को नकार रही है। इस बीच लोकसभा अध्यक्ष द्वारा चर्चा की मांग ठुकराई जाने से भी विपक्ष आक्रामक है। हंगामे बाजी से जरूरी मुद्दों पर बहस नहीं हो पा रही है। अगर इसी तरह हो-हल्ला मचता रहा तो कोरोना जेसी महामारी की आशंकित करने वाली तीसरी लहर से बचाव पर चर्चा कब होगी? विपक्ष इस बात पर गौर करें।

– **अमृतलाल मारू,** दसई, मप्र

## कारगिल विजय दिवस

**भारत** ने हमेशा शांति और समृद्धि के मार्ग में विश्वास किया है। कई देशों ने भारत की नीति को गलत समझा। उन्होंने भारत के भौगोलिक क्षेत्र पर जीत हासिल करने का फायदा उठाना चाहा। लेकिन, वे यह समझना भूल जाते हैं कि भारत शांति, सहयोग, समृद्धि की कामना करता है। लेकिन अगर कोई राष्ट्र प्रादेशिक सत्ता पर कब्जा करने, अखंडता और संप्रभुता के खिलाफ काम करने की दृष्टि से देखता है, तो सख्त रुख अख्तियार किया जाता है।वो चाहे फिर सर्जिकल स्ट्राइक के रूप में हो या ढोकलाम, भारत जानता है कि कैसे एक ही सिक्के में जवाब देना है। इस बार एक सौ तीस अरब से अधिक लोग कारगिल के बाईसवें विजय वर्ष का जश्न मनाएंगे। वर्ष 1999 में, पाकिस्तान की ओर से लड़ाई शुरू हुआ और युद्ध में परिवर्तित हो गया। इससे दोनों पक्षों के जवानों की क्षति हुई। लेकिन, बावजूद इसके ऐसा लगता है कि पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देश को शांति और समृद्धि की भाषा और भावना समझ में नहीं आती है। यही कारण है कि वे भारत में आतंकवाद, अस्थिरता को पनपाने में लगे हैं। हालांकि, भारत अपने गुमनाम नायकों और असली सेनानियों को नम आखों से हमेशा याद किया जाएगा। भारत मां के शहीदों को हमारी अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि।

– **अमन जायसवाल,** दिल्ली विश्वविद्यालय

## कोरोना में धूम्रपान न करें!

**कोरोना** संक्रमण काल मे धूम्रपान नही करना चाहिए।कोरोना संक्रमण की पहचान के लिए नाक, मुंह से रुई लगी काड़ी द्वारा सेम्पल लिए जाते है। इन सब के अलावा एक्सरे, सिटी स्केन से भी संक्रमण होने का पता जांच द्वारा किया जाता है। धूम्रपान से फेफड़े कमजोर हो जाते जिससे वे संक्रमण को रोकने में उतने प्रभावी नही होते जितने स्वस्थ फेफड़े होते है। निकोटिन भी हमारे पर्यावरण को जहरीला बनाता है। महज 8या 10 मिनट तक के परोक्ष धूम्रपान सहन करने से व्यक्ति के रक्तचाप में वृद्धि, ह्रदय की धड़कनों में वृद्धि, खून की नलिकाओं में सिकुड़न, फेफड़ो पर प्रभाव होने से वे कमजोर हो जाते है।साथ ही कोरोना में ये शिघ्र प्रभावित हो जाते है। जिससे संक्रमण का स्तर बढ़ जाता है। धूम्रपान करने से फेफड़ो पर घातक प्रभाव पड़ता है। धूम्रपान का धुंआ पर्यावरण और इंसान की सेहत बिगाड़ रहा है।खुशहाल जिंदगी जीने के लिए उत्पाद पर लिखी चेतावनी को भी गंभीरता से लेना होगा। ताकि स्वच्छ पर्यावरण के साथ फेफड़ों पर संक्रमण हावी ना हो पाए।

– **संजय वर्मा,** मनावर, मप्र

## क्विक न्यूज

### 6 जुआड़ी को पुलिस ने किया गिरफ्तार 75 हजार छह सौ रुपए जप्त

**बेमेतरा।** सिटी कोतवाली पुलिस के द्वारा रसूखदार व्यापारियों को गन्ना बाड़ी में जुआ खेलते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया और उनके पास से ?75600 नगदी बरामद भी किया गया जिन्हें जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए बाद में मुचलके पर छोड़ दिया गया। इस संबंध में जानकारी के अनुसार बीते रविवार को ग्राम गुनरबोड़ के पास स्थित एक गन्ना बाड़ी में पुलिस ने छापा मारकर वहां पर जुआ खेलते हुए लोगों को गिरफ्तार किया गया इस संबंध में बताया जाता है जिन लोगों को पुलिस ने जुआ खेलते हुए रंगे हाथ पकड़ा उसमे महेश अग्रवाल,मोंटू अग्रवाल, दीपक बजाज,टीकम माहेश्वरी, राजेश दीवान, रितेश तापड़िया शामिल रहे जिनके विरूद्ध पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने जुआ अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया तदुपरांत मुचलके पर उन्हें छोड़ दिया गया बताया जाता है कि यहां जुआ खेलने वाले लोगों से ?75600 रुपए नगदी तथा ताश के पत्ते बरामद जप्त किया गया है बता दें कि एक लंबे समय से शहर के आसपास के विभिन्न फार्म हाउस में रसूखदार के द्वारा जुआ का खेल लगातार दिनदहाड़े खेलने की चर्चा लोगों के बीच था।

# लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण करें : कलेक्टर महोबे

- समीक्षा बैठक में विद्युत संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए कैम्प आयोजित करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कहा कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के लंबित प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में शतप्रतिशत निराकरण करें। श्री महोबे सोमवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि किसी भी विभाग में लोक सेवा गारंटी अधिनियम का प्रकरण लंबित न रहे। उन्होंने कहा कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रकरणों का निराकरण की समीक्षा प्रत्येक समय सीमा की बैठक में किया जाएगा। कलेक्टर ने विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता को निर्देशित किया कि विद्युत संबंधी प्राप्त समस्याओं व शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता से करें। उन्होंने विद्युत संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए कैम्प आयोजित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने जिले में रासायनिक खाद की मॉग तथा उपलब्धता की जानकारी ली। कलेक्टर ने समय सीमा के प्रकरणों के निराकरण की विभागवार समीक्षा की और शेष प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री निवास, राज्य सचिवालय, पीजीएन, कमिश्नर कार्यालय आदि से प्राप्त प्रकरणों के निराकरण की विभागवार समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर डॉ. एके बाजपेयी, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, एसडीएम बालोद आरएस ठाकुर, एसडीएम गुण्डरदेही भूपेन्द्र अग्रवाल, एसडीएम डौण्डीलोहारा प्रेमलता चंदेल, डिप्टी कलेक्टर सिल्ली थॉमस, ऋषिकेश तिवारी, अभिषेक दीवान और सुब्रत प्रधान सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# सावन के पहले सोमवार को श्रद्धालुओं ने महादेव की पूजा अर्चना कर मांगा आशीर्वाद



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

सावन महीने के पहले सोमवार को जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित शिवालय में श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भक्ति के साथ पूजा कर आशीर्वाद मांगा सावन के पहले सोमवार को सुबह से ही लोग जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न स्थानों पर स्थित देवालय में पहुंचे और वहां पर भगवान भोलेनाथ का दूध घी दही गंगाजल से अभिषेक किया तदुपरांत चंदन अक्षत बेलपत्र भांग धतूरा कनेर के फूल शमी पत्ता आदि अर्पित पूजा अर्चना किया गया साथ ही श्रीफल भेंट कर आरती किया गया और अंत में भगवान श्री भोले नाथ जी महादेव से आशीर्वाद मांगे अवसर पर कई लोगों ने आचार्य विभिन्न आचार्यों के सानिध्य में दुग्ध अभिषेक विधि-विधान पूर्वक भी संपन्न किए वही बहुत से श्रद्धालुओं ने सावन सोमवार को दिन भर उपवास रहे और शाम को अपने अनुसार फलाहारी आदि कर के उपवास को तोड़ा गया नगर जिला मुख्यालय में स्थित विभिन्न महादेव के मंदिरों के अलावा राम मंदिर कृष्ण मंदिर में भी स्थित महादेव के पूजा अर्चना श्रद्धा भक्ति के साथ किया गया श्री राधा कृष्ण मंदिर स्थित शिव मंदिर में श्रावण मास के प्रथम सोमवार में महिलाएं पूजा करती हुई।

# शकुन्तला विद्यालय क्र-2 हायर सेकेण्डरी में गौरवशाली परीक्षा परिणाम



पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा घोषित हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2021 का परीक्षाफ्ल दिनांक 25.07.2021 को घोशित किया गया । शकुन्तला विद्यालय क्र-2, रामनगर भिलाई के हायर सेकेण्डरी कक्षाओं का परीक्षाफ्ल 98.71 प्रतिषत रहा। कुल सम्मिलित 311 विद्यार्थियों में से 306 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्त्रीण हुये । 95ः से अधिक विद्यार्थियों की संख्या 24 रही । षाला स्तर पर डॉली साहू 97.8ः के साथ प्रथम रही। लुकेष्वरी जंघेल एवं अंषु कौषल 97.4ः के साथ द्वितीय, प्रीति एवं पूजा साहू 97ः के साथ तृतीय, षुभम कर एवं ईषा दिलीवार 96.8ः चौथे स्थान पर रहे। विद्यालय का हायर सेकेण्डरी परीक्षा परिणाम उत्कृश्ट रहा । विद्यार्थियों की व्यक्तिगत प्रोन्नति का आधार उनका परिश्रम है, जिसके कारण विद्यालय उन्नति के उत्तरोत्तर सोपान की ओर अग्रसर है । शकुन्तला ग्रुप ऑफ स्कूल्स के इस उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए डायरेक्टर संजय ओझा, प्राचार्य आरती मेहरा, व्याख्याता षिक्षक बी.एस.राजपूत, मनोज पाण्डे, ममता बोस, शशि शाह, सुनीता सक्सेना, रूशाली माहूले, कविता साहू, षीला रौतेला, मुक्ता शाहा, छाया कुदेंकर, प्रतिक साहू, उपेन्द्र देवांगन, मेघा नफड़े, संगीता भंडारी, तृप्ति अग्रवाल के आदि ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुये हर्ष व्यक्त किया। इनकी उपलब्धियों पर षंकुन्तला विद्यालय (सी.बी.एस.ई) तथा षारदा विद्यालय (रिसाली) के प्राचार्यगण विपिन कुमार, गजेन्द्र भोई, प्रबंधक ममता ओझा, उपप्राचार्य रंजना कुमार, अनीता नायर, हेड मिस्ट्रेस पुश्पा सिंग, अर्चना मेश्राम, सीनियर मिस्ट्रेस पूजा बब्बर, बलजीत कौर, प्रभारी राजेष वर्मा आदि ने बधाई देते हुये हर्ष व्यक्त किया।

# थानखमरिया में 50 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड स्वीकृत

पायनियर संवाददाता < थान खमरिया
www.dailypioneer.com

थान खमरिया में मुख्य सड़क मार्ग बहुत ही जर्जर एवं क्षतिग्रस्त हो चुका है जिसमें आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है विधायक प्रतिनिधि अशोक बिन्दल ने बताया कि नगर में विकास ने गति पकड़ी है, कृषि मंत्री श्री रविन्द्र चौबे द्वारा एक बार फिर मुख्य सड़क मार्ग में कंक्रीटकरण का सौगात देकर नगर वासियों पुरानी मांग पूरी किया,कुछ दिन थान खमरिया प्रवास आने पर कार्यकर्ताओं के साथ थान खमरिया में हुई बैठक में माननीय मंत्री जी ने एक करोड़ के विकास कार्य की घोषणा की थी जिसे एक महीने के पहले ही पूरा कर दिया। गौरतलब है कि सप्ताह भर पहले मुरारका चौक से जय स्तंभ चौक तक दोनों ओर नाली व सी सी रोड निर्माण के लिए 49.78 लाख की स्वीकृति लोक निर्माण विभाग द्वारा कराई साथ ही अभी थान खम्हरिया के खम्हरिया बायपास मार्ग (सुधीर दुकान) से मुरारका चौक तक सी सी रोड निर्माण के लिए 49.83 लाख की स्वीकृति लोक निर्माण विभाग द्वारा माननीय मंत्री रविन्द्र चौबे के निर्देशानुसार की गई। नगर के कार्यकर्ता बताते हैं कि मंत्री जी की यही खासियत उन्हें अन्य राजनेताओं से अलग बनाती है, नगरवासियों विधायक प्रतिनिधि अशोक बिंदल, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेश कमेटी जितेंद्र उपाध्याय, कृषि कल्याण सदस्य पुन्नीलाल पटेल,बैंक संचालक गोरेलाल चन्द्राकर, न.प. उपाध्यक्ष महेश निषाद,पार्षद योगेश तिवारी,कन्हैया निर्मलकर, घनश्याम गंधर्व, गणेश मंडावी, सोनिया सतीश जोशी,तितली गौरव बिन्दल, रीना लोकनाथ सिन्हा, दुर्गा विष्णु मांडले, एल्डरमैन सतीश जोशी पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मनहरण सिन्हा, हरिशरण सिंह क्षत्रिय, प्रताप छाबड़ा, घनश्याम अग्रवाल, सिद्दीक अली,धन्नू कुम्भकार, सिराज कुरेशी,अंगद पाटिल, प्रतीक सिंघानिया, शिव केडिया, विनीत शर्मा, ने मंत्री चौबे एवं राज्य शासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए भविष्य में भी नगर विकास के प्रति कटिबद्ध रहने की बात कही।

# संकुल समन्वयकों की नियुक्ति में भारी मनमानी

- एक शिक्षकीय स्कूल के शिक्षक को जिला समन्वयक ने संकुल समन्वयक बनवाया

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा जिले में संकुल समन्वयको की नियुक्ति में भारी गंभीर अनियमितता के 3 महीने बाद आदेश जारी किया गया है जिसमे नियम विरुद्ध किये गए नियुक्ति में एक शिक्षक वाले स्कूल के शिक्षक को ही संकुल समन्वयक बनाया गया है जानकारी के अनुसार बीते मार्च माह में होने वाले नियुक्ति को जिला मिशन संचालक के द्वारा जानकर बूझकर बिलम्ब किये जाने के बाद 111 संकुल समन्वयको की नियुक्ति आदेश 19 जुलाई को जारी की गई है। मिली जानकारी के अनुसार बेमेतरा ब्लाक के अंतर्गत ग्राम मोहरेंगा स्कूल के एक शिक्षक वाले स्कूल के शिक्षक को ही संकुल समन्वयक बना दिया गया है इसी तरह खण्डसरा मिडिल स्कूल में दो ही शिक्षक कार्यरत है और करीब 200 बच्चों की उपस्थिति है जिसमे से एक महत्वपूर्ण विषय के शिक्षक को राजीव गांधी शिक्षा मिशन के अनुमोदन पर कलेक्टर के द्वारा आदेश जारी किया गया है संकुल समन्वयको की नियुक्ति के लिए राज्य परियोजना कार्यलय समग्र शिक्षा के पत्र क्रमांक रायपुर 12 जनवरी 2021को जारी आदेश के परिपालन में संकुल समन्वयको की नियुक्ति की अनुशंसा जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा अधिकारी के अनुमोदन पर कलेक्टर के द्वारा यह आदेश जारी किया गया है एक शिक्षकीय एवँ अनेक स्कुलो में अत्याधिक स्कूली बच्चों की उपस्थिति के बावजूद नियुक्ति के कारण पढ़ाई पूरी तरह से प्राभावित होगी चुकी संकुल समन्वयको अपने पदस्थ स्कूल में 3 काल खंड की पढ़ाई के बाद ही विभाग के द्वारा जारी आदेश के परिपालन के अलावा कोई डेढ़ दर्जन स्कूली गतिविधयों की जिम्मेदारी भी निभाना है मगर जिले के अधिकांश संकुल समन्यवक के पद का प्रभार पाते ही स्कूली व्यवस्था गड़बड़ा जाता है और फिर विभागीय जिम्मेदारियों में व्यस्त रहने के कारण समयाभाव के कारण संकुल समन्यवक स्कूली बच्चों के अध्ययन की ओर ध्यान नही दे पाते जिससे पढ़ाई भी प्रभावित होती है जानकारी के अनुसार जिले के चार ब्लाकों के लिए 111 संकुल समन्वयको की नियुक्ति की गई है नए संकुल समन्वयको की नियुक्ति के लिए शासन द्वारा बनाये गए नियम के विपरीत नियुक्ति की गई।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा वरिष्ठ कांग्रेसियों का सम्मान किया गया

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक बाम्बेश्वर के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दल्ली राजहरा के पदाधिकारियों द्वारा 25 जुलाई को वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं का सम्मान उनके घर जा कर किया गया। सर्वप्रथम कश्मीर सिंह चीमा वरिष्ठ कांग्रेसी नेता का सम्मान उनके घर वार्ड नं 27 में जा कर शॉल व श्रीफल से किया गया। उसके पश्चात मोती लालवानी कांग्रेस नेता का सम्मान उनके घर वार्ड नं 18 में जा कर शॉल और श्रीफल से सम्मान किया गया। इस अवसर पर मंत्री मीडिया प्रभारी विवेक मसीह, जिला महामंत्री रतिराम कोसमा, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष काशी राम निषाद, जिला सचिव द्वय के. ईश्वर राव, रवि जायसवाल,ब्लॉक उपाध्यक्ष जीवन लाल साहू,पारसमल जैन,जोगेंद्र ठाकुर ब्लॉक महामंत्री प्रवीण शर्मा, श्रीनिवास राव,हरिश खस, राधे मंडावी, प्रवक्ता जेबा कुरैशी, संयुक्त महामंत्री सुरेश कुमार ठाकुर, रूबी एंथोनी,जागेश्वर गंधर्व, अर्जुन यादव,सचिव विल्सन मैथ्यू, लखन बक्शी, राकेश बेहरा,तरनजीत सिंह, अजय बिहारी,मोहन गोदी, प्रभातिन बाई, मीना बाई सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# पिकनिक की आड़ में चल रहा जुआ का धंधा

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

इन दिनों नगर के कुछ हिस्सों में पेशेवर जुआड़ी सक्रिय नजर आ रहे हैं। जुए की फड़ लगना शुरू हो गयो है, कुछ पुराने फड़बाज जगह जगह महफिल सजाने लग गए हैं मजे की बात तो यह है कि राजहरा के जुआड़ी अब पिकनिक मनाने के नाम पर नगर के आसपास के गांव में दिन में ही जुए की फड़ चला रहे हैं। पता चला है कि दल्ली राजहरा-कुसुमकसा मार्ग पर स्थित ग्राम पथराटोला में राजहरा के जुआड़ियों को मंडराते हुए देखा गया है। भरोसेमंद सूत्र बता रहे हैं कि इस गांव के अलावा आसपास के गांव में आजकल जुआड़ी लोग दिन में ही जुआं खेलने पहुंच रहे हैं। फड़ की व्यवस्था करने में नगर के ही एक व्यक्ति का नाम सामने आ रहा है जिसे दल्लीराजहरा में जुआं खिलवाने के लिए मना कर दिया गया है, इसलिए वह आसपास के गांव में यह अनैतिक कार्य जोर शोर से चला रहा है। सूत्र बताते हैं कि बस स्टैंड क्षेत्र में कई दिनों से जुए की फड़ लग रही है जिसको संचालित करने वाला एक पुराना फड़ बाज है। शायद स्थानीय अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं है पर निचले स्तर के पुलिस कर्मियों को इसकी पूरी जानकारी है। लेकिन आर्थिक लाभ की लालच में यह लोग कुछ नहीं कर रहे हैं। इसी प्रकार पुराना बाजार क्षेत्र के एक हिस्से में जुआं खेलने -खिलाने की खबर आ रही है इसके बारे में पता चला है कि इसमें एक पार्षद की संलग्नता है। यह सब लोग पुलिस की नजर से कैसे बचे हुए यह एक चर्चा का विषय बना हुआ है। अभी पिछले हफ्ते दल्लीराजहरा-डौंड़ी लोहारा मार्ग पर स्थित बकली टोला गांव में दल्लीराजहरा के लगभग 25-30 जुआड़ी पिकनिक मनाने के नाम पर जुए की महफ़िल सजाए हुए थे पर ग्रामीणों को पता चलने पर तता उनके विरोध करने पर इन जुआरियों को वहां से भागना पड़ा।

# पुलिस चौकी पोड़ी की अपराधिक गतिविधियों के रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही लगातार जारी

**कवर्धा।** पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग पुलिस अनुविभागीय अधिकारी जगदीश यूविके के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी संतराम सोनी के कुशल नेतृत्व में चौकी प्रभारी मानसिंह राजपूत के द्वारा अवैध जुआ सट्टा और आबकारी एक्ट के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है इसी क्रम में मुखबिर से सूचना मिलने पर की आम जगह में कुछ व्यक्ति 52 पट्टी तास से जुआ खेल रहे हैं कि सूचना पर पुलिस चौकी पोड़ी द्वारा कार्यवाही करते हुए ग्राम रामहेपुर से 1,पुनिराम साहू पिता शुखौ साहू 2, बिजहुवा पिता झाडूराम चंद्रवंशी 3,दिलीप पिता ढेलाऊ चंद्रवंशी सभी निवासी रमहेपुर खुर्द के कब्जे से 870/ नगदी जप्त कर अपराध क्रमांक 176/21धारा 13जुआ एक्ट पंजीबद्ध किया गया वा 25/07/21 के मुखबिर की सूचना पर ग्राम से तीन आरोपी नाम 01,कौशल पिता राधेलाल चंद्रवंशी 02,मुकेश पिता ललित यादव 03, विष्णु पिता खेदू चंद्रवंशी सभी निवासी के कब्जे से 1540/रुपए जप्त कर अपराध क्रमांक 177/21 धारा 13 जुआ एक्ट आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

## टीकाकरण जागरूकता को लेकर एक गीत बनाकर जिला प्रशासन को समर्पित किया गया

# शिक्षक द्वारा बनाया गया टीकाकरण जागरूकता गीत यूट्यूब और सोशल मीडिया में खूब धूम मचा रहा

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com




कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर को देखते हुए राज्य शासन की टीकाकरण जागरूकता अभियान को मूर्त रूप एवं गति प्रदान करने हेतु बालोद अंचल के लोक कलाकार जितेंद्र गजेंद्र संकुल समन्वयक कन्या संकूल बालोद द्वारा कोरोना टीका करण जागरूकता को लेकर एक गीत बनाकर जिला प्रशासन को समर्पित किया गया है। इस गीत को जिला प्रशासन द्वारा विगत दिनों जिलाधीश एवं जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी किया गया तथा इस गीत के माध्यम से कोरोना टीकाकरण से संबंधित समस्त मूलभूत जानकारियों का समावेश करते हुए गीत बनाकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। शिक्षक जितेंद्र गजेंद्र ने विगत दिनों कोरोना वायरस से संबंधित जागरूकता गीत कोरोना पंथी गीत का निर्माण किया था। जिसे यूट्यूब एवं सोशल मीडिया पर बहुत पसंद किया गया था। कोरोना टीकाकरण को लेकर अपने इस नए गीत में शिक्षक जितेंद्र गजेंद्र ने स्वयं अभिनय नृत्य कर एवं स्वरचित गीत के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने का प्रयास किया है। कोरोना संक्रमण के तीसरी लहर के पूर्व 18 वर्ष से अधिक की आयु के समस्त वयस्क को टीकाकरण लगाने हेतु यह गीत प्रेरित करती है। ÷चलना चलना संगी टीका लगवाबो÷ छत्तीसगढ़ी कोरोना वायरस संबंधित जागरूकता गीत को सोशल मीडिया में बहुत पसंद किया जा रहा है। शेयर किया जा रहा है। कमलेश शर्मा के संगीत निर्देशन एवं जेएमडी फिल्म्स बालोंद द्वारा फिल्मांकन इस गीत में श्रीमती चित्रमाला राठी, मिताली गजेंद्र, दीपिन्ति साहू, हुलसी मंडावी, काजल निर्मलकर, श्रद्धा मैडम, डॉ. गंधर्व, महेश साहू, किसन साहू, दानेश्वर साहू, प्रेम साहू अंकित देशमुख, गिरेश्वर सिन्हा, एसजीएस रिकॉर्डिंग स्टूडियो सिवनी इत्यादि सभी कलाकारों ने अपना बहुमूल्य योगदान प्रदान किया। जिलाधीश ने इस पुनीत कार्य हेतु सबका उत्साहवर्धन किया और शुभकामनाये प्रेषित की हैं।

# बेरला युवा मोर्चा मंडल कार्यकारिणी की घोषणा युवा व सक्रिय पार्षद शिवझड़ी सिन्हा व देवरी युवा उपसरपंच को मिली महामंत्री की जिम्मेदारी

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेरला मंडल अध्यक्ष दीक्षांत साहू ने अवधेश सिंह चंदेल पूर्व विधायक बेमेतरा ओमप्रकाश जोशी जिलाध्यक्ष बेमेतरा परमेश्वर वर्मा जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा बेमेतरा बलराम पटेल मंडल अध्यक्ष भाजपा बेरला की सहमति व मार्गदर्शन में अपने कार्यकारिणी की घोषणा किया। जिसमे 4 उपाध्यक्ष 2 महामंत्री 4 मंत्री 1 कार्यलय प्रभारी 1 कोषाध्यक्ष 2 मीडिया प्रभारी 3 शासकीय योजना स्वाध्याय मंडल प्रभारी 3 कन्या शक्ति संयोजिका को जगह मिला है। 50 लोगो कार्यकारिणी सदस्य व 10 को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है।

**उपाध्यक्ष** -लेखराम साहू,राजू जायसवाल,यशवंत पटेल,कुलदीप साहू महामंत्री - शिवझड़ी सिन्हा, पेखन साहू मंत्री - अभिषेक शर्मा, समीर साहू,आदित्य तिवारी, खोमेश्वर पटेल कोषाध्यक्ष - योगेंद्र साहू मीडिया प्रभारी- पुररुषोत्तम यादव सहमीडिया - सुयश साहू कार्यलय प्रभारी - लीलाराम साहू शासकीय योजना स्वाध्याय मंडल विकास वर्मा,प्रमोद साहू,मिथलेश पटेल कन्या शक्ति संयोजिका कुमारी एकता साहू,चंचल साहू,किरण सिन्हा। मंडल अध्यक्ष दीक्षांत साहू ने कहा कि सभी वरिष्ठ नेताओं के सलाह व मार्गदर्शन में कार्यकारिणी में बेरला मंडल के मुख्यालय व क्षेत्र को धयान में रखते हुए सभी जगह से एक्टिव कार्यकर्ता को जगह दिया गया है ।सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता में कार्यकारिणी घोषणा के बाद चारो ओर खुशी का माहौल है ।मेरा एक ही ध्येय पार्टी के द्वारा दिए हुए काम को बखूबी से निभाएंगे सभी को साथ लेके चलना व प्रदेश कांग्रेस सरकार जो सत्ता में आने के बाद जो युवाओ के साथ केवल छलावा किया है युवाओ को ढाई साल बीत जाने के बाद भी कुछ नही मिला।सरकार का सबसे बड़ा वादा युवाओ को रोजगार ,बेरोजगारी भत्ता व कौशल विकास उन्नयन में आगे बढ़ाना परन्तु सरकार ने कुछ नही किया हम इसके लिए सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ना पड़े हम लड़ेंगे। जिला व मंडल के सभी मोर्चा व प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने युवा मोर्चा के नावनियक्त पदाधिकारी व सदस्यों को बधाई व शुभकामनये दी।

## क्विक न्यूज

### गांजा परिवहन कर रहे दो पकड़ाए

**रायगढ़।** सरिया पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कंचनपुर बेरियर के पास नाकेबंदी करते हुए गांजा परिवहन कर रहे दो युवकों से 3 किलो गांजा बरामद किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रविवार को मुखबिर सूचना पर सरिया पुलिस ग्राम कंचनपुर बेरियर के पास मेन रोड में अपाचे बाइक में ओडिशा से बैग में गांजा ला रहे दो लकड़ो को पकड़ा। पुलिस स्टाफ द्वारा उन्हें कार्रवाई की जानकारी देकर उनके बैग की तलाशी ली तो उसमें 3 किलो गांजा मिला। पूछताछ में एक युवक अपना नाम चिनमय प्रधान उम्र 19 वर्ष साकिन बेलपहाड गर्रा खाई थाना बेलपहाड जिला झारसुगडा बताया उसके साथ गांजा परिवहन कर रहे लड़के की उम्र आधार कार्ड के अनुसार 18 वर्ष से कुछ माह कम है। आरोपी युवक चिनमय प्रधान से 03 किलो मादक पदार्थ गांजा कीमती 15,000 रूपये एवं एक अपाचे मोटर सायकल जप्त कर विधि उल्लंघनकारी बालक एवं आरोपी युवक के विरूद्ध 20(बी) एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई की गई है।

### हायर सेकेण्डरी परीक्षा में जिले से 13810 विद्यार्थी हुए उत्तीर्ण

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा परिणाम रविवार को घोषित कर दिया गया है। जिसमें रायगढ़ जिले में कक्षा 12वीं में कुल 14 हजार 352 बच्चे दर्ज थे, जिसमें थे 14 हजार 255 परीक्षा में बैठे। जिसमें प्रथम श्रेणी में 13 हजार 573 (94.6 प्रतिशत), द्वितीय श्रेणी में 234 (1.6 प्रतिशत) तथा तृतीय श्रेणी में केवल 03 कुल 13 हजार 810 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। रायगढ़ जिले का परीक्षा फल 97.75 प्रतिशत है। परीक्षा परिणाम छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की वेबसाइट पर उपलब्ध है और वेबसाइट पर भी परीक्षा परिणाम देखे जा सकते है। इस वर्ष नोवेल कोरोना वायरस कोविड 19 के संक्रमण के कारण छात्रों की परीक्षा घर से आयोजित की गई थी।

### ट्रैक्टर पलटी, दबकर ड्राइवर की मौत

**रायगढ़।** जिले के धर्मजयगढ़ क्षेत्र खेत में जुताई करने के दौरान एक ट्रैक्टर कीचड़ में फंस गई। ट्रैक्टर को कीचड़ से निकालने के दौरान ट्रैक्टर पलट गई। ट्रैक्टर पलटने से ड्राइवर नीचे कीचड़ में दब गया जहाँ मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार धर्मजयगढ़ के बायसी कालोनी में कल शाम को खेत जुताई के दौरान ट्रैक्टर पलटने से एक 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक बिरजू पिता बंधन राठिया बायसी कालोनी निवासी बाबु में बंगाली के यहां ट्रैक्टर चलाने का कार्य करता था। 23 जुलाई को बायसी कालोनी के ही अनिल विस्वास के खेत में ट्रैक्टर से खेत को जुताई कर रहा था। इसी दौरान कीचड़ में ट्रैक्टर फंस गई। जिसे ट्रैक्टर ड्राइवर द्वारा कीचड़ से निकालने का प्रयास किया जा रहा था। वहां मौजूद अन्य लोहे और लकड़ी की बल्ली फंसाकर निकाला जा रहा था।

### बाइक के पेट्रोल टंकी में शराब भरकर अवैध तस्करी, गिरफ्तार

**रायगढ़।** सीमावर्ती प्रांत से मादक पदार्थो की तस्करी पर लगातार कार्रवाई कर रही जिला पुलिस की जांच से बच निकले तस्कर नई-नई तरकीब प्रयोग कर रहे हैं, पर सफल नहीं हो पा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार की सुबह थाना प्रभारी बरमकेला नेल्सन कुजूर हमराह स्टाफ के साथ टाऊन पेट्रोलिंग पर थे। इसी क्रम में बरमकेला पुलिस ने एक युवक के पास से बाइक के पेट्रोल टंकी में शराब भरकर अवैध तस्करी करते हुए पकड़ा है। पुलिस ने उसके पास से 12 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम लोधिया का शेष कुमार बरेठ मोटर सायकल पर शराब लेकर ग्राम झाबड, चांटीपाली की ओर बिक्री करने लेकर गया है।

# सावन के पहले सोमवार को जल चढ़ाने पहुंचे श्रद्धालु, हुई पूजा अर्चना

- बाबाधाम में भक्तों का लगा तांता, मंदिरों में कोविड नियमों का किया जा रहा पालन

पायनियर संवाददाता, रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिले में आस्था का केंद्र हठ योगी तपस्वी बाबा सत्यनारायण बाबाधाम है। जहां लोग बाबा सत्यनारायण को साक्षात भगवान का अवतार मानते है। शहर से तकरीबन 4 किलोमीटर दूर स्थित कोसमनारा में हर वर्ष सावन के महीनों में यहां भक्तों का जनसैलाब बाबा के दर्शन पाने उमड़ता हैं। रविवार की देर रात से ही बाबाधाम में भक्तगण कतारबद्ध नजर आए। पूरे सावन भर कोसमनारा बाबाधाम में मेले का माहाल रहता है और प्रतिदिन यहां पूजा अर्चना होती है। सावन महीने के पहले सोमवार कोसमनारा बाबा धाम में सुबह से शिव भक्तों का तांता लगा रहा। आज सुबह से ही बोलबम और ओम नमः शिवाय के जयकारों से शिवमंदिर गुंजायमान रहा। वहीं भारी संख्या में श्रद्धालु रविवार की देर रात से जलाभिषेक करने बाबाधाम पहुंचे थे। आज सोमवार को भी श्रद्धालुओं द्वारा बेलपत्र, दूध, दही, अक्षत,सहित अन्य पूजन सामग्रियों के साथ भक्तगण बाबाधाम पहुंचकर जल चढाएं। मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों के मुताबिक हर साल यहां बाबा के दर्शन करने दूर दराज से लोग पहुंचते हैं। हर वर्ष सावन महीने में यहां तकरीबन 2 लाख से भी अधिक लोगों की भीड़ उमड़ती है। सावन के पहले सोमवार पर शिवमंदिरों में जल चढ़ाने के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा था । भक्तों में जल चढ़ाने का उत्साह देखते ही बन रहा था। श्रद्धालु भक्तगण बाबा के एक झलक पाने घंटो-घंटो तक लाइन में खड़े रहे वहीं जब उनका नम्बर दर्शन के लिए आया तो चंद मिनटों की दर्शन पाकर गदगद नजर आए। सावन के पहले सोमवार को कोसमनारा स्थित बाबाधाम में जल चढ़ाने रायगढ़ जिले सहित दूर दराज से श्रद्धालु भक्तगण रविवान की देर रात से कोसमनारा बाबा पहुंचे थे और लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। वहीं भक्तों को बाबा की भक्ति में नाचते गाते भी देखा गया।

# इंटर स्टेट ठग गैंग के चार आरोपी गिरफ्तार, इनामी कूपन, दूसरों की जमीन दिखाकर करते थे सौदा

पायनियर संवाददाता, रायगढ़
www.dailypioneer.com



कोतवाली पुलिस द्वारा जमीनध्प्लाट धोखाधड़ी कर बिक्री करने वाले ऐसे गैंग के चार लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है जो प्लाट खरीदी पर हॉलिडे पैकेज का लुभावना स्कीम बताते थे । इनके द्वारा प्रदेश के कई लोगों को ठगी का शिकार बनाये हैं, कोतवाली पुलिस को आरोपीगण ठगी से प्राप्त 07 लाख रूपये को होल्ड कराया गया है तथा अन्य पीडितों के संबंध में जानकारी ली जा रही है। जानकारी के अुसार प्रार्थी पन्ना खण्डे पिता ईशवर प्रसाद खण्डे निवासी करहीडीह थाना तहसील अकलतरा, जिला जांजगीर चांपा 25 जुलाई को थाना प्रभारी कोतवाली से मिलकर ठगी की घटना बताया । प्रार्थी बताया कि वर्तमान में नवोदय विद्यालय भूपदेवपुर में शिक्षक है कुछ महिने पहले मोबाईल नंबर 9031511298 के धारक द्वारा फोन करके बताया गया कि ड्रीम ताज हली-डे प्रा0लि0 नाम की कंपनी है जिसका रायगढ् के ग्रेड माल में आफिस है। किसी लक्की कूपन के माध्यम से उसने प्रथम प्राईज मिलना बताया गया तथा उक्त उपहार को लेने के लिए मुझे ग्रेंड माल में आने के लिए कहा गया । तब सह परिवार 15 जुलाई को ग्रेंड माल में उनके आफिस में पहुंचने पर वहां पर फील्ड ऑफिसर रोषन सिन्हा, प्रवेश कश्यप नाम के दो कर्मचारी मिले जिन्होने ड्रीम ताज हली-डे प्रा0लि0 के प्लान के बारे में बताये कि यदि उनके प्लान जो पांच वर्ष का है निवेष करता हू तो सह परिवार हर वर्ष 05 साल तक भारत में कहीं भी 03 से 05 दिनध् रात के लिए टूर कर सकते है । साथ ही बिलासपुर चक्रभट्टा (धमनी) में एक हजार स्कायर फीट का जमीन उपहार में मिलेगा । उनके झासे में आकर इसने कुल 80-000 रूपये इनके बताये एकाउण्ट में ट्रांसफर कर दिया । उनके कहे अनुसार 18 जुलाई को रोशन सिन्हा, प्रवेष कश्यप के साथ बिलासपुर चक्रभाटा गया । एक जमीन ग्राम धमनी में दिखाये जो पसंद नहीं आया। बाबजूद उसके वे लोग रजिस्ट्री के पहले 50-000 रूपये जमा कराने के लिए बोले । तब उसने निर्णय लिए कि उक्त जमीन को नहीं खरीदेगें तब इनके कार्यालय में आकर उक्त जमीन डील को केंसल करने का प्रोसेस पूछे । तब ये लोग साफ तौर पर मनाकर दिये और एडवांस के रूपये नहीं लौटाये और उन्हें शिकायत करने पर नुकसान करने की धमकी दिए। कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 420,506,34 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा एसपी अभिषेक मीणा , एडिशनल एसपी अभिषेक वर्मा, सीएसपी अविनाश सिंह ठाकुर को घटना की जानकारी देते हुए उनके मार्गदर्शन पर आरोपियों को पतासाजी गिरफ्तारी के लिए रवाना हुये।

# साहित्यकार रमेश सिंघानिया की प्रथम सजल संग्रह अवसर नहीं प्रतीक्षा करता का हुआ लोकार्पण

पायनियर संवाददाता, जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



सांस्कृतिक विकास मंच, सक्ती तथा राष्ट्रीय कवि संगम, जिला जांजगीर-चांपा के संयुक्त तत्वावधान में बाराद्वार निवासी रमेश सिंघानिया के प्रथम सजल संग्रह अवसर नहीं प्रतीक्षा करता का विमोचन समारोह सरस्वती शिशु मंदिर सक्ती के सभागार में 25 जुलाई रविवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल राजू बिलासपुर, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका की अध्यक्षा सुषमा दादू जायसवाल के अतिरिक्त अनेक काव्य ग्रंथों के रचयिता प्रख्यात साहित्यकार जांजगीर निवासी विजय राठौर, अवकाश प्राप्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.विजय अग्रवाल चांपा, सरस्वती शिशु मंदिर सक्ती के अध्यक्ष रामावतार अग्रवाल, राष्ट्रीय कवि संगम के प्रदेश मंत्री दिनेश चतुर्वेदी, अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री मदन मोहन अग्रवाल बिलासपुर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांस्कृतिक विकास मंच सक्ती के अध्यक्ष एल. आर. जायसवाल ने की। मंच संचालन रा.क.सं. के जिलाध्यक्ष सुरेश पैगवार और सांस्कृतिक विकास मंच के सचिव भगत राम साहू ने किया। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के पूजन अर्चन से किया गया तत्पश्चात दोनों साहित्यिक संस्थाओं द्वारा समस्त अतिथियों का स्वागत किया गया। अवसर नहीं प्रतीक्षा करता में शामिल दो रचनाओं शारदे मां शारदे, ज्ञान का भंडार दे और बनेगा राम मंदिर अब हुए हर्षित यहॉं सारे की दिनेश साहू ने संगीत मय प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। इसके बाद तालियों की गड़गड़ाहट के मध्य रमेश सिंघानिया के प्रथम सजल संग्रह का विमोचन हुआ और कार्यक्रम में आए समस्त महानुभावों को पुस्तक भेंट की गयी। राष्ट्रीय कवि संगम की जिला इकाई और सांस्कृतिक विकास मंच सक्ती ने शाल श्री फल गुलदस्ते और फूल मालाओं से सजलकार रमेश सिंघानिया का जोरदार स्वागत किया तथा मानपत्र भेंट किया।

# चिकित्सकों की लापरवाही के कारण संतोषी की मृत्यु

पायनियर संवाददाता, जैजैपुर
www.dailypioneer.com

मृतिका संतोषी साहू की परिजन कुमारी जया साहू पिता तीजराम साहू, लता साहू पिता राजा राम साहू ग्राम बावनबुड़ी तहसील जैजैपुर जिला जांजगीर-चांपा निवासी ने आरोप लगाया है ,कि मेरी मां की मृत्यु डॉक्टर की लापरवाही के कारण हुई है। जया साहू ने उच्च अधिकारी को ज्ञापन में कहा है कि मेरी मां की तबीयत सर्दी खांसी उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैजैपुर में भर्ती कराया गया जहां पर कोविड-19 की संक्रमण को देखते हुए उनका इलाज जारी किया गया जिसमें एंटीजन रिपोर्ट के बाद मेरी मां का आर टी पीसीआर जांच 12 से 15 दिन बाद कोविड 19 दवा खाने के बाद आरडीपीआर ना कराकर कोविड सेंटर में रखा गया और कोई अन्य वार्ड में नहीं रखा गया। इसके बाद मेरी मां की तबीयत और खराब होने लगी परंतु नर्सों एवं डॉक्टरों के द्वारा इस बारे में कुछ नहीं बताया बल्कि जिला कोविड-19 जांजगीर में चिकित्सक के मौखिक निर्देशों पर वहां कार्यरत नर्सों/ कंपाउंडर के द्वारा दवाइयां एवं इंजेक्शन बॉटल मंगाने के नाम पर प्रतिदिन 5000 रुपये से 10000 रुपये लिया गया परंतु कौन से मेडिकल में दवाई खरीदी गई उनका पर्ची भी परिजनों को नहीं दी गई। उनके द्वारा बोला जा रहा था कि मरीज की तबीयत में सुधार हो रही है। चिंता मत करो बहुत जल्दी ठीक हो जाएगी इसी प्रकार करते 29 दिनों में लगभग 1,00,000 रुपये डॉक्टर / नर्स उन्होंने ले लिया। जबकि मरीज को परिजनों के द्वारा शासकीय जिला अस्पताल में आयुष्मान कार्ड जमा किया गया था दिनांक 01-06-2021 से 30-06 -2021 के लगभग 12ः00 बजे तक उपचार दवा संबंधित पर्ची परिजनों ने जानकारी चाहा है ।लेकिन उसे राहत ना मिली उनका तबीयत दिनों दिन खराब होने लगा अनेकों बार संतोषी साहू के परिजनों ने उन्हें अन्य अस्पताल हॉस्पिटल जहां पर मरीज की पूर्ण देखभाल हो सके वहां भेजने के लिए रिफर करने की प्रार्थना की गई, लेकिन जिला चिकित्सा कोविड-19 के द्वारा उसे ना भेजा गया अंत में उन्हें रायपुर एम्स स्टाफ बिलासपुर से रिफर किया गया जहां पर बिलासपुर एवं रायपुर की दूरी लगभग 3 से 4 घंटा लगती है लेकिन रायपुर पहुंचने के पहले ही संतोषी साहू की ऑक्सीजन सिलेंडर के अभाव के कारण मृत्यु हो गई। इस प्रकार से जया साहू ने आरोप लगाया है कि डॉक्टर के लापरवाही के कारण ही मेरी मां की मृत्यु हुई है इसलिए उन्होंने धन हानि को भी डॉक्टर के ऊपर होता है यदि उनका इलाज बिलासपुर में सही तरीके से होता मेरी मां की मृत्यु नहीं होती।इस प्रकार से जिला जिला चिकित्सालय जांजगीर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी के खिलाफ अपराधिक प्रकरण बनाने का प्रार्थना की है साथ में इससे संबंधित जो भी डॉक्टर कंपाउंडर है उनके खिलाफ भी कार्यवाही की मांग उच्च अधिकारियों को डाक प्रेषित कर किया है । उन्होंने जिला एवं सत्र न्यायाधीश जांजगीर, श्रीमान कलेक्टर महोदय जांजगीर, पुलिस अधीक्षक जाजगीर के साथ में सचिव स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़ ,अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य मानवाधिकार आयोग रायपुर ,स्वास्थ्य मंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन को डॉक्टर के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कराने की विनती की है।

# अवैध महुआ शराब बाइक में ले जाते दो आरोपियों को आबकारी ने भेजा जेल

पायनियर संवाददाता, रायगढ़
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रायगढ भीम सिंह और सहायक आयुक्त आबकारी प्रकाश पाल ने अवैध शराब पर सख्त कार्यवाही करने विभाग को निर्देशित किया है। आबकारी उपनिरीक्षक सरिया रमेश सिंह सिदार को उड़ीसा बरमकेला मार्ग से अवैध महुआ मदिरा के परिवहन होने की मुखबिर सूचना मिली। रमेश सिंह सिदार ने आबकारी उपनिरीक्षक रायगढ़ शहर आशीष उप्पल के साथ टीम बनाकर तत्काल छापामार कार्यवाही की। जिसमें बिरजूपाली चौक के पास नाका लगाकर वाहनों की सघन जांच की जा रही थी। जांच होती देखकर बाईक क्रमांक सीजी 13 जेडई 8015 सवार बीमाधर यादव पिता फागुलाल यादव निवासी घुमाभांठा और गुरुसकुमार मांगगडोरी पिता धरम मांगगडोरी निवासी सिंगारपुर के पास प्लास्टिक पालीथीन में भरा 10 बल्क लीटर महुआ मदिरा बरामद हुई। आरोपी पालीथीन में भरी महुआ मदिरा को उड़ीसा के इच्छापुर से लेकर ग्राहकों को बेचने ले जा रहे थे। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क, 34(2) , 59 (क) का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। रमेश सिंह सिदार आबकारी उपनिरीक्षक सरिया और आशीष उप्पल आबकारी उपनिरीक्षक रायगढ़ शहर के साथ टीम मे आरक्षक जीतेश नायक, भेखराम पटेल के साथ सुरक्षाकर्मी मुकुंद, दुर्योधन, प्रफुल्ल, मनीष की सराहनीय भूमिका रही।

# भाजपा शक्ति विधानसभा का किसानों की समस्याओं को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन सम्पन्न

पायनियर संवाददाता, सक्ती
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार 26 जुलाई को शक्ति विधानसभा क्षेत्र के चारों मंडलों का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम अग्रसेन चौक शक्ति में आयोजित किया गया, इस अवसर पर जहां भाजपा नेताओं ने वर्तमान में किसानों को पूरे प्रदेश में हो रही समस्याओं को लेकर कांग्रेस सरकार को जमकर कोसा तो वही कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ प्रदेश में किसानों को वर्तमान कांग्रेस सरकार द्वारा अपने वायदे के अनुरूप काम नहीं किया जा रहा है, किसान जहां खाद एवं बीज के लिए भटकने को मजबूर हैं, तो वही सहकारी सोसायटीओं में किसानों को खाद की उपलब्धता नहीं हो पा रही है एवं किसानों को मजबूरन निजी क्षेत्रों से खाद लेने को मजबूर किया जा रहा है, शक्ति विधानसभा क्षेत्र के सभी वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि विगत वर्षों में छत्तीसगढ़ में डॉक्टर रमन सिंह की 15 वर्षों तक सरकार थी, तथा कभी भी किसानों को समस्या का सामना नहीं करना पड़ा किंतु आज स्थिति विपरीत है आज केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार खाद पर किसानों को सब्सिडी दे रही है लेकिन राज्य के सरकार किसानों को इस सब्सिडी का लाभ भी उचित रूप से नहीं पहुंचा रही है, भाजपा शक्ति विधानसभा के आयोजित धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का मंच संचालन करते हुए जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री टिकेश्वर गबेल टुककु ने विस्तारपूर्वक धरना के उद्देश्य पर प्रकाश डाला साथ ही कहा कि आज शक्ति क्षेत्र के किसान भी चिंतित एवं परेशान हैं तथा सरकार एवं प्रशासन को चाहिए कि किसानों की समस्याओं का निराकरण करें वही धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री मेधाराम साहू, पूर्व विधायक डॉक्टर खिलावन साहू, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल, प्रीतम सिंह गबेल,जिला पंचायत सदस्य विद्या सिदार, कमलेश जांगड़े, सहित विधानसभा क्षेत्र के अनेकों वक्ताओं ने संबोधित करते हुए राज्य सरकार पर निशाना साधा एवं विगत महीनों धान की खरीदी के दौरान भी सरकार द्वारा बेहतर व्यवस्था खरीदी की न कर पाने के कारण किसानों को कई प्रकार की समस्याओं से परेशान होने की बात कहीं।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भाटापारा के न्यायालय में मामला**

क्रमांक : 202107211100029/202107211100029
विषय : अ-2 सन्- 2020-2021

**मामले की श्रेणी - राजस्व**

अवरेठी प.ह.नं. 00010 (12/24(0.0070 हे.)
पक्षकारों का विवरण :
आवेदक पक्षकार - सीमा भटनागर
अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सीमा भटनागर पति अमित भटनागर निवासी सुभाष वार्ड भाटापारा, तहसील भाटापारा जिला-बलौदा बाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा ग्राम अवरेठी प.ह.नं. 10 तहसील भाटापारा स्थित अपने भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा 12/24 रकबा 0.0070 हेक्टेयर अर्थात् 800 वर्गफुट भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु कर पुर्न निर्धारण के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु कर पुनर्निर्धारण करने के सम्बन्ध में जिस किसी को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 03.08.2021 तक न्यायालयीन अवधि में मेरे न्यायालय में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19.07.2021 को जारी किया जाता है।

मुहर
लविना पाण्डेय
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भाटापारा

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भाटापारा के न्यायालय में मामला**

क्रमांक : 202107211100027/202107211100027
विषय : अ-2 सन्- 2020-2021

**मामले की श्रेणी - राजस्व**

अवरेठी प.ह.नं. 00010 (12/23(0.0070 हे.)
पक्षकारों का विवरण :
आवेदक पक्षकार - ज्योति भटनागर
अनावेदक पक्षकार - छत्तीसगढ़ शासन

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका ज्योति भटनागर पति नवीन भटनागर निवासी सुभाष वार्ड, तहसील भाटापारा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा ग्राम अवरेठी प.ह.नं. 10 तहसील भाटापारा स्थित अपने भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा 12/23 हेक्टेयर रकबा 0.0070 हेक्टेयर अर्थात 800 वर्गफुट भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु कर पुर्न निर्धारण के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु कर पुनर्निर्धारण करने के सम्बन्ध में जिस किसी को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 03.08.2021 तक न्यायालयीन अवधि में मेरे न्यायालय में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19.07.2021 को जारी किया जाता है।

मुहर
लविना पाण्डेय
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भाटापारा

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भाटापारा के न्यायालय में मामला**

क्रमांक : 202107211100030/202107211100030
विषय : अ-2 सन्- 2020-2021

**मामले की श्रेणी - राजस्व**

अवरेठी प.ह.नं. 00010 (हे.)
पक्षकारों का विवरण :
आवेदक पक्षकार - रोहित शुक्ला
अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रोहित शुक्ला पिता राजकुमार शुक्ला निवासी राजीव नगर रायपुर, तहसील रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम अवरेठी प.ह.नं. 10 तहसील भाटापारा स्थित अपने भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा 12/12 हेक्टेयर रकबा 0.1760 हेक्टेयर में से 4500 वर्गफुट भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु कर पुर्न निर्धारण के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु कर पुनर्निर्धारण करने के सम्बन्ध में जिस किसी को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 03.08.2021 तक न्यायालयीन अवधि में मेरे न्यायालय में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19.07.2021 को जारी किया जाता है।

मुहर
लविना पाण्डेय
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भाटापारा

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भाटापारा के न्यायालय में मामला**

क्रमांक : 202107211100031/202107211100031
विषय : अ-2 सन्- 2020-2021

**मामले की श्रेणी - राजस्व**

अवरेठी प.ह.नं. 00010 (11/38 (0.0080 हे.)
पक्षकारों का विवरण :
आवेदक पक्षकार - नीरा बाई साहू
अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका नीरा बाई साहू पति नीलकमल साहू निवासी लाल बहादुर शास्त्री वार्ड भाटापारा तहसील भाटापारा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा ग्राम अवरेठी प.ह.नं. 10 तहसील भाटापारा स्थित अपने भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा 11/38 रकबा 0.0080 हेक्टेयर अर्थात 828 वर्गफुट भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु कर पुर्न निर्धारण के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु कर पुनर्निर्धारण करने के सम्बन्ध में जिस किसी को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 03.08.2021 तक न्यायालयीन अवधि में मेरे न्यायालय में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19.07.2021 को जारी किया जाता है।

मुहर
लविना पाण्डेय
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भाटापारा

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भाटापारा के न्यायालय में मामला**

क्रमांक : 202107211100028/202107211100028
विषय : अ-2 सन्- 2020-2021

**मामले की श्रेणी - राजस्व**

अवरेठी प.ह.नं. 00010 (11/36 (0.0190 हे.)
पक्षकारों का विवरण :
आवेदक पक्षकार - विकाश कुमार यदु
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विकाश कुमार यदु पिता नाथूराम यदु निवासी ग्राम-अकलतरा तहसील भाटापारा जिला - बलौदाबाजार - भाटापारा (छ.ग.) द्वारा ग्राम अवरेठी प.ह.नं. 10 तहसील भाटापारा स्थित अपने भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा 11/36 रकबा 0.0190 हेक्टेयर अर्थात् 2000 वर्गफुट भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु कर पुर्न निर्धारण के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु कर पुनर्निर्धारण करने के सम्बन्ध में जिस किसी को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 03.08.2021 तक न्यायालयीन अवधि में मेरे न्यायालय में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19.07.2021 को जारी किया जाता है।

मुहर
लविना पाण्डेय
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भाटापारा

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)**

क्रमांक 1011/लो.क.वि./न.पा.नि./2021 रायगढ़, दिनांक 24.07.2021

**// द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //**

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा पार्षद निधि, एल्डरमेन निधि, महापौर अनुसंशा निधि, विधायक मद, सांसद मद, निकाय मद, ब्याज की राशि, डी.एम.एफ. मद, अधोसंरचना मद, केन्द्र एवं राज्य प्रवर्तित एवं ऐसा मद जो पूर्व में चिन्हांकित नहीं हो परन्तु निकाय को कार्य संपादन हेतु प्राप्त हुआ हो से निर्माण/मरम्मत कार्य हेतु अनुदान राशि से एस.ओ.आर. में प्रावधानित आईटम से संपादित किये जाने वाले सड़क/नाली/भवन/पुलिया आदि कार्यों के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत डी वर्ग एवं ऊपर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र ''अ'' में पी.डब्ल्यू.डी. के भवन तथा सड़क एस.ओ.आर. (प्रभाव शील दिनांक 01.01.2015) एवं इलेक्ट्रीकल कार्य हेतु वर्ष दिनांक 01.07.2015 से प्रचलित दर अनुसूची पर नगर पालिक निगम, रायगढ़ की वेबसाईट www.nagar-nigamraigarh.com से निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर पूर्ण रूप से भरकर निविदा प्रपत्र के साथ निर्धारित प्रपत्र शुल्क डी.डी. के माध्यम से दिनांक 12.08.2021 को अपरान्ह 04.00 बजे तक स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से मुहरबंद निविदाएं त्रि-लिफाफा पद्धति से आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 12.08.2021 को प्रातः 11.00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी।

| क्र. | कार्य का नाम | कार्य की लागत (लाख में) | अमानत राशि रुपये | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सी.सी. सड़क, आर.सी.सी. नाली, पुलिया, सामुदायिक भवन, छतदार चबुतरा आदि सिविल निर्माण कार्य एवं उसमें विद्युतीकरण स्थापना तथा सभी तरह के मरम्मत कार्य के लिए वार्ड क्र. 01 से 09 एवं 11, 12 वार्ड के लिए पृथक-पृथक ग्रुप क्र. 01 से 09 एवं 11, 12 तक के लिए वार्ड अनुसार पृथक-पृथक निविदा को पृथक लिफाफे में प्रत्येक वार्ड अनुसार निर्धारित प्रपत्र शुल्क का डी.डी. एवं अमानत राशि का टी.डी.आर./एफ.डी.आर. एवं निविदा प्रपत्र तीन लिफाफा पद्धति से प्रस्तुत करना होगा। | 08.00 (लाख) प्रत्येक ग्रुप के लिए अर्थात 11x8 लाख का कार्य होगा। | 6000/- रुपया प्रत्येक ग्रुप के लिए अर्थात 11x6 हजार का देय होगा। | 750/- रुपया प्रत्येक ग्रुप के लिए अर्थात 11x750 रुपया देय होगा। |

**नोटः**-1. उपरोक्त कार्य की निविदा प्रपत्र वेबसाईट uad.cg.gov.in/www.nagarnigamraigarh.com से डाउनलोड कर प्राप्त किया जावें तथा निविदा प्रक्रिया के संबंध में किसी प्रकार के जानकारी की आवश्यकता होने पर नगर निगम रायगढ़ के तकनीकी शाखा में प्राप्त किया जावें अन्यथा त्रुटि पूर्ण निविदा प्रपत्र मान्य नहीं होगा।

**''स्वच्छ पर्यावरण के लिए वृक्षारोपण करें एवं पालिथीन का प्रयोग न करें।''**

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

## क्विक न्यूज

### 3 निर्माण कार्य के लिए 11 लाख 24 हजार सीईओ के खाते में किया हस्तारित

**जशपुर।** कलेक्टर महादेव कावरे के निर्देशन में योजना एवं सांख्यिकी विभाग के द्वारा सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत सांसद निधि से स्वीकृत 03 निर्माण कार्यो की प्रथम किश्त राशि ग्यारह लाख चैबीस हजार चार सौ पन्द्रह रुपये क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मनोरा के खाते में राशि हस्तांतरित किया गया है। जिसमें खम्हलि के प्राथमिक शाला में खेल मैदान निर्माण लागत राशि 374805, लिटिम के प्राथमिक शाला में खेल मैदान निर्माण लागत राशि 374805 एवं दौनापाठ के प्राथमिक शाला में खेल मैदान निर्माण लागत राशि 374805 कुल राशि 11,24,415 के कार्य शामिल हैं।

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु चयन सूची जारी

**बीजापुर।** जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भैरमगढ़, बीजापुर, उसूर एवं भोपालपटनम में शैक्षणिक सत्र 2021-22 के तहत् कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन सूची जारी कर दी गयी है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग बीजापुर से मिली जानकारी के अनुसार उक्त सभी एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा के उपरांत 20 जुलाई को मेरिट सूची प्रकाशित कर 23 जुलाई तक दावा-आपत्ति आमंत्रित की गयी थी। चयन समिति द्वारा प्राप्त दावा-आपत्तियों का निराकरण कर अंतिम चयन सूची विकासखंडवॉर प्रकाशित कर दी गयी है।

### खाद बीज की कमी को लेकर आज धरना देगे भाजपा कार्यकर्ता

**बलौदाबाजार।** प्रदेश मे भूपेश बधेल की सरकार के कुप्रबंधन के कारण खाद बीज की कमी , अधोषित बिजली कटौती को लेकर किसान मोर्चा के तत्वाधान मे भाजपा द्वारा विधानसभा स्तरीय एक दिवसीय धरना प्रदर्शन गार्डन चैक बलौदाबाजार मे 12 बजे से शाम 4 बजे तक किया जायेगा तत्पश्चात महामहिम राज्यपाल के नाम जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा जायेगा। किसानमोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन वर्मा ने प्रेसविज्ञप्ति जारी कर विधानसभा के सभी भाजपा कार्यकर्ता एवं किसानो से अपील की है कि कार्यक्रम मे अधिक से अधिक संख्या मे उपस्थित होकर प्रदेश की गुंगी बहरी सरकार को जगाने एवं धरना को सफल बनाने का आव्हान किया है।

### स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने की लम्बित पदोन्नति प्रक्रिया प्रारंभ करने की मांग

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिला ईकाई बीजापुर के द्वारा चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों के कई वर्षों से लंबित पदोन्नति प्रक्रिया पर कार्यवाही करने एवं वरिष्ठ कर्मचारियों को समयमान वेतनमान का लाभ देने हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. सिंह को ज्ञापन दिया गया। जिस पर सीएमएच्ओ सर ने शीघ्र ही विभागीय प्रक्रिया प्रारंभ करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर संघ के जिलाध्यक्ष सदाशिव दुर्गम सहित पी शरद, देव लहरी, डी एस परस्ते, लक्ष्मण दुर्गम, प्रभा कावटी, मिथलेश, नंदू, निखिल आदि पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### निधन

#### चंदूलाल भुसाखरे



**बालोद।** ग्राम दर्रीटोला निवासी (ग्राम पटेल) चंदूलाल भुसाखरे उम्र 55 वर्ष का रविवार 25 जुलाई को निधन हो गया। जिनका तीजनहावन एवं सम्पूर्ण कार्यक्रम 27 जुलाई को गृहग्राम दर्रीटोला में किया जाएगा। वे एक दैनिक अखबार के ग्रामीण प्रतिनिधि मोहित भास्कर के पिता थे।

# मिनट-मिनट पर बिजली कटौती, खाद की कालाबाजारी नकली बीज का मुद्दा लेकर बीजेपी ने शुरू किया आंदोलन

■ जिले के जशपुर, कुनकुरी और पत्थलगांव तीनों विधानसभा में हुई सभाएं

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



राज्य सरकार की किसान विरोधी नीति व राज्य में रासायनिक खाद की कमी व खाद की काला बाज़ारी, अघोषित बिजली कटौती, नकली बीज की सप्लाई, गुणवत्ता विहीन वर्मी कंपोस्ट खरीदने के लिए किसानों को बाध्य करना जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे को लेकर व किसानों को हो रही समस्याओं के संबंध में प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा जिला जशपुर द्वारा जिले के तीनों विधानसभा में छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार के खिलाफ जमकर हल्ला बोला गया। जशपुर विधानसभा में बिलासपुर संभाग के संगठन प्रभारी कृष्ण कुमार राय, पूर्व सांसद राजा रणविजय सिंह जूदेव, पूर्व संगठन महामंत्री रामप्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रायमुनि भगत, कुनकुरी विधानसभा में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदेवसाय, प्रदेश मंत्री भाजपा प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, जिला सह प्रभारी रामकिशुन सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष रोहित साय, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष उपेन्द्र यादव, एवं पत्थलगांव विधानसभा में पूर्व सांसद नंदकुमार साय, जिला संगठन प्रभारी गुरूपाल भल्ला, पूर्व विधायक शिबशंकर साय पैंकरा, यश प्रताप सिंह जूदेव, डीडीसी सालिक साय के मुख्य आतिथ्य में राज्य सरकार के किसान विरोधी नीति के खिलाफ किया गया धरना प्रदर्शन। धरना प्रदर्शन के माध्यम से नेताओं ने कहा कि प्रदेश की भूपेश सरकार ने किसानों के साथ वादा खिलाफी किया है, आज किसान खाद की किल्लत की वजह से खेती नही कर पा रहे हैं, प्रदेश मे अगर कोई वर्ग सबसे ज्यादा छला गया है तो वो छत्तीसगढ़ का किसान है। जब से छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार आई है किसानों का धान ना बिके इसके लिए तरह तरह के हतकंडे अपनाए जा रहे हैं। पहले बारदाने की कमी बताकर तो दूसरी बार धान फसल का रकबा घटा कर धान खरीदी को प्रभावित किया गया, और अब प्रदेश सरकार किसानों को खाद बीज की किल्लत कर किसानों को खेती से रोक रही है। प्रदेश में एक ओर जहाँ सोसायटी में खाद नहीं मिल रही है और वही दूसरी ओर खुले बज़ार में खाद के ऊंचे दामों में बिक्री हो रही है। यह सब कांग्रेस सरकार की गलत नीति व नियत की वजह से हो रहा है। किसानों की आवाज़ बनकर आज भाजपा मैदान में उतरकर पूरे प्रदेश राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रही है, भाजपा का एक एक कार्यकर्ता किसानों की हक के लड़ाई के साथ खड़ा है। सरकार जिस तरह से किसानों के साथ वर्ताव कर रही है आने वाले विधानसभा चुनाव में किसान इसका जरूर जवाब देंगे। धरना प्रदर्शन के बाद तीनों विधानसभा में किसानों के हितों को लेकर स्थानीय अनुविभागीय अधिकारी को महामहिम के नाम ज्ञापन भी सौपा गया। उक्त जानकारी देते हुए जिला भाजपा के मीडिया प्रभारी फैज़ान सरवर खान ने बताया कि तीनों विधानसभा में मुख्य रूप से जिला महामंत्री द्वय ओम प्रकाश सिन्हा एवं सुनील गुप्ता, नपा. उपाध्यक्ष राजू गुप्ता, किसान मोर्चा के अध्यक्ष मुनेश्वर सिंह केसर, मुकेश शर्मा, भरत सिंह, सुनील अग्रवाल, शंकर गुप्ता, पुरषोत्तम सिंह, देवधन नायक, रेणु विश्वास, गोविंद राम भगत, गेंदबिहारी सिंह, संतोष सिंह, राजकपूर भगत, श्रीनायक मिश्रा, अनिल मित्तल, असलम आजाद, ललित नागेश, अमन शर्मा, ममता कश्यप,आर्य प्रताप सिंह जूदेव, विजय आदित्य सिंह जूदेव, रीना बरला, सलोने मिश्रा, हरिशंकर यादव, श्यामलाल भगत, मंगल राम, नितिन राय, विवेकानंद झा, विक्रांत सिंह, अंकित बंसल, राजकुमार गुप्ता,उमाशंकर भगत, आनंद शर्मा, अवधेश गुप्ता, दीपक गुप्ता, मनीष अग्रवाल, दिनेश प्रसाद,अरविंद भगत, सज्जू खान, एवं सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, पदाधिकारी, पार्षद, एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने ऑक्सीजन प्लांट स्थापना के लिए भवन निर्माण कार्य का किया निरीक्षण




पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर महादेव कावरे ने जिला चिकित्सालय में एक और ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करने के लिए भवन के निर्माण कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को गंभीरता से लेते हुए आगामी 05 अगस्त तक निर्माण कार्यो को पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए है। ताकि शीघ्र ही मरीजों को सुविधा मिल सके। इस अवसर पर सीएमएचओ जशपुर पी. सुथार, सिविल सर्जन एफ.खाखा, जिला अस्पताल के सलाहकार राजेश कुरिल उपस्थित थे। अस्पताल में पहले भी एक ऑक्सीजन प्लांट लग चुका है। मरीजों की सुविधा के लिए और कोरोना महामारी की तीसरी लहर की संभावना को देखते हुए कलेक्टर ने कहा कि जिला अस्पताल में एक और ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करने की तैयारी की जा रही है। इसको मिलाकर जिले में 02 ऑक्सीजन प्लांट हो जायेंगे। वर्तमान में कोविड अस्पताल में भर्ती मरीजों को प्लांट से ऑक्सीजन की सुविधा दी जा रही है। दूसरी संयंत्र की स्थापना हो जाने से और भी मरीजों को इसका लाभ मिलेगा। मशीन को रखने के लिए भवन निर्माण कार्य हेतु 17 लाख 70 हजार की राशि स्वीकृत की गई है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सीसीटीव्ही कैमरा से कोविड अस्पताल में भर्ती मरीजों की भी जानकारी ली। कोविड अस्पताल में वर्तमान में 06 लोगों को भर्ती किया गया है और इनका ईलाज बेहतर तरीके से किया जा रहा है। कलेक्टर ने अस्पताल के साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं और टेस्ट करके पॉजिटिव मरीजों को दवाई और ईलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कहा है।

## छग सर्व आदिवासी समाज के जिला इकाई पदाधिकारी का चुनाव हुआ सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदा बाजार
www.dailypioneer.com




छ.ग सर्व आदिवासी समाज के जिला इकाई पदाधिकारी का चुनाव 25 जुलाई दिन रविवार को छ.ग सर्व आदिवासी के बेनर तले चुनाव प्रभारी गणेश सिंह धुव के सफल मार्गदर्शन में प्रदेशाध्यक्ष व जिला के समस्त 6 ब्लाक के आदिवासी समाज के पदाधिकारियों उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। चुनाव में सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष दौलत कुंजाम, उपाध्यक्ष नारायण तोमर व पीलाराम धुव, सचिव नरेश नेताम, महामंत्री बंशीलाल नेताम को मनोनीत किया गया। उक्त पदाधिकारियों के निर्वाचन पर समाज प्रमुख बी.पी.एस नेताम, कुंदन ठाकुर, धनंजय, श्रीराम धुव, कृपा राम धुव, कमलेश धुव, भूपेन्द्र धुवंशी, रामबगस नेताम, डॉ एल एस धुव, रामधुव, श्याम धुव, हीरालाल पैकरा, धर्मेन्द्र कटारे, के.पी धुव, कुंलजन नेताम लखन धुव, घनश्याम मरकाम, मेमसिह धुव, पुनाराम मंडावी, तिरीथ मरकाम, राजेश मरकाम, वीरसिंह नेताम, रामायण धुव, हेमन्त ठाकुर, अनुज मंडावी, प्रहलाद, गजेन्द कतलम, अमर सिंह ठाकुर, रामायण नेताम, देवकुमार, दशरथ नेताम, जितांशु ध्रुव, प्रतीक ध्रुव, पंकज ध्रुव, रामचरण ध्रुव, योगेश ध्रुव, संदीप ध्रुव ने हर्ष प्रकट किया है।

## डी पुरेन्दश्वरी पर अभद्र टिप्पणी पर महिला मोर्चा बिफरी

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




आबकारी मंत्री द्वारा भाजपा प्रदेश प्रभारी डी पुरेंन्दश्वरी को फुलन देवी कहे जाने पर धोर आपत्ति दर्ज करते हुए महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओ ने धोर आपत्ति दर्ज करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बधेल आबकारी मंत्री कवासी लखमा सहित कांग्रेस पार्टी से माफी मांगने को कहा है। बलौदाबाजार भाजपा जिला महिला मोर्चा मंत्री कौशल्या वर्मा ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस सरकार के आबकारी मंत्री कवासी लखमा द्वारा प्रदेश प्रभारी डी पुरेंन्दश्वरी के विरूद्ध अभर्द टिप्पणी करना एवं उनके लिए फुलनदेवी जैसे शब्दो का उपयोग कर डी पुरेंन्दश्वरी जी का उपहास करना मातृशक्ति का अपमान है ।इसकी महिला मोर्चा कडी निंदा करती है । कांग्रेस पार्टी तथा प्रदेश के मुखिया होने के नाते इन मंत्रियो की बदजुबानी पर लगाम कसना मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी बनती है । हम मातृशक्ति प्रदेश के मुखिया भूपेश बधेल से मांग करती है कि इस संबंध मे सम्पूर्ण मातृशक्तियो से मांफी मांगे। वरना मातृशक्ति सडक पर उतरने के लिए बाध्य होगी। उन्होने आगे कहा कि जब प्रदेश सरकार के आबकारी मंत्री कवासी लखमा से शराब बंदी के बारे मे पुछा गया तब उनका कहना था शराब पीकर आदिवासी लोग खुश होते है । राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक द्वारा कहना कि छत्तीसगढ मे बलात्कार नही होता महिलाये अपनी मर्जी से सबंध बनाती है इतने बडे पद पर रहते हुए स्वयं महिला होकर महिलाओ के लिए ऐसे शब्दो का प्रयोग करना अशोभनीय है । प्रदेश शासन मंत्री शिवकुमार डहरिया द्वारा बलरामपुर की धटना को छोटी धटना कहना और उत्तरप्रदेश के हाथरस मे हुए धटना को बडी धटना कहना उनकी कुंठित व मानसिक दिवालियापन को दशार्ता है । प्रदेश शासन के मंत्रीयो द्वारा एवं उनके नेताओ द्वारा ऐसे शब्दो का प्रयोग करके पूरी नारी जाति का अपमान कर रहे है। प्रदेश मे लगातार अन्य प्रदेशो से शराब लाकर खपाया जा रहा है राजधानी रायपुर तक भी अन्य राज्यो की शराब पहुंच रही है जो सरकार की मदद के बिना संभव नहीं है।

## आंगनबाड़ी केन्द्रों को साफ-सफाई करने के बाद किया जा रहा है संचालित



**जशपुर।** कलेक्टर महादेव कावरे के मार्गदर्शन में जशपुर जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्र से संचालित किये जा रहे हैं। आंगनबाड़ी केन्द्रों को खोलने से पूर्व अच्छे से साफ-सफाई भी किया गया। कलेक्टर ने कहा कि सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में कोविड-19 के दिशा-निर्देश का पालन करते हुए संचालित करें। आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को दोपहर का गरम भोजन और स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस को कोविड-19 के प्रोटोकॉल का पालन करते हुए प्रारंभ करने के लिए कहा गया है। इस दौरान 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और सुपोषण अभियान के हितग्राहियों को आंगनबाड़ी आने की अनुमति होगी। केन्द्र में बच्चों को भेजने हेतु पालकों की सहमति लिए जाने के निर्देश भी दिए गए है। केन्द्र में हितग्राहियों को अलग-अलग समूह में अलग अलग समय पर बुलाया जाएगा। एक समय में 15 व्यक्तियों से अधिक लोग भवन में नहीं होंगें।

## आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया फिर शुरू

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com




आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचन्द बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत जिले के अनुमति प्राप्त चॉइस सेंटर में पात्र हितग्राहियों की पात्रता अनुसार आयुष्मान कार्ड सह पंजीयन बनाने का काम 30 अप्रैल तक संचालित था। परंतु कोविड-19 के प्रसार को देखते हुए इस कार्य को स्थगित किया गया था। इसे अब पुनः प्रारंभ कर दिया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के.सिंह ने बताया कि इसे पुनः प्रारंभ करने संचालक स्वास्थ्य सेवाएं मुख्य कार्यपालन अधिकारी राज्य नोडल एजेंसी द्वारा प्राप्त निर्देश एवं कलेक्टर श्री रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में ऐसे हितग्राही जिन्होंने अभी तक आयुष्मान कार्ड पंजीयन नहीं करवाएं है वे अपना राशन कार्ड व आधार कार्ड लेकर नजदीकी चॉइस सेंटर में जाकर कार्ड बनवा सकते हैं। जिससे हितग्राही आपातकालीन अथवा जरूरत के आधार पर जिले, प्रदेश तथा प्रदेश के बाहर पंजीकृत अथवा सूचीबद्ध शासकीय, निजी अस्पताल में भर्ती होकर 50 हजार रूपये या 5 लाख रूपये तक की प्रति वर्ष स्वास्थ्य लाभ लेकर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जिन पात्र हितग्राहियों ने पूर्व में विभिन्न चिन्हांकित चॉइस सेंटर में अपना पंजीयन कराएं है वे उसी चॉइस सेंटर में अपना आधार कार्ड, राशन कार्ड पुनः दिखाकर निःशुल्क पीवीसी आयुष्मान कार्ड प्राप्त कर सकते हैं। राज्य नोडल एजेंसी ने बताया कि पूर्व में 1 मार्च से 31 मार्च तक आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया जारी थी। जिसे बढ़ाकर 30 अप्रैल तक किया गया था। इस अवधि में आपके द्वार आयुष्मान योजना के तहत पंजीयन के मामले में छत्तीसगढ़ देश में सर्वश्रेष्ठ रहा था।

## कांग्रेसियों ने पेगासस जासूसी मामले को लेकर मोदी सरकार के शव यात्रा निकालकर फूंका पुतला

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



केन्द्र के नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं व फोन टेपिंग पेगासस जासूसी मामले को लेकर तथा पेट्रोल ,डीजल, रसोई गैस सहित आवशयक खाद्यय वस्तुओं के कीमतो में बेहताषा वृध्दि के विरोध में कांग्रेसियों ने कांग्रेस कार्यालय मैनपुर से केन्द्र के मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते शव यात्रा निकाली गई और थाना मैनपुर के सामने बस स्टैण्ड में शव यात्रा को दहन किया गया, इस दौरान मैनपुर पुलिस पुतला में लगे आग को बुझाने पानी डाला इस दौरान कांग्रेसियो और पुलिस के जवानों के बीच पुतला को लेकर झुमाझटकी की स्थिति निर्मित हो गई, कांग्रेसिंयों ने पेट्रोल डालकर पुतला को आग के हवाले कर दिया, तो पुलिस पानी डाल डालकर पुतला को बुझाने में लगी रही। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा केन्द्र के नरेन्द्र मोदी सरकार के खिलाफ पिछले चार दिन पूर्व ही पुतला दहन करने की चेतावनी देने के बाद आज सुबह से कांग्रेस कार्यकर्ता बडी संख्या में कांग्रेस कार्यलय में एकत्र हो गये, वही पुलिस प्रशासन भी सक्रिय रहा इस दौरान कांग्रेसियों ने रैली निकालकर नरेन्द्र मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष एंव कांग्रेस के प्रत्याशी रहे संजय नेताम ने कहा कि केन्द्र के नरेन्द्र मोदी सरकार जासूसी करने में लगी हुई है कांग्रेस के बडे नेताओं और पत्रकारो के फोन टेपिंग कर लोकतंत्र की हत्या करने में लगी हुई है, ऐसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एंव गृह मंत्री अमित शाह को तत्काल अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। शहर कांग्रेस कमेटी रामकृष्ण ध्रुव ने कहा कि लगातार बढती मंहगाई से देश की जनता परेशान हो चुकी है, केन्द्र के नरेन्द्र मोदी सरकार को किसानों आम जनता की परेशानी दिखाई नही दे रही है, उपर से भाजपा सरकार अब जासूसी करने लगी है, मोदी सरकार की ये डिजिटल इंडिया नही बल्कि सर्विलांस इंडिया है लोगो के मौलिक अधिकारों पर हमला करने की कोशिश किया जा रहा है, खुद मोदी सरकार संविधान की धज्जिया उडा रही है और कानून के शासन पर हमला बोल रही है यह लोकंतत्र का अपमान है। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भोला जगत, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गुलाम मेमन, तुलसी कश्यप, परमेश्वर कश्यप, राहूल निर्मलकर, राकेश कुमार, भानुप्रताप सिन्हा, देवेन्द्र सोरी, निखिल जगत, लोकेश साण्डे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पदाधिकारी शामिल थे।


**कार्यालय, नगर पालिक निगम**
**जोन क्रमांक -07**
मंगलम कॉम्प्लेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर छ.ग.

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्र.क्रमांक 63/2021-2022**
**वार्ड का नाम - तात्यापारा वार्ड क्र.-37**

समस्त एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **तात्यापारा वार्ड क्र. 37** वार्ड स्थित भवन / भूमि **37/627** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमति लीला बाई रामनारायण सरोज सुन्दर लाल चन्दूलाल मोतीलाल** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती (1) सुनील कुमार साहु (2) सतीश कुमार साहु दोनों पिता स्व. रामनारायण साहु** ने रजिस्ट्री/लिखित द्वारा वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
**जोन आयुक्त**
**जोन क्र. -07**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम**
**जोन क्रमांक -07**
मंगलम कॉम्प्लेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर छ.ग.

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्र.क्रमांक 62/2021-2022**
**वार्ड का नाम - तात्यापारा वार्ड क्र.-37**

समस्त एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **तात्यापारा वार्ड क्र. 37** वार्ड स्थित भवन / भूमि **37/197 नगर निगम कालोनी** जो कि निगम अभिलेख में **कु. भगवती पिता छोटामल बढ़ते कदम द्वारा अध्यक्ष** के नाम से दर्ज है, जिसको **बढ़ते कदम द्वारा वर्तमान अध्यक्ष - सुनील अरमानी पिता दौलतराम अरमानी** ने रजिस्ट्री/लिखित द्वारा वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
**जोन आयुक्त**
**जोन क्र. -07**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम**
**रायपुर (छ.ग.)**
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
ई-मेल - rmczone10@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्र.क्रमांक 125/2021-2022**
**वार्ड का नाम - बाबू जगजीवन राम वार्ड क्र.-53**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बाबू जगजीवन राम वार्ड क्र.-53 वार्ड में स्थित भवन / भूमि **53/** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती जयंत माधव लुलु S/o श्री माधव बलवरु लुलु** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती संगीता जयंत लुलु W/o श्री जयंत माधव लुलु** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/ बिना पंजीकृत वसीयतनामा/पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नही होगा। **सूचना जाने।**

मुहर
**जोन कमिश्नर**
**जोन क्र. -10**
**नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**वार्ड का नाम - माँ कर्मा माता वार्ड**
**वार्ड क्र. 38, वर्ष 2021-22**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **25.08.2021** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 2034/ 26.07.2021, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** -90/38, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - पृथ्वीनाथ साहू S/o स्व. बीरसिंग साहू, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**-जीतनाथ साहू S/o स्व. बीरसिंग साहू.

मुहर
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम,**
**बीरगांव**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**वार्ड का नाम - माँ कर्मा माता वार्ड**
**वार्ड क्र. 38, वर्ष 2021-22**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **25.08.2021** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 2035/ 26.07.2021, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** -91/38, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - लोकनाथ साहू S/o स्व. बीरसिंग साहू, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**-मधु साहू W/o जीतनाथ साहू.

मुहर
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम,**
**बीरगांव**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग राजनांदगांव (छ.ग.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण)**

निविदा विज्ञप्ति क्र. 3834/11/नि.वि./लोनिवि/2021-2022 दिनांक 24.07.2021

छत्तीसगढ़ राज्य में बेरोजगार युवकों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किये गये ''ई ''श्रेणी पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र AE में प्रतिशत दर पर ब्लाक स्तर पर निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 05.08.2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि : 12.08.2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि : 13.08.2021 अपरान्ह 11.30 बजे

| एन.आई.क्र. निविदा क्र. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | अमानती राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 |
| | कांक्रीट पहुंच मार्ग का निर्माण | | |
| 1. | प्राथमिक शाला ततोड़ा (विकासखंड--मोहला) (प्रथम बार) | 2.39 | 2390.00 |
| 2. | प्राथमिक शाला मुच्चर (विकासखंड-मानपुर) (प्रथम बार) | 3.95 | 3950.00 |

निविदा समय-सारणी एवं आवश्यक निर्देश :- आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है। (1) ई-पंजीयन की छायाप्रति (2) निवास प्रमाण-पत्र (3) जी.एस.टी. प्रमाण-पत्र (4) पेन कार्ड (5) अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में देखा जा सकता है।

जी-62335/3
**कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (भ./स.) संभाग**
**राजनांदगांव (छ.ग.)**

## शिवालयों में शिवभक्तों ने किया अभिषेक





**राजनांदगांव।** पवित्र माह सावन के पहले सोमवार को शिवालयों में शिवभक्तों की भीड़ उमड़ी। भक्तों ने भगवान शिव का जल, दुग्ध से अभिषेक कर मनोकामनाएं मांगी। मंदिरों के आसपास बेलपत्र और आंकड़े के फूलों की जगह-जगह दुकानें लगी रहीं। बफानी धाम, शीतला मंदिर, सिंघोला स्थित महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सिंघोला स्थित मंदिर में शिवलिंग का विशेष श्रृंगार किया जाता रहा है। आज भी यहां भगवान शिव का अभिषेक कर शिवलिंग का विशेष श्रृंगार किया गया था।

# सोसाइटियों में तालाबंदी : किसान पहले ही खाद की किल्लत से जूझ रहे, हड़ताल के चलते हालात और बिगड़े

## सोमवार देर शाम राजधानी में प्रतिनिधि मंडल करेगा बातचीत, नहीं हुआ फैसला तो

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



खाद-बीज की किल्लत की समस्याओं को लेकर किसानों का आक्रोश झेल रही सरकार के लिए मुसीबतें बढ़ती ही जा रही है। जिले के सेवा सहकारी समितियों के प्रबंधक और कर्मचारी नियमितीकरण की मांग को लेकर हड़ताल पर चले गए हैं। हड़ताल के चलते 113 समितियों सहित 300 राशन दुकानों में भी कामकाज ठप्प पड़ गया है। यह हड़ताल किसानों की मुश्किलें और बढ़ाने वाली हैं। वहीं सोमवार को जिले भर में भाजपा किसान मोर्चा के बैनर तले जुटे विपक्ष के नेताओं ने भी सरकार पर जमकर हल्ला बोला है।

**केंद्रीय सहकारी बैंक के मुख्य कार्यपालन :** अधिकारी सुनील वर्मा ने बताया कि जिले भर की सेवा सहकारी समितियों का पूरा स्टॉफ हड़ताल पर है इनमें प्रबंधक से लेकर चौकीदार तक शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जिले में इनकी संख्या 470 के लगभग है। उन्होंने बताया कि फिलहाल इस हड़ताल के संदर्भ में राज्य सरकार से कोई दिशा निर्देश प्राप्त नहीं हुए हैं। बताया जा रहा है कि सोमवार की देर शाम हड़ताली कर्मियों के संघ के प्रतिनिधि मंडल की सरकार के साथ बातचीत होनी है। उम्मीद जताई जा रही है कि इस बैठक में ही हड़ताल का मसला निपटा लिया जाएगा। दूसरी ओर समितियों और उनके द्वारा संचालित राशन दुकानों में तालाबंदी के हालात ने किसान और आम लोगों को परेशानी में डाल दिया है। पहले ही खाद की किल्लत से जूझ रहे किसानों को अब और ज्यादा डर सता रहा है। हड़ताल जल्द खत्म न होने की स्थिति में या तो खाद की कमी के चलते फसल बर्बाद होगी या फिर किसानों को अपनी पूरी कमाई बाजार से महंगी खाद खरीदने में लगानी होगी। वहीं हड़ताल के चलते गोबर खरीदी, फसल बीमा का काम भी ठप हो गया है। बताया जाता है कि जिले के किसानों के लिए 5 हजार टन यूरिया और डीएपी की जरूरत है। इतनी बड़ी मांग के बीच बीतेशनिवार को महज 700 टन खाद की आपूर्ति हुई है।

## करगिल विजय दिवस पर सोशल मीडिया तक सिमटी देशभक्ति

**राजनांदगांव।** 26 जुलाई 1999, आज से 22 साल पहले भारत की सेना ने करगिल जीतने और पाकिस्तान को खदेड़ देने का मिशन पूरा कर जीत का ऐलान किया था। 570 सैनिकों ने इस युद्ध में अपनी जान गंवाई थी। हर साल इस मौके पर शहीदों को याद करते हुए कई आयोजन होते रहे लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ। लोगों की देशभक्ति सोशल मीडिया तक ही सिमट गई। कोविड प्रोटोकॉल की धज्जियां उड़ाते हुए होने वाले राजनीतिक आयोजनों में जहां सैकड़ों की भीड़ जुट जाती है वहीं शहीदों की याद में ऐसा कोई कार्यक्रम शहर में नहीं हुआ। हालांकि राजनीतिक दलों के कुछ राजनीतिक कार्यक्रम जरुर आयोजित हुए। करगिल विजय दिवस को यूं भूल जाना संस्कारधानी के संस्कार नहीं हैं। मौजूदा वक्त में पाबंदियों के बीच ताम-झाम के साथ कई आयोजन हो रहे हैं। इस बीच शहीदों को लेकर किसी तरह के आयोजन न होना नागवार गुजरता है। राजनीतिक दलों, सामाजिक संस्थाओं, समितियों की ओर से भी इस परिप्रेक्ष्य में किसी तरह के आयोजन की कोई खबरें नहीं हैं।

## गुरू पूर्णिमा पर आमगांव में हुआ गुरूओं का सम्मान



पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com

विकासखण्ड के ग्राम आमगांव कुमर्दा में नव दुर्गा रामायण समिति के तत्वावधान में स्व. महेश ठाकुर की याद में नव दुर्गा रामायण समिति की 50 वीं वर्षगांठ पर स्वर्ण जयंती समारोह में एक दिवसीय श्रीरामचरितमानस पाठ तथा गुरूओं का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नव दुर्गा रामायण समिति आमगांव, श्री प्रतिभा बालिका मानस मंडली पुर्रामटोला, श्री राजहंस मानस परिवार सोनसायटोला, श्री गीता संदेश बालिका मानस परिवार बहोरनभेड़ी, व श्री राम कृपा मानस परिवार सालिकझिटियय की भक्तिमय प्रस्तुती हुई।

कार्यक्रम में सुरेन्द्र कुमार शास्त्री मानस विद, पं.अर्जुन पुरी गोस्वामी भगवताचार्य, गोपाल वर्मा प्रांताध्यक्ष तुलसी मानस प्रतिष्ठान, पोषण शुक्ला अध्यक्ष तुलसी मानस प्रतिष्ठान जिला राजनांदगांव, मनक भंडारी अध्यक्ष तुलसी मानस प्रतिष्ठान छुरिया सहित उपस्थित गुरूओं का वंदन कर सम्मन किया गया। साथ ही सांध्यकालीन बेला में छत्तीसगढ़ के प्रतिष्ठित कलाकारों जिसमें स्वर कोकिला कविता वासनिक, प्रभु राम सिन्हा, महादेव हिरवानी को लोकगायन के लिए तथा गोविन्द साव, रवि रंगारी,हर्ष मेश्राम, सतीश सिन्हा,हरि शंकर, विकास सिन्हा,व प्रीतम कोठारी को संगीत व शिक्षा के क्षेत्रों में सहयोग के लिए सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि हिरेंद्र कुमार साहू अध्यक्ष जिला किसान मोर्चा, राजकुमारी सिन्हा नगर पंचायत अध्यक्ष छुरिया, सविता भुआर्य सरपंच आमगांव, हीरालाल साहू उपसरपंच सहित ग्राम के पंचगण व ग्रामीण उपस्थित थे। उक्तशय की जानकारी देते ग्राम के प्रतिष्ठित लोक कलाकार राकेश कुमार सिन्हा ने बताया कि यह कार्यक्रम नव दुर्गा रामायण समिति के बैनर तले आयोजित कर तुलसी मानस प्रतिष्ठान छुरिया के पदाधिकारियों को भी सम्मानित किया गया।

## 103 वाहनों के खिलाफ चालानी कार्रवाई

**राजनांदगांव।** यातायात विभाग द्वारा नेशनल हाइवे पर तेज गति व बिना सीट बेल्ट वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही की गई। इस दौरान 11 ओवरस्पीड वाहन, 89 बिना सीट बेल्ट, 03 माल वाहक में सवारी ढोने के कुल 103 वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई। साथ ही दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने की समझाइश दी गई।



## परंपरागत सुन्दर राखियों से सजेंगी भाईयों की कलाईयां

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



इस बरस बिहान के स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा छत्तीसगढ़ी संस्कृति के अनुरूप निर्मित परंपरागत सुन्दर राखियों से भाईयों की कलाईयां सजेंगी। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने गढ़कलेवा परिसर में बिहान के राखी स्टॉल विक्रय केन्द्र का शुभारंभ किया। उन्होंने ऐसी उम्दा राखियों के निर्माण के लिए समूह के महिलाओं की प्रशंसा की। उनहोंने कहा कि जिले भर की 20 महिला समूह राखी निर्माण के कार्य में सलंग्न है और बहुत अच्छा कार्य कर रही हैं।

गौरतलब है कि जिला प्रशासन द्वारा समूह की महिलाओं की आय बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। परंपरागत धान, बांस, चावल, अरहर, रखिया बीज, मोती एवं खुबसूरत रंग-बिरंगे धागों तथा डिजाईन से सजी राखियां वेरायटी में उपलब्ध हैं। राखी स्टॉल में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की जय माँ शीतला स्वसहायता समूह तथा जय माँ अम्बे समूह की महिलाएं राखी का विक्रय कर रही है। इन महिलाओं को राखी निर्माण के लिए स्टार्टअप विलेज एन्टरप्रेन्योटशिप प्रोग्राम के तहत चार दिन का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ लोकेश चंद्राकर, संयुक्त कलेक्टर इंदिरा देवहारी, संयुक्त कलेक्टर विरेन्द्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर डॉ. दिप्ती वर्मा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के उमेश मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## शहीद सप्ताह का ऐलान, नक्सलियों ने टांगे बैनर




**राजनांदगांव।** लंबी खामोशी के बाद लाल सेना ने फिर से मानपुर इलाके में चहलकदमी दिखाते हुए दो थानों के मध्य पोस्टर टंगाए हैं। थानों के चंद फासले पर ही दखलंदाजी करते हुए माओवादियों ने दो थानों के बीच सड़क में बड़ी संख्या में पोस्टर फेकें है। वही सड़क किनारे पेड़ो में बैनर भी बांधे। सोमवार को मानपुर मदनवाड़ा मुख्य मार्ग पर बसेली थाने और मदनवाड़ा थाने के बीच माओवादियों के बैनर-पोस्टर देखे गए हैं। बैनर पोस्टर के जरिये लाल सेना ने आगामी 28 जुलाई से 3 अगस्त तक शहीद सप्ताह मनाने का फरमान जारी किया है। वहीं पूर्व में मारे गए अपने साथियों के सपनो को साकार करेंगे जैसे वाक्यो का भी पोस्टर-बैनर में उल्लेख है। हालांकि बारिश के चलते पोस्टरों में लिखे गए अधिकांश वाक्य धूल गए हैं। वही रस्सियों के सहारे बंधे बैनर भी टूट कर सड़क व सड़क किनारे में गिरे हुए है। दूसरी ओर दोपहर तक पुलिस मौके पर नही पहुंच पाई थी जिससे पोस्टर-बैनर को यहां से हटाया नही गए थे।

## मंत्री के हाथों हुआ भारत हाईवेज सर्विसेस का शुभारंभ



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भारत हाईवेज सर्विसेस कंपनी (भारत ग्रुप) द्वारा संचालित नए इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप का उद्घाटन प्रदेश के वनमंत्री मो. अकबर ने फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह के पहले मो. अकबर का भव्य स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि मो. अकबर ने अपने उद्बोधन में भारत ग्रुप के संचालक रईश अहमद शकील को बधाई देते हुए उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना भी की। उद्घाटन समारोह के दौरान प्रमुख रूप से खैरागढ़ विधायक देवव्रत सिंह, वरिष्ठ नेता हफीज खान, इंडियन ऑयल कंपनी के मंडल रिटेल सेल्स प्रमुख संतोष कुमार, इंडियन ऑयल कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधक रिटेल सेल्स सौरभ पुजारी, पूर्व विधायक इमरान मेमन, श्रीकिशन खण्डेलवाल, रवि कुमार सिंह, पदम कोठारी, कुलबीर सिंह छाबड़ा, निखिल द्विवेदी, सय्यद अनवर अली, आशीष पाण्डे, साजिद अख्तर, कांग्रेस पार्षद विनय झा, ऋषि शास्त्री, मो. इबराहिम, मजहन खान, शमसुद्दीन शैफी, शकील रिजवी, हफीज वारशी, पिंकू खान सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## शमशूल आलम एवं बिलाल खान के विरूद्ध आयुक्त ने कराई एफआईआर दर्ज


**राजनांदगांव।** 22 जुलाई को युवा जोगी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शमशूल आलम एवं जोगी युवा कांग्रेस के बिलाल खान उर्फ शौलीन खान द्वारा 80 से अधिक लोगों के साथ बिना किसी पूर्व सूचना के एवं सक्षम प्राधिकारी की बिना अनुमति के नगर निगम कार्यालय परिसर में सायं 4.30 बजे से 6.00 बजे तक लगातार शासन विरोधी नारे लगाकर सामान्य कार्यालयीन कार्य को बाधित किया गया। जिससे कानून व्यवस्था संबंधी स्थिति निर्मित हुई तथा शासकीय कार्य बाधित हुआ। उनके इस कृत्य पर नगर निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने आलम एवं खान के विरूद्ध सिटी कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई है।

## विधानसभा स्तरीय धरना में भाजपाईयों का जंगी प्रदर्शन

# धरना प्रदर्शन में अनेक पदाधिकारी संबोधन से वंचित, कृषि खाद व बिजली के मुद्दे पर नेताओं ने उगले आग

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com





प्रदेश भाजपा के आव्हान पर किसानों के मुद्दे को लेकर भाजपा ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। किसानों को साथ लेकर कृषि खाद व बिजली कटौती सहित किसानों के अनेक मुद्दे पर धरना प्रदर्शन कर आवाज मुखर की। भाजपा के शीर्ष वक्ताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर आग उगलते हुए सीधे मुख्यमंत्री व राज्य सरकार पर निशाना साधा। इस दरम्यान राज्यपाल के नाम स्थानीय प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा।

स्थानीय पुराने बस स्टैंड परिसर में आहुत धरना सभा में जिला भाजपा महामंत्री दिनेश गांधी ने खाद की किल्लत व बिजली कटौती पर कांग्रेस सरकार पर जमकर प्रहार किए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार स्वयं को किसानों के हितैषी बताती है, जबकि कृषि सीजन में प्रदेश के किसान कृषि खाद के लिए जूझ रहे हैं। श्रीगाँधी ने जोर देते हुए कहा कि अब तो खेत मे डीएपी डालने का समय भी समाप्ति भी समाप्ति की ओर है। यानि इस बार कृषि बगैर खाद के ही करने किसान मजबूर हो गए हैं। यूरिया व पोटाश भी पर्याप्त मिलने की उम्मीद कम हैं। श्रीगांधी ने बिजली कटौती को ग्रामीण छत्तीसगढ़ में सभी वर्ग को कांग्रेस सरकार की ओर से सबसे बड़ा धोखा करार दिया।

पूर्व जिलाध्यक्ष भरत वर्मा ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार राज्य को सभी संभव मदद कर रही है, लेकिन कांग्रेस सरकार के विधायक, मंत्री व मुख्यमंत्री विधवा विलाप कर अपनी नाकामी छिपा रहे हैं। धरना सभा को जिपंसदस्य जागृति यदु व इंदुमती साहू, एलबी नगर मंडल अध्यक्ष बोधीराम साहू, जयपाल सिन्हा, किसान मोर्चा अध्यक्ष रोहित साहू, तरुण नायक, सरपंच संघ अध्यक्ष टीकाराम सोनकर, दिनेश साहू व जनपद सदस्य मनीष साहू सहित अनेक किसान नेताओं ने भी संबोधित किया। संचालन मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता ने किया।

उक्त अवसर पर डॉ नीरेंद्र साहू, चुन्नी यदु, संतोष यादव, रमजान बड़गुजर, निवेदन साहू, सरिता ढीमर, चुनेश्वर साहू, धनराज ठाकुर, स्वरूपचंद जैन, अंजू त्रिपाठी, गुलशन हिरवानी, किशोर यादव, राजेन्द्र बंटू, निर्मला जितेंद्र सिन्हा, विरेंद्र साहू, मीनाक्षी देशलहरे, डिकेश साहू, रोहित गुप्ता, राजा जैन, अश्वनी पटौदी, गिरिजाशंकर सहित मंडल के प्रमुख पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए।

### विधायक का पट्टा प्रदर्शन फ्लॉप : रामकुमार

भाजपा के धरना प्रदर्शन सभा का संचालन कर रहे मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता ने विधायक पर वार किया। श्रीगुप्ता ने विधायक के पूर्व कार्यकाल दरम्यान पट्टा सहित विभिन्न मांगों के लिए 3 दिनों के हड़ताल को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि विधायक ने पट्टा के लिए नागरिको को बरगलाया था। अब सरकार में आये तो कोई बहाना नही रह गया। पट्टा कुछ लोगों को मिला भी तो पट्टाधारी किरायेदार की तरह किश्तों में भुगतान करने बाध्य होंगे।

### उद्बोधन से वंचित नेता करेंगे शिकायत

भाजपा के प्रदर्शन में अनेक किसान नेता उद्बोधन से वंचित हो गए। इनमे से अनेक नेता पार्टी में प्रदेश, जिला व मंडल में पदाधिकारी हैं। सूत्रों की माने तो अनेक पदाधिकारी मंच पर संबोधन देने वाले पदाधिकारी हैं। इस बार ऐसे पदाधिकारियों के एक धड़े को संबोधन का मौका नही मिलने से उनमें नाराजगी की खबर है। विश्वसनीय सूत्रों की माने तो उच्च पटल पर इसकी शिकायत की भी सुगबुगाहट है।

## Olympic Games Tokyo 2020

# गोल्ड मे बदल सकता है मीराबाई चानू का सिल्वर चाइनीज वेटलिफ्टर होऊ का होगा डोप टेस्ट

पायनियर संवाददाता ✓ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली चीन की भारोत्तोलक झीहुई होऊ का डोपिंग रोधी अधिकारियों द्वारा टेस्ट किया जाएगा और यदि वह इसमें विफल रहती हैं, तो भारतीय भारत्तोलक मीराबाई चानू का सिल्वर मेडल, गोल्ड में बदल सकता है। 'होऊ को टोक्यो में रहने के लिए कहा गया है और उनका परीक्षण किया जाएगा। परीक्षण निश्चित रूप से होने वाला है।' चीन के झीहुई होउ ने शनिवार को कुल 210 किग्रा का भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता था और एक नया ओलंपिक रिकॉर्ड बनाया था। नियम स्पष्ट रूप से कहते हैं, अगर कोई एथलीट डोपिंग टेस्ट में फेल हो जाता है, तो सिल्वर जीतने वाले एथलीट को गोल्ड से सम्मानित किया जाएगा। मीराबाई चानू ने शनिवार को टोक्यो इंटरनेशनल फोरम में महिलाओं के 49 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीतकर भारत को पहला पदक दिलाया था।

### चानू ओलंपिक पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय भारोत्तोलक

प्रतियोगिता में अपने चार सफल प्रयासों के दौरान चानू ने कुल 202 किग्रा (स्नैच में 87 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 115 किग्रा) का कुल वजन उठाया। चीन के झीहुई होउ ने एक नया ओलंपिक रिकॉर्ड बनाया, जबकि इंडोनेशिया की विंडी केंटिका आइसा ने कुल 194 किग्रा वजन उठाकर कांस्य पदक जीता। रजत पदक जीतने के साथ ही चानू ओलंपिक पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय भारोत्तोलक बन गईं। इससे पहले यह करनामा कर्णम मल्लेश्वरी ने 2000 सिडनी खेलों में 69 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीतकर किया था।

### चानू भारत को गौरववान्वित करके स्वदेश रवाना

बता दें कि मणिपुर की रहने वालीं मीराबाई चानू भारत को टोक्यो में गौरववान्वित करके स्वदेश रवाना हो गई हैं। वह ही भारत पहुंच सकती हैं। इससे पहले उन्हें मानसून सत्र के दौरान संसद के दोनों सदनों राज्यसभा और लोकसभा में मीराबाई चानू को टोक्यो ओलिंपिक में सिल्वर जीतने पर बधाई दी गई।


# सूर्यकुमार और पृथ्वी शॉ को भेजा जाएगा इंग्लैंड श्रीलंका में धमाकेदार बल्लेबाजी का मिला इनाम

पायनियर संवाददाता ✓ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारतीय क्रिकेट टीम इस वक्त एक साथ दो देशों का दौरा कर रही है। सीनियर खिलाड़ियों के सजी टीम इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज के लिए मैजूद है जबकि युवाओं की फौज श्रीलंका के दौरे पर है। इंग्लैंड में एक के बाद एक तीन खिलाड़ियों को चोटिल होने के बाद चयनकर्ताओं ने इन सभी के रिप्लेसमेंट के तौर पर श्रीलंका दौरे से दो खिलाड़ियों का चयन किया है। सूर्यकुमार यादव और पृथ्वी शॉ को वनडे में अच्छा प्रदर्शन करने का इनाम दिया गया है।

इंग्लैंड के दौरे पर गई टीम के ओपनर शुभमन गिल सीरीज से पहले ही चोटिल होकर वापस लौट चुके हैं। वहीं प्रैक्टिस मैच के दौरान चोटिल हुए नेट गेंदबाज आवेश खान और ऑलराउंडर वॉशिंग्टन सुंदर को भी चोट की वजह से दौरे से बाहर होना पड़ा। शुभमन को शिन फ्रैक्चर हुआ है जिसकी वजह से उनको अगले कुछ महीनों तक मैदान से बाहर बैठना पड़ेगा। जानकारी के मुताबिक उनके रिहैब से गुजरना होगा और आइपीएल के मैजूदा सीजन से भी बाहर होना पड़ सकता है। भारत को इंग्लैंड के खिलाफ 4 अगस्त से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में खेलना है। आवेश खान काउंटी सलेक्ट इलेवन के साथ खेले गए भारत के प्रैक्टिस मैच के दौरान अपनी टीम के खिलाफ विरोधी टीम के प्लेइंग इलेवन का हिस्सा थे।

9 ओवर की गेंदबाजी करने के बाद उनको चोट लगी थी जिसके बाद वह मैच से बाहर हो गए। वहीं वॉशिंग्टन सुंदर भी इसी मैच में विरोधी टीम की तरफसे खेलने उतरे थे और चोटिल होने की वजह से पूरे दौरे से बाहर हो गए।




### पृथ्वी और सूर्यकुमार ने किया प्रभावित

श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे में पृथ्वी शॉ ने धुंआधार बल्लेबाज की थी। 262 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इस ओपनर ने 9 चौके जमाते हुए 24 गेंद पर 43 रन की तूफानी पारी खेली थी। भारत ने मैच को 7 विकेट से जीता था और पृथ्वी मैन ऑफ द मैच चुने गए थे। सूर्यकुमार ने 3 वनडे मैचों में 49 रन की सबसे बड़ी पारी खेलते हुए कुल 124 रन बनाए थे। वहीं पहले टी20 में शानदार 50 रन की पारी खेली।

# भवानी का ओलिंपिक सफर दूसरे दौर में ही थम गया




टोक्यो ओलिंपिक में पहली बार महिला वर्ग में भवानी देवी ने फेंसिंग में भारत का प्रतिनिधित्व किया। भवानी का ओलिंपिक सफर सोमवार में दूसरे दौर में ही थम गया। भवानी का यह प्रदर्शन झारखंड में फेंसिंग के विकास में कितना सहायक होगा। क्या यहां से भी खिलाड़ी निकलेंगे। यह ऐसा प्रश्न है जो फेंसिंग से जुड़े खिलाड़ी व पदाधिकारी जानना चाहेंगे। झारखंड फेंसिंग एसोसिएशन के महासचिव जय कुमार सिन्हा का मानना है कि सिर्फ ओलिंपक में भागीदारी से ही खेल का विकास नहीं हो सकता।

उन्होंने कहा कि हमलोग सिर्फ ओलिंपिक में भागीदारी से संतुष्ट हो जाते हैं जबकि चीन, जापन, कोरिया, अमेरिका जैसे देशों के खिलाड़ी पदक जीते बिना संतुष्ट नहीं होते। उन्होंने कहा कि यह जज्बा भारतीय खिलाड़ियों में भी होना चाहिए। रही बात झारखंड में इस खेल के भविष्य की तो जहां इस खेल का आधारभूत संरचना ही नहीं है वहां इस खेल के विकास की बात करना बेमानी होगी। इस खेल के उपकरण काफी महंगे हैं जो खिलाड़ियों को उपलब्ध नहीं हो पाते हैं। यहां एक बार फिर सरकार की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। अगर सरकार इस खेल के लिए आधारभूत संरचना तैयार करें और खिलाड़ियों को उपकरण उपलब्ध करा दें तो यहां से इस खेल के खिलाड़ी निकल सकते हैं। लेकिन उसके लिए भी काफी समय लगेगा। झारखंड फेंसिंग संघ के अध्यक्ष अर्चित आनंद भी मानते हैं कि इस खेल के विकास में सरकार के साथ साथ संघ को भी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। राज्य में रांची को छोड़ दिया जाए तो दूसरे जिलों में यह खेल नहीं होता है। ऐसे में खिलाड़ी कैस इससे जुडेंगे। हाकी, फुटबाल की तरह सरकार अगर हर जिले में आधारभूत संरचना उपलब्ध कराये तब कुछ बात बने। अभी तो कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।

### MS Dhoni के अंदाज में इशान किशन ने की स्टंपिंग, बल्लेबाज भी रह गया दंग

**नई दिल्ली।** श्रीलंका दौरे पर विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर गए इशान किशन ने अभी तक अपनी बैटिंग और विकेटकीपिंग दोनों से प्रभावित किया है। श्रीलंका के खिलाफ रविवार को खेले गए तीन मैचों की सीरीज के पहले टी20 इंटरनेशनल मैच में वरुण चक्रवर्ती की गेंद पर इशान ने जिस तरह से श्रीलंकाई कप्तान दसुन शनाका को स्टंप आउट किया, उसे देखकर फैन्स को महेंद्र सिंह धोनी याद आ गए। विकेट के पीछे अपनी तेजी के लिए मशहूर रहे टीम इंडिया के पूर्व कप्तान धोनी इस तरह से कई बल्लेबाजों को स्टंप आउट कर चुके हैं।

### भुवनेश्वर कुमार नहीं सूर्यकुमार यादव को होना चाहिए था मैन ऑफद मैच- जहीर खान

**नई दिल्ली।** भारत और श्रीलंका के बीच तीन मैचों की सीरीज का पहला टी20 इंटरनेशनल मैच रविवार को कोलंबो को आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला गया, जहां भारत ने 38 रनों से जीत दर्ज कर सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई। मैच में चार विकेट लेने वाले भुवनेश्वर कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया, लेकिन टीम इंडिया के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान और क्रिकेट कमेंटेटर एंड एक्सपर्ट हर्षा भोगले का मानना है कि मैन ऑफद मैच अवॉर्ड सूर्यकुमार यादव को मिलना चाहिए था। सूर्यकुमार यादव ने 34 गेंद पर 50 रनों की पारी खेली थी, टीम इंडिया ने 51 रनों तक दो विकेट गंवा दिए थे। पृथ्वी शॉ बिना खाता खोले आउट हुए थे, जबकि संजू सैमसन 27 रन बनाकर पवेलियन लौट गए थे। सूर्यकुमार ने कप्तान शिखर धवन के साथ मिलकर भारत का स्कोर 100 के पार पहुंचाया और फिर टीम का स्कोर 164 रनों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। वहीं भुवनेश्वर कुमार ने 3.3 ओवर में 22 रन खर्चकर चार विकेट झटके।



## बिजनेस

# मसूर दाल की महंगाई से जल्द मिलेगी राहत, सरकार ने उठाए महत्वपूर्ण कदम

पायनियर संवाददाता ✓ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

केंद्र सरकार ने सोमवार को मसूर दाल पर आयात शुल्क को घटाकर शून्य कर दिया। इसके साथ ही मसूर दाल पर एग्री इन्फ्रा डेलवपमेंट सेस को घटाकर भी आधा कर दिया है। इस दाल पर सरकार ने एग्री इन्फ्रा डेवलपमेंट सेस को 10 फीसद पर ला दिया है। सरकार ने घरेलू स्तर पर सप्लाई को बढ़ावा देने और कीमतों में तेजी को थामने के लक्ष्य के साथ यह कदम उठाया है। राज्यसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इससे संबंधित अधिसूचना को सदन के पटल पर रखा।




### मसूर दाल के भाव में आई है ये तेजी

उल्लेखनीय है कि उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय द्वारा मेंटेन किए जाने वाले डेटा के मुताबिक एक अप्रैल को मसूर दाल की कीमत 70 रुपये प्रति किलोग्राम पर थी। वर्तमान में इस दाल का भाव 30 फीसद के इजाफे के साथ 100 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया है।

### वित्त मंत्री ने दी जानकारी

मंत्री ने कहा कि अमेरिका को छोड़कर किसी भी अन्य दस से आयातित मसूर दाल पर बेसिक कस्टम ड्यूटी को 10 फीसद से घटाकर शून्य कर दिया गया है। इसके साथ अमेरिका से आयातित मसूर दाल पर बेसिक कस्टम ड्यूटी को 30 फीसद से घटाकर 20 फीसद कर दिया गया है। सीतारमण ने बताया कि मसूर दाल पर एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट सेस को 20 फीसद की मौजूदा दर से घटाकर 10 फीसद कर दिया गया है।

# सोने के वायदा भाव में तेजी चांदी की कीमत भी चढ़ी



पायनियर संवाददाता ✓ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

सोने एवं चांदी के वायदा दाम में सोमवार को तेजी देखने को मिली। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर अगस्त, 2021 में डिलिवरी वाले सोने का भाव 160 रुपये यानी 0.34 फीसद की बढ़त के साथ 47,694 रुपये प्रति 10 ग्राम पर ट्रेंड कर रहा था। इससे पिछले सत्र में अगस्त कॉन्ट्रैक्ट वाले सोने का रेट 47,534 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा था। इसी तरह अक्टूबर, 2021 में डिलिवरी वाले सोने का दाम 176 रुपये यानी 0.37 फीसद की तेजी के साथ 47,960 रुपये प्रति 10 ग्राम पर चल रहा था। इससे पिछले सत्र में यानी शुक्रवार को अक्टूबर अनुबंध वाले सोने का रेट 47,784 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा था।

### वायदा बाजार में चांदी की कीमत

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सितंबर, 2021 में डिलिवरी वाली चांदी की कीमत 406 रुपये यानी 0.61 फीसद की बढ़त के साथ 67,430 रुपये प्रति किलोग्राम पर ट्रेंड कर रही थी। इससे पिछले सत्र में चांदी की कीमत 67,024 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही थी। दिसंबर, 2021 में डिलिवरी वाली चांदी की कीमत 405 रुपये यानी 0.59 फीसद की तेजी के साथ 68,580 रुपये प्रति किलोग्राम पर चल रही थी। इससे पिछले सत्र में दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट वाली चांदी की कीमत 68,175 रुपये प्रति किलोग्राम पर चल रही थी।

# लाल निशान पर खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स 192 अंक टूटा; निफ्टी 15, 850 के नीचे फिसला

पायनियर संवाददाता ✓ मुंबई
www.dailypioneer.com

विदेशी कोषों के बाहर जाने और एचडीएफसी, आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे बड़े शेयरों में गिरावट के चलते प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स सोमवार को शुरुआती कारोबार के दौरान 192 अंक से अधिक टूट गया। बाद में 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सूचकांक ने नुकसान की कुछ भरपाई की और खबर लिखे जाने तक 54.98 अंक या 0.10 प्रतिशत गिरकर 52,920.82 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह व्यापक एनएसई निफ्टी 11.55 अंक या 0.07 प्रतिशत गिरकर 15,844.50 पर था। सेंसेक्स में सबसे अधिक एक प्रतिशत की गिरावट एक्सिस बैंक में हुई। इसके अलावा मारुति, एसबीआई, एचडीएफसी और आईसीआईसीआई बैंक भी गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर आईटीसी, टाइटन, इंफोसिस, सन फार्मा, एनटीपीसी और टाटा स्टील को फायदा हुआ। पिछले सत्र में सेंसेक्स 138.59 अंक या 0.26 प्रतिशत बढ़कर 52,975.80 पर और निफ्टी 32 अंक या 0.20 प्रतिशत बढ़कर 15,856.0 पर बंद हुआ था।




## बॉलीवुड

# फिल्म 'शेरशाह' में एक असली हीरो का किरदार निभाने का मौका मिलना सौभाग्य की बात: सिद्धार्थ

अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा ने कहा कि वह भाग्यशाली हैं कि उनकी आने वाली फिल्म 'शेरशाह' में उन्हें एक ऐसे इंसान का किरदार निभाने का मौका मिला जो असल जिंदगी में एक हीरो हैं। फिल्म 'शेरशाह' सिद्धार्थ कारगिल हीरो विक्रम बत्रा की भूमिका निभाते नजर आएंगे। फिल्म कैप्टन बत्रा की बायोपिक है, जिसमें दिखाया जाएगा कि 1999 करगिल युद्ध में उन्होंने सैनिकों का कैसे नेतृत्व किया।

कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर द्रास शहर के 'नेशनल हॉर्स पोलो ग्राउंड' में फिल्म का ट्रेलर लॉन्च करते हुए रविवार को सिद्धार्थ ने कहा, ''यह मेरे लिए काफी भावुक दिन है। विशाल बत्रा जी के साथ पांच साल पहले इस सफर की शुरुआत की थी। पहली बार में किसी असली नायक की भूमिका निभा रहा हूं। 'शेरशाह' में काम करने का अनुभव मात्र केवल एक फिल्म में काम करने जितना नहीं है। उन्होंने कहा, '' मैं भारतीय सेना का शुक्रिया अदा करना चाहूंगा। यह कहानी आपके जैसे सच्चे, असली नायकों की है। मैं खुद को भाग्यशाली समझता हूं कि मुझे यह किरदार निभाने का मौका मिला।'' फिल्म में कियारा आडवाणी भी नजर आएंगी। विष्णुवर्धन फिल्म के निर्देशक हैं, जिन्होंने पहली बार किसी हिंदी फिल्म का निर्देशन किया है। फिल्म 'शेरशाह' 12 अगस्त को 'अमेजन प्राइम वीडियो' पर रिलीज होगी।



### मशहूर अदाकारा जयंती का निधन पांच दशक के लंबे करियर में 500 फिल्मों में किया था काम



**बेंगलुरु।** मशहूर अदाकारा जयंती का सोमवार को निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। वह 76 वर्ष की थीं। अपने पांच दशक से लंबे करियर में जयंती ने विभिन्न भाषाओं में 500 से अधिक फिल्में की। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि उन्हें उम्र संबंधी परेशानियां थीं और कुछ समय से उनका इलाज चल रहा था। जनवरी 1945 को बल्लारी में अंग्रेजी के प्रोफेसर बालासुब्रमण्यम और संथानलक्ष्मी के घर जन्मी कमला कुमारी यानी जयंती ने जेनु गुडू से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। अभिनेता राजकुमार के साथ उन्होंने 40 से अधिक फिल्में की।

जयंती ने तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और हिंदी की फिल्मों में काम किया। जयंती को सात बार कन्नड़ फिल्मफेयर पुरस्कार और दो बार फिल्मफेयर पुरस्कार (दक्षिण) से सम्मानित किया गया। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए ट्वीट किया, '' मशहूर कलाकार जयंती के निधन की खबर से बहुत दुखी हूं। फिल्म उद्योग में उनका बहुत बड़ा योगदान था और उनके निधन से कन्नड़ फिल्म उद्योग को अपूरणीय क्षति पहुंची है। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे और उनके परिवार तथा प्रशंसकों को यह दुख सहन करने की शक्ति।

### अमिताभ बच्चन ने दीपिका पादुकोण और प्रभास की मुख्य भूमिका वाली फिल्म की शूटिंग शुरू की




**मुंबई।** मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने प्रभास और दीपिका पादुकोण की मुख्य भूमिका वाली साइंस फिक्शन आधारित फिल्म की शूटिंग हैदराबाद में शुरू की। फिल्मनिर्माता नाग अश्विन इस फिल्म निर्देशन कर रहे हैं और इसे अभी अस्थायी तौर पर 'प्रोजेक्ट के' कहा जा रहा है। अश्विन, राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने वाली 2018 की फिल्म 'मोहंती' के लिए जाने जाते हैं। निर्माताओं के अनुसार रामोजी फिल्म सिटी में अश्विन 78 वर्षीय अभिनेता के साथ फिल्म के अहम दृश्यों की शूटिंग करेंगे।

प्रभास ने फिल्म की शूटिंग से संबंधित बोर्ड की तस्वीर साझा करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा, '' गुरु पूर्णिमा के मौके पर भारतीय सिनेमा के गुरु के लिए ताली बजाना मेरे लिए सम्मान की बात है। 'प्रोजेक्ट के' की शूटिंग शुरू।'' वहीं बच्चन ने यही तस्वीर अपने इंस्टाग्राम पेज पर शेयर करते हुए लिखा कि यह उनके लिए सम्मान की बात है कि प्रभास ने उनके पहले शॉट पर तलाई बजाई।

### ऑफशोल्डर ड्रेस में मौनी रॉय ने ढाया कहर

टीवी से बॉलीवुड का सफर तय करने वाली मौनी रॉय आज लाखों दिलों की धड़कन बन गईं हैं। मौनी रॉय ने सोशल मीडिया पर अपनी बोल्ड, ग्लैमरलस अदाओं से लोगों का दिल जीतने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। एक बार फिर मौनी रॉय ने अपने गॉर्जियस लुक से इटरनेट का पारा बढ़ा दिया है। यलो हॉट ड्रेस में मौनी को देख फैन्स का दिल संभाले नहीं संभल रहा।



एक्ट्रेस मौनी रॉय ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ बेहद हॉट फोटज शेयर किए हैं। जिसमें वो यलो कलर के डीप नेक और ऑफशोल्डर ड्रेस में नजर आ रहीं है। मौनी इस रिवीलिंग आउटफिट में कातिलाना पोज दिखाती नजर आ रही हैं। मौनी ने फोटो के साथ कैफ्शन में फैन्स को एक चैलेंज भी दिया। मौनी ने लिखा-मुझे आठ बजे नाश्ते के लिए बहुत भूख लगती है... मुझे थिएटर पसंद है इसलिए कभी भी लेट नहीं होती...मैंने पूरी तरह जागकर एक किताब पढ़ी, इसीलिए ज्ज फैन्स को इस फिल्ल इन द ब्लैंक को भरना है।

स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ...



राजीव गांधी किसान न्याय योजना छत्तीसगढ़

# राजीव गांधी किसान न्याय योजना

## न्याय के विस्तार से बढ़ेगी किसानों की आय



### आदान सहायता राशि

- खरीफ 2021 से धान के साथ खरीफ की प्रमुख फसल मक्का, कोदो-कुटकी, सोयाबीन, अरहर तथा गन्ना उत्पादक कृषकों को प्रति वर्ष 9,000 रू. प्रति एकड़ आदान सहायता राशि दी जाएगी।
- वर्ष 2020-21 में जिस रकबे से किसान द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया गया था, यदि वे धान के बदले कोदो-कुटकी, गन्ना, अरहर, मक्का, सोयाबीन, दलहन, तिलहन, सुगंधित धान, अन्य फोर्टिफाइड धान, केला, पपीता लगाते हैं अथवा वृक्षारोपण करते हैं, तो उसे प्रति एकड़ 10,000 रू. आदान सहायता राशि दी जाएगी। वृक्षारोपण करने वाले कृषकों को तीन वर्षों तक आदान सहायता राशि दी जाएगी।

### कृषक का पंजीयन

- लाभ प्राप्त करने हेतु इच्छुक कृषकों को 1 जून से 30 सितंबर 2021 तक राजीव गांधी किसान न्याय योजना के पोर्टल https://rgkny.cg.nic.in में पंजीयन कराना अनिवार्य होगा।

**राजीव गांधी किसान न्याय योजना-2020**

18.45 लाख किसानों को 5628 करोड़ रू. प्रदत्त


**राजीव गांधी किसान न्याय योजना-2021**

21.52 लाख किसानों को 5703 करोड़ रू. प्रदत्त

प्रथम किश्त 1500 करोड़ रू. 21 मई 2021 को प्रदत्त

### पात्रता

- समस्त श्रेणी के भू-स्वामी एवं वन पट्टाधारी कृषक योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु पात्र होंगे।
- संस्थागत भू-धारक कृषक इस योजना अंतर्गत पात्र नहीं होंगे।
- रेगहा/बटाईदार/लीजी कृषक योजना अंतर्गत पात्र नहीं होंगे।
- संबंधित मौसम में भुंइया पोर्टल में संधारित गिरदावरी के आंकड़े तथा कृषक के आवेदन में अंकित फसल व रकबे में से जो भी कम हो, उक्त फसल व रकबे को आदान सहायता राशि की गणना हेतु मान्य किया जाएगा।
- कृषकों को आदान सहायता राशि प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र के साथ राजीव गांधी किसान न्याय योजना पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। अपंजीकृत कृषकों को योजनांतर्गत अनुदान की पात्रता नहीं होगी।
- निर्धारित फसलों पर ही आदान सहायता देय होगी।
- पात्रता निर्धारण करते समय कृषि भूमि सीलिंग कानून के प्रावधानों का ध्यान रखा जाएगा।
- आवेदन-पत्र में गलत जानकारी देकर सहायता राशि प्राप्त करने वाले कृषकों से भू-राजस्व संहिता के प्रचलित प्रावधान अनुसार राशि की वसूली की जाएगी।
- पंजीकृत कृषक की मृत्यु हो जाने पर तहसीलदार के द्वारा परिवार के नामांकित व्यक्ति के नाम से आदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी।



''हमने आपदा को व्यावसायिक अवसर मानने की बजाय इसे संवेदनशीलता के साथ निष्काम सेवा की जरूरत माना। हमारे मार्गदर्शक ने कहा कि किसानों को कर्ज से मत लादो, उनकी जेब में पैसा डालो। इस प्रकार राजीव गांधी किसान न्याय योजना की शुरूआत वर्ष 2020 में हुई और अब इसकी निरंतरता की व्यवस्था कर दी गई है। समृद्ध और खुशहाल किसान, नए छत्तीसगढ़ की नई पहचान बनेंगे''।

**भूपेश बघेल**
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

सेवा-जतन-सरोकार : छत्तीसगढ़ सरकार

छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क

संवाद-29220/1


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403